गुवाहाटी व जोरहाट से एक साथ प्रकाशित

सच से समझौता नहीं

# प्रातः खबर

www.pratahkhabar.com

RNI NO. ASSHIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Thursday, 4 June, 2026 वर्ष 23 अंक 35, गुवाहाटी, गुरुवार 4 जून, 2026, ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष-4 मूल्य : दस रुपये पेज-12

सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म जारी-10

अल्फा में जासूस नहीं बनेंगी आलिया भट्ट-12

# दिल्ली के होटल में आग, 21 की मौत

## ▪ मरने वालों में बांग्लादेश-अफ्रीकी देशों के 17 नागरिक
## ▪ बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी : अधिकारी



**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके की एक तंग गली में स्थित एक होटल में आज भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इनमें वे विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनके बीमार रिश्तेदारों का पास के अस्पतालों में इलाज चल रहा था। मालवीय नगर के हौज रानी स्थित फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुबह करीब 8.30 बजे आग लगी और देखते ही देखते फैल गयी, जिससे लोग स्तब्ध रह गये। कई स्थानीय लोगों सहित बचावकर्मी पांच मंजिला संकरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 40 लोगों को इमारत से निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां 21 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति के तहत होटल को केवल छह कमरों की अनुमति थी, लेकिन वह 25 कमरे का उपयोग कर रहा था। तहखाने में भी कमरे बनाये गये थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही द्वार था। अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच चल रही है। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतकों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से कई मध्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के हैं। उनके परिजनों का इलाज कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित मैक्स अस्पताल में चल रहा था, जिस वजह से वे होटल में ठहरे हुए थे। इलाके से मिले श्यों में संकरी गलियां, लटकते तार और तंग इमारतें बेतरतीब ढंग से एक-दूसरे से सटी हुई दिखाई दे रही हैं। इनमें हवा में उठती आग की ऊंची लपटें भी दिख रही हैं। इमारत के चारों ओर कांच बिखरा पड़ा था। दिल्ली अग्निशमन सेवा, पुलिस और आपदा राहत इकाइयों की टीमों ने धुएं से काली पड़ी इमारत में जीवित बचे लोगों की तलाश की। पीड़ितों को तहखाने से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से अस्पतालों में ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग 'लेमन ग्रीन रेस्तरां' में लगी थी, लेकिन पुलिस ने बाद में स्पष्ट किया कि यह एक होटल की इमारत है। अग्निशमन अधिकारी ए. के. मलिक के अनुसार इमारत में एक तहखाना, भूतल और पांच ऊपरी मंजिलें हैं। रेस्तरां भूतल पर था, जबकि इमारत के बाकी हिस्से का उपयोग होटल के रूप में किया जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है। कई टीमें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। टीमें होटल में मौजूद कमरों की संख्या की जांच कर रही हैं। हर पहलू से छानबीन की जाएगी। कुछ पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी भी घायल हुए हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार तहखाना बंद था और उन्होंने दमकल टीम को दरवाजा खोलने में मदद की। उन्होंने बताया कि तहखाने का दरवाजा खोलने में 20 मिनट से अधिक का समय लगा। हर तरफ भयावह श्य देखने को मिला। जैसे ही इमारत में घना धुआं भर गया और आग तेजी से फैलने लगी, कई लोग खिड़कियों के शीशे तोड़ते और मदद के लिए गुहार लगाते नजर आये। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार एक महिला अपने बच्चे को गोद में लिए इमारत की तीसरी मंजिल से कूद गयी। व्यक्ति ने बताया कि इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा नीचे सड़क पर गद्दे बिछाये गये और एक महिला अपने छोटे बच्चे को गोद में लिए तीसरी मंजिल से कूद गयी। महिला अपने बच्चे के साथ एक गद्दे पर गिरी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। गद्दे बेचने वाले ने ज़मीन शेष पृष्ठ आठ पर

## दिल्ली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में दर्ज की प्राथमिकी

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आज आग लगने के कारण 21 लोगों की मौत के संबंध में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मालवीय नगर स्थित पांच मंजिला होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में आज सुबह भीषण आग गयी। मृतकों में कई विदेशी नागरिक भी हैं, जो मुख्य रूप से मध्य एशिया और अफ्रीकी देशों के थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार फरार होटल मालिक के घर पर एक टीम भेजी गयी। उन्होंने बताया कि टीम होटल मालिक के घर गयी। होटल मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। कई टीमें उसकी तलाश में लगी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह भूतल पर स्थित रेस्तरां में खानसामा पहुंचा और काम शुरू करने से पहले उसने उपकरण चालू किये। कुछ ही देर बाद धमाके जैसी आवाज सुनायी दी और देखते ही देखते पूरी इमारत आग की लपटों में घिर गयी, जिससे ऊपरी मंजिलों पर मौजूद कई मेहमान फंस गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार इमारत में शेष पृष्ठ आठ पर

### शोक संदेश

*नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक : ।*
*न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुत : ।।*

जन्म 25.06.1937



स्वर्गारोहण 03.06.2026

**स्व. तारामणी देवी गिनोड़िया**

(धर्मपत्नी : स्वर्गीय झूमरमल जी गिनोड़िया)

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय **श्रीमती तारामणी देवी गिनोड़िया** का निधन दिनांक 03 जून 2026, बुधवार को हो गया है।

**उनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 04 जून 2026, गुरुवार को दिन के 10.30 बजे हमारे निवास स्थान अंजनी स्टोर्स, जे.बी. रोड, जोरहाट से गड़मुर श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।**

*तदुनसार उनका एकादशा दिनांक 13.06.2026 शनिवार एवं द्वादशा दिनांक 14.06.2026 रविवार को श्री मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी के सत्संग भवन में संपन्न होगा।*

:: शोकाकुल ::

गौरीशंकर गिनोड़िया (भतीजा)
रमेश गिनोड़िया (भतीजा)
पवन गिनोड़िया (भतीजा)
मनोज गिनोड़िया (भतीजा)
सुनील गिनोड़िया (भतीजा)
मंटी अग्रवाल (दौहित्र)
*एवं समस्त गिनोड़िया परिवार*

निवास स्थान

**अंजनी स्टोर्स**

जे. बी. रोड, **जोरहाट** (असम)

मो. : 9435090109, 9435092090

### सुप्रभातम्

समय सबसे बड़ा शिक्षक है। यह हर पल हमें कुछ न कुछ नया और महत्वपूर्ण सिखाता है।

## हिमंत ने की राष्ट्रपति से मुलाकात, राज्य के विकास के लिए मांगा मार्गदर्शन



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को राज्य की तेज आर्थिक प्रगति और भविष्य के विकास के रोडमैप की जानकारी दी। लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति के साथ उनकी यह पहली मुलाकात है, इसलिए इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें और शेष पृष्ठ आठ पर

## आईआईएम गुवाहाटी परिसर के रोडमैप पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री से भी की चर्चा



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद घोषणा की है कि भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) गुवाहाटी की स्थापना की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य प्रस्तावित आईआईएम गुवाहाटी परिसर की रूपरेखा को अंतिम रूप देना था। यह नया परिसर राज्य में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि असम पूर्वी भारत का अगला बड़ा शिक्षा का केंद्र बनने जा रहा है और राज्य सरकार यहां सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को लाने का निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने आईआईएम-गुवाहाटी परिसर की रूपरेखा तय करने के लिए केंद्रीय मंत्री के साथ हुई इस बैठक को बेहद सकारात्मक बताया और असम में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने में उनके सहयोग के लिए आभार शेष पृष्ठ आठ पर

## अखिल गोगोई को मातृ शोक

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** रायजोर दल के प्रमुख और शिवसागर के विधायक अखिल गोगोई की माता प्रियदा गोगोई का आज सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 94 वर्ष की थीं। जोरहाट जिले के बामुनपुखुरी में जन्मी प्रियदा गोगोई ने गुवाहाटी के बामुनीमैदाम इलाके में स्थित एक किराये के मकान में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे तीन बेटियां और एक पुत्र (अखिल गोगोई) छोड़ गयी हैं, जबकि उनके पति और बड़े बेटे का पहले ही देहांत हो चुका था। रायजोर दल के नेताओं ने बताया कि प्रियदा गोगोई ने अखिल गोगोई की राजनीतिक यात्रा में एक मार्गदर्शक की शेष पृष्ठ आठ पर

## विदेश मंत्रालय ने की कुवैत एयरपोर्ट पर हमले की निंदा

**नयी दिल्ली, 3 जून (एजें)।** भारत ने कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हमले की निंदा की है। साथ भारतीय नागरिक की मौत पर संवेदना जतायी है। भारत ने सभी पक्षों से तत्काल हमले रोकने की अपील की है। मंत्रालय ने कहा कि हम कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हमले की निंदा करते हैं, जिसमें एख भारतीय की मौत हो गयी और हमारे कई अन्य नागरिक घायल हुए हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने शेष पृष्ठ आठ पर




## ममता की टीएमसी टूटी : 58 विधायकों ने बनाया अलग गुट

### रिताब्रता को चुना गया विधायक दल का नेता



**कोलकाता, 3 जून (भा)।** तृणमूल कांग्रेस के 58 बागी विधायकों ने निष्कासित विधायक रिताब्रता बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना और आज अपने इस फैसले की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष रथिंद्र बोस को दे दी। यह कदम सदन में विपक्ष की सत्ता संरचना को पूरी तरह बदल सकता है। सूत्रों के अनुसार रिताब्रता, बागी विधायक संदीपन साहा और कई असंतुष्ट विधायक विधानसभा अध्यक्ष से मिले तथा 58 विधायकों के हस्ताक्षर वाले समर्थन पत्र सौंपे। उन्होंने नयी नेतृत्व टीम का भी प्रस्ताव रखा, जिसमें रिताब्रता को विधायक दल का नेता, जावेद खान, संदीपन साहा और शिउली साहा को उप नेता तथा रघुनाथगंज के विधायक अखरुज्जमान को मुख्य सचेतक बनाने की बात कही गयी। यह घटनाक्रम विधानसभा में बागी विधायकों की बैठक के बाद हुआ। विधानसभा में हुई इस बैठक में शामिल कोई भी विधायक कल मध्य कोलकाता में आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के धरने में मौजूद नहीं था। दूसरी शेष पृष्ठ आठ पर

राज्य मंत्रिमंडल विस्तार

## शपथ ग्रहण समारोह की जिम्मेदारी आठ एसीएस अधिकारियों को

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** असम सरकार के विस्तारित मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 5 जून को महानगर के खानापारा स्थित ज्योति-विष्णु अंतर्राष्ट्रीय कला मंदिर में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के सुचारू और सफल संचालन को देखते हुए राज्य सरकार ने आठ वरिष्ठ असम प्रशासनिक सेवा (एसीएस) अधिकारियों को एक विशेष और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इन सभी आठ अधिकारियों को समारोह की स्वागत एवं बैठक व्यवस्था समिति के साथ जोड़ा गया है, ताकि आने वाले मेहमानों और विशिष्ट हस्तियों के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद और व्यवस्थित रहें। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक निर्देशों के तहत इन सभी अधिकारियों शेष पृष्ठ आठ पर

## शाह की अध्यक्षता में शिलांग में आज एनईसी के पूर्ण सत्र की बैठक

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 73वें पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पर्यटन, कृषि, बागवानी और निवेश प्रोत्साहन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। पूर्ण सत्र से पूर्व आज आयोजित बैठक में बांस, अगरवुड, अष्टलक्ष्मी दर्शन और अन्य प्रमुख पहलों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार कल होने वाले पूर्ण सत्र में क्षेत्रीय विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए गठित मुख्यमंत्री उच्चस्तरीय कार्य बलों द्वारा की गयी प्रगति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि पर्यटन, कृषि एवं बागवानी, निवेश शेष पृष्ठ आठ पर




## जब सगी मां के भरण-पोषण के लिए पुलिस को डालनी पड़ी लॉटरी

### कलियुग की पराकाष्ठा



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण, विदारक और मानवीय संवेदनाओं को मर्माहत करने वाली बात और क्या हो सकती है कि जिस मां ने नौ महीने कोख में रखकर जिंदगी दी, उसकी किस्मत का फैसला आज लॉटरी से हो रहा है। तीन निर्दयी बेटियों के बीच अपनी ही 70 वर्षीय बुजुर्ग मां के भरण-पोषण की जिम्मेदारी तय करने के लिए पुलिस को आखिरकार लॉटरी का सहारा लेना पड़ा। इंसानी रिश्तों को तार-तार और मानवता को शर्मसार करने वाली यह दर्दनाक घटना असम के वस्त्रनगरी शुवालकुची में सामने आयी है। एक समय था जब तरुलता दास नाम की यह बुजुर्ग महिला शुवालकुची में अपने पति और तीन बेटियों के साथ किराए के मकान में एक खुशहाल जीवन जी रही थीं। वक्त का पहिया घूमा और पति का साया सिर से उठ गया। बड़ी बेटी की शादी के बाद मंझली और छोटी बेटी ही महिला का सहारा बनीं, लेकिन वक्त बीतने के साथ इन बेटियों के लिए अपनी ही जन्मदात्री मां एक बोझ बन गयीं। बेरहमी की हदें तो तब पार हो गयीं, जब दोनों बेटियों ने अपनी बुजुर्ग मां को बेरहमी से पीटा और गुवाहाटी महानगर की एक सुनसान सड़क पर बेसहारा छोड़ दिया। गड़चुक पुलिस को यह अभागी मां फुटपाथ पर असहाय और गंभीर हालत में तड़पती हुई मिली। पुलिस ने मानवता दिखाते हुए उन्हें बरामद किया और कानूनी प्रक्रिया के तहत शुवालकुची पुलिस को सौंप दिया, क्योंकि वे मूल रूप से वहीं की रहने वाली थीं। असली ड्रामा तब शुरू हुआ, जब शुवालकुची पुलिस ने तीनों बेटियों को थाने में तलब किया। मां को अपने साथ रखने के लिए तीनों में से कोई भी बेटी तैयार नहीं हुई। अपनी सगी मां की जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार करते हुए शेष पृष्ठ आठ पर

पेज : 6 पीएम स्वनिधि योजना : अवसरों का एक सशक्त माध्यम

पेज : 8 पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू

पेज : 9 आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई : 5.62 लाख लीटर वॉश नष्ट

# सीएम ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेप्सिको इंडिया के सीईओ व उद्योग जगत के नेताओं से की मुलाकात



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने नयी दिल्ली में अपने आधिकारिक आवास पर पेप्सिको इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा के साथ एक महत्वपूर्ण और सार्थक बैठक की। इस बैठक के दौरान उन्होंने असम में पेप्सिको इंडिया के चल रहे प्रोजेक्ट्स की प्रगति और आने वाले समय में राज्य के भीतर कंपनी की विस्तार योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए बताया कि असम विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों के लिए एक पसंदीदा केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री की राष्ट्रीय राजधानी की पांच दिवसीय यात्रा का मुख्य उद्देश्य असम में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को रफ्तार देना है। इसी सिलसिले में उन्होंने कई अन्य प्रमुख उद्योगपतियों से भी मुलाकात की, जिनमें लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एस.एन. सुब्रह्मण्यन, भारती एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजन भारती मित्तल और कोलकाता के प्रमुख औद्योगिक घराने रश्मी समूह के प्रतिनिधि शामिल थे। रश्मी समूह का लौह-इस्पात, सीमेंट, बिजली और रसद क्षेत्रों में देशव्यापी कारोबार है। इन सभी मुलाकातों में मुख्यमंत्री ने राज्य की चल रही परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर जोर दिया और असम में और अधिक निवेश को प्रोत्साहित किया। इस संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेशकों को असम की मजबूत कानून व्यवस्था, स्थिर अर्थव्यवस्था, व्यापार करने में आसानी और निवेशक-अनुकूल नीतियों व प्रोत्साहनों से अवगत कराया। असम सरकार के ये प्रयास पिछले वर्ष गुवाहाटी में आयोजित हुए सफल एडवांटेज असम 2.0 : निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन के बाद से और तेज हुए हैं। इस शिखर सम्मेलन में राज्य के बेहतरीन बुनियादी ढांचे, प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों और रणनीतिक संपर्क क्षमता को प्रदर्शित किया गया था, जिससे विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा, पर्यटन और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश के रास्ते खुले हैं। बुनियादी ढांचे के विकास और निवेशकों को बेहतर सुविधाएं देने की अपनी सक्रिय नीतियों के दम पर असम सरकार प्रमुख कॉरपोरेट लीडर्स के साथ लगातार जुड़ रही है, जिससे राज्य पूर्वोत्तर भारत में सबसे तेजी से बढ़ते निवेश केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।

## डीके शिवकुमार बने कर्नाटक सीएम संविधान हाथ में लेकर ली शपथ



**बेंगलुरु, 3 जून (एजें.)।** डीके शिवकुमार ने आज बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नये डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। डीके शिवकुमार ने शपथ समारोह के लिए लोक भवन पहुंचे। उन्होंने वहां संतों का आशीर्वाद लिया। डीके शिवकुमार ने आज बेंगलुरु में पूर्व बीजेपी सीएम और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा से उनके घर पर मुलाकात की। डीके शिवकुमार ने आज बेंगलुरु में पूर्व भाजपा सीएम और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा से उनके घर पर मुलाकात की। नयी कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य नियुक्त किया गया।

### पंचांग




तिथि संवतः प्रथम ज्येष्ठ (अधिक) कृष्ण पक्ष चतुर्थी।
विक्रम संवत 2083 शाके 1948, सूर्य उत्तरायण, ऋतु ग्रीष्म, नव सवंत्सर (रौद्र) तारीख 4 जून गुरुवार।
सूर्योदयकालीन नक्षत्र : उत्तराषाढा।
योग :- शुक्ल प्रातः 9.01 बजे तक इसके बाद ब्रह्म योग रहेगा।
करण-बव प्रातः 10:27 बजे तक तदुपरांत बालव करण रहेगा।
ग्रह विचारः (प्रातः 4.30) सूर्य-वृष, चंद्र-धनु प्रातः 7:40 बजे तक इसके बाद मकर राशि में प्रवेश, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।
राहुकाल : दोपहर 1.30 बजे से 3.00 बजे तक रहेगा।
सूर्योदयः 4.30 बजे सूर्यास्त 6.10 बजे।

**ज्योतिर्विद विकास तिवाड़ी**
**गुवाहाटी मो. 9529781915**

# छत्तीसगढ़ में अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कदम उठाएं : रमेन डेका

**रायपुर, 3 जून (भा)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य की नदियों में हो रहे अवैध और अनियमित रेत खनन को लेकर आज चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। डेका ने कहा कि अत्यधिक खुदाई से नदियों का प्राकृतिक स्वरूप बदल रहा है और इनके पर्यावरणीय संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एक सरकारी बयान के अनुसार यहां लोक भवन में हुई बैठक के दौरान राज्यपाल ने राज्य के खनिज संसाधन विभाग के सचिव पी दयानंद से इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की और विभाग को अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बयान के अनुसार पर्यावरण और जल संसाधनों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए डेका ने कहा कि रेत विकास और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए एक आवश्यक खनिज है, लेकिन इसका अंधाधुंध और अनियंत्रित दोहन गंभीर पारिस्थितिक क्षति का कारण बन रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य में रेत खनन केवल वैज्ञानिक, योजनाबद्ध और विनियमित तरीके से किया जाए ताकि विकास संबंधी आवश्यकताओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाये रखा जा सके। अवैध खनन के प्रतिकूल प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने कहा कि अत्यधिक खुदाई से नदियों का प्राकृतिक स्वरूप बदल रहा है और इनके पर्यावरणीय संतुलन पर बुरा असर पड़ रहा है। विज्ञप्ति में राज्यपाल के हवाले से कहा गया है कि नदी-तल में खुदाई से इनकी जल-संग्रहण क्षमता कम हो रही है। डेका ने इस बात पर जोर दिया कि नदियों और प्रमुख झरनों की जल वहन क्षमता को संरक्षित करने और भूजल पुनर्भरण में सुधार के लिए दीर्घकालिक और प्रभावी उपाय आवश्यक हो गये हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों को रेत खनन गतिविधियों से संबंधित वैज्ञानिक अध्ययन और सर्वेक्षण करने में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने खनिज संसाधन विभाग को रेत के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चौबीसों घंटे निगरानी रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए संपूर्ण खनन प्रबंधन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया।

## कर्नाटक के लोगों का कांग्रेस पर विश्वास ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी : राहुल

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और नये मंत्रिपरिषद को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी (कांग्रेस) में लोगों का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी शासन और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता की नींव बनी हुई है तथा इन गारंटी को पूरा किया जाएगा। राहुल गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को उनके नेतृत्व और सेवा के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने कर्नाटक को मजबूत किया और लाखों लोगों के जीवन में सुधार किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे।

# आदिवासी लड़की के यौन उत्पीड़न मामले में ओडिशा व उप्र के पुलिस प्रमुखों को नोटिस जारी

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने आज कहा कि उसने ओडिशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुखों को उन खबरों को लेकर नोटिस जारी किये हैं, जिनमें कहा गया है कि ढेंकनाल जिले की 17 वर्षीय एक आदिवासी लड़की को झांसी में कथित तौर पर तस्करी करके बेचा गया और लगभग दो वर्षों तक उसका यौन उत्पीड़न किया गया। आयोग ने कहा कि पीड़िता और तीन अन्य लड़कियों को नौकरी दिलाने के बहाने उत्तर प्रदेश में कथित तौर पर तस्करी करके ले जाया गया था। इसने एक बयान में कहा कि स्थानीय वकील की मदद से आदिवासी लड़की भागने में सफल रही और उसने झांसी पुलिस से संपर्क किया। इसके अनुसार हालांकि लड़की का बयान दर्ज किया गया था, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने ओडिशा के लिए ट्रेन टिकट उपलब्ध कराने के अलावा कोई और कार्रवाई नहीं की। बयान में कहा गया है कि लड़की की वापसी पर ओडिशा पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया और मामले की जांच जारी है। आयोग ने कहा कि उसने मीडिया की एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि ओडिशा में ढेंकनाल जिले के कंकदाहाड़ा क्षेत्र की 17 वर्षीय एक आदिवासी लड़की को तस्करी कर बेचा गया और लगभग दो वर्षों तक उत्तर प्रदेश के झांसी में उसका कई बार यौन उत्पीड़न किया गया। इसने कहा कि यदि यह खबर सही है, तो इससे मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठते हैं। आयोग ने कहा कि इसलिए, इसने ओडिशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशकों और ढेंकनाल के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा कि उसे जांच की स्थिति और पीड़िता को राहत एवं पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए उठाये गये कदमों को रिपोर्ट में शामिल किये जाने की उम्मीद है। गत 29 मई को प्रकाशित खबर के अनुसार, पीड़िता को लगभग तीन महीने तक एक घर में कथित तौर पर कैद रखा गया और वहां उसका बार-बार यौन उत्पीड़न किया गया।

## मोदी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर शिवकुमार को दी बधाई

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डी के शिवकुमार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और कहा कि केंद्र सरकार जनकल्याण के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने आज बेंगलुरु में शिवकुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डीके शिवकुमार जी को हार्दिक बधाई। उन्हें उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार जन कल्याण के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगी।

# महाराष्ट्र सरकार की कर्ज माफी योजना एक दिखावा : सपकाल

**मुंबई, 3 जून (भा)।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आज आरोप लगाया कि पात्रता शर्तों के कारण राज्य के आधे से अधिक किसान महायुति सरकार की कृषि कर्ज माफी योजना से बाहर हो सकते हैं और इस योजना को महज एक दिखावा करार दिया। एक दिन पहले ही, राज्य मंत्रिमंडल ने 36,585 करोड़ रुपये की कृषि कर्ज माफी योजना पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान कर्ज-मुक्ति योजना को मंजूरी दी है, जिससे लगभग 56 लाख किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस योजना के तहत दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करने का प्रावधान है। मंत्रिमंडल ने उन किसानों के लिए प्रोत्साहन लाभ देने की भी घोषणा की है जिन्होंने समय पर अपने कर्ज का भुगतान किया है। इस योजना को दिखावा बताते हुए सपकाल ने मांग की कि सरकार सभी किसानों का पूरा बकाया कर्ज माफ करे और उनके ऋण को बट्टे खाते में डालकर हर किसान के भूमि रिकॉर्ड (सात-बारा) को पूरी तरह कर्ज मुक्त घोषित करे।

# तटीय राजमार्ग परियोजना से ओडिशा की अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति : माझी



**भुवनेश्वर, 3 जून (भा)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज कहा कि 8,300 करोड़ रुपये की तटीय राजमार्ग परियोजना को केंद्र से मिली हरी झंडी से राज्य की तटीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, क्षेत्रीय संपर्क बढ़ेगा और लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। माझी का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम) के तहत खुर्दा जिले के रामेश्वर से जगतसिंहपुर जिले के पारादीप तक एक ग्रीनफील्ड तटीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी देने के बाद आया है। इस 160.18 लंबे राजमार्ग का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा और इसकी अनुमानित लागत 8,300.79 करोड़ रुपये है। माझी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति द्वारा रामेश्वर से पारादीप तक 8,300 करोड़ रुपये के तटीय राजमार्ग को मंजूरी मिलने के साथ ही ओडिशा के अवसंरचना विकास में एक नया अध्याय शुरू हो गया है, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हमारे राज्य के विकास और समृद्धि के प्रति अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना संपर्क को मजबूत करेगी, यात्रा के समय को लगभग ढाई घंटे कम करेगी और पर्यटन, व्यापार, रसद और आर्थिक विकास के लिए नये अवसर पैदा करेगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह राजमार्ग खुर्दा, पुरी, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों से होकर गुजरेगा। बयान के मुताबिक स्वर्णिम चतुर्भज का हिस्सा, मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-16 पहले से ही एक छह-लेन का है जो खुर्दा, भुवनेश्वर और कटक जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों से होकर गुजरता है, जबकि एनएच-316 भुवनेश्वर को पुरी से जोड़ता है और आगे सतपाड़ा और कोणार्क तक जाता है। बयान में कहा गया है कि पुरी-सतपाड़ा और पुरी-कोणार्क खंडों के साथ मौजूदा सड़क संरचना खराब है, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा आबादी वाले इलाके से गुजरता है और इसपर स्थानीय यात्रियों का अधिक दबाव रहता है, जिससे यह गलियारा सुचारू लंबी दूरी के वाहन आवागमन के लिए अनुपयुक्त हो गया है। परियोजना के तहत पहले चरण में रामेश्वर से कोणार्क तक नये तटीय राजमार्ग में चार लेन होंगी और द्वितीय चरण में कोणार्क से पारादीप तक पक्की शोल्डर वाली दो लेन की सड़क होगी। यह राजमार्ग 100 किमी प्रति घंटे की गति सीमा के लिए डिजाइन किया जाएगा है और इससे यात्रा दक्षता, क्षेत्रीय आवागमन और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में सुधार होने की उम्मीद है।

# डॉ. लखीनंदन बोरा को दी गयी श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** असम साहित्य सभा के तत्वावधान में आज प्रख्यात साहित्यकार और असम साहित्य सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. लखीनंदन बोरा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। गुवाहाटी स्थित सभा के कार्यालय के सिंहपुरुष राधागोविंद बरुवा सभागार में आयोजित इस विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बोरा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर आयोजित सभा की अध्यक्षता कामरूप महानगर जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष प्रफुल्ल बर्मन ने की, जबकि संचालन और मुख्य वक्तव्य असम साहित्य सभा के महासचिव देवजीत बोरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोरा ने कहा कि असमिया साहित्य जगत में डॉ. लखीनंदन बोरा का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अपनी उपन्यासों, कहानियों, निबंधों और विज्ञान आधारित लेखन के जरिये साहित्य में एक विशिष्ट स्थान बनाया था। साल 1931 में जन्मे डॉ. बोरा असमिया साहित्य के एक चमकते सितारे थे, जिनकी रचनाएं गंगा चिलनीर पाखी और पाताल भैरवी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय और समादृत हैं। असम साहित्य सभा के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने असमिया भाषा और साहित्य के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, जिसे आज सभा अत्यंत आदर और गंभीरता के साथ स्मरण कर रही है। अपने अध्यक्षीय भाषण में बर्मन ने उनके साहित्यिक गौरव को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्ष 2021 में आज ही इस महान रचनाकार का निधन हुआ था। उनके कालजयी उपन्यास पाताल भैरवी के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था, जिसके बाद उन्हें असम उपत्यका पुरस्कार और प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान से भी विभूषित किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में असम साहित्य सभा के कानूनी सलाहकार जयंत देवशर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष मिहिर कुमार बरुवा, कोर कमेटी के सदस्य भूपेंद्र चंद्र शर्मा, प्रदर्शन कला संरक्षण एवं संवर्धन उपसमिति के संयोजक सैयद मारूफ हुसैन, कामरूप महानगर जिला साहित्य सभा के सचिव अरुण महंत और जापरीगोग शाखा साहित्य सभा के सदस्य कृष्णकांत तालुकदार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने डॉ. बोरा की कृति को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## टीएमसी के वरिष्ठ नेता मकान पर अवैध कब्जा जमाने के आरोप में गिरफ्तार

**कोलकाता, 3 जून (भा)।** तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता और पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार को एक महिला के उत्पीड़न और वर्षों तक उसके मकान पर अवैध रूप से कब्जा रखने के आरोप में आज गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता आरती रॉय चौधरी ने आरोप लगाया कि मजूमदार करीब 12 साल पहले किराएदार के तौर पर मकान में रहने आये थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने किराया देना बंद कर दिया और मकान में रहते रहे। महिला ने आरोप लगाया कि तृणमूल नेता ने बार-बार अनुरोध किये जाने के बावजूद मकान खाली करने से मना कर दिया और संपत्ति पर कब्जा बरकरार रखने के लिए राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया।

शुद्धिपत्र

निविदा सूचना संख्या . CON/J-I/IMPHAL/2025-26/02; दिनांक : 17-03-2026. निविदा संख्या : DYCE-C-3-IMP-HV-25-26-02R के लिए शुद्धिपत्र। कार्य का नाम : [illegible] नई बीजी रेलवे लाइन परियोजना के निर्माण कार्य से जुड़े 2 (दो) वर्षों के लिए [illegible] खंड में सुरंगों, छोटे पुलों आदि के निरीक्षण और पर्यवेक्षण हेतु उप सीई/कॉन-III/इम्फाल, [illegible] के आवाजाही के लिए 4 (चार) [illegible] और [illegible] के लिए 5 (पांच) [illegible] वाहन को किराए पर लेना और परिचालन। निविदा मूल्य : ₹ 1,31,73,318.50/- , अग्रिम राशि : ₹2,15,900/- , निविदा जमा करने की तिथि और समय 18-06-2026 से 02-07-2026 को 15:00 बजे तक और खोलने की 02-07-2026 को 15:30 बजे। [illegible] www.ireps.gov.in देखें।

उप सीई/कॉन-3/इम्फाल

पूर्वोत्तर सीमा रेल

निर्माण संगठन

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

[illegible]

# सांस्कृतिक कार्यकर्ता सैकिया को मानद डॉक्टरेट उपाधि



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** एशिया डिजिटल विश्वविद्यालय ने सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यकर्ता नवज्योति सैकिया को मानद डॉक्टरेट उपाधि से विभूषित किया गया। उन्हें यह प्रतिष्ठित उपाधि लगभग 31 वर्षों से सांस्कृतिक जगत में सक्रिय रूप से जुड़े रहने तथा समाज और संस्कृति के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रदान की गयी है। नयी दिल्ली स्थित क्रिएटिव अनलॉक सभागार में आयोजित इस समारोह का संचालन जाने-माने सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यकर्ता महानंद सरकार दत्त ने किया। इस अवसर पर कई प्रख्यात शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. संजय प्रभाकर हरसे, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी डॉ. काशीराम गोविंद पायथाने और सेवानिवृत्त सेना अधिकारी जीवन गोविंद विश्वकर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों के अनेक गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि चंद्रपुर निवासी सैकिया ने राष्ट्रीय स्तर पर डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त कर न केवल अपनी प्रतिभा को साबित किया है, बल्कि अपने पूरे क्षेत्र का नाम भी देश भर में रौशन किया है। उनकी इस प्रेरक उपलब्धि पर चंद्रपुर के विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों तथा उनके अनेक शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# भारत समेत दुनिया पर सूखे का खतरा; 3 महीने तक अल नीनो का असर, केंद्र का निर्देश-राज्य तुरंत एक्शन प्लान लागू करें

नयी दिल्ली, 3 जून (एजें)। भारत समेत दुनिया के कई देशों में आने वाले महीनों में सूखे जैसी स्थिति बनने की आशंका जतायी गयी है। भारतीय मौसम विभाग के बाद अब संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। एजेंसी के अनुसार प्रशांत महासागर में तेजी से बढ़ती गर्मी के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो विकसित होने की 80 प्रतिशत संभावना है, जबकि नवंबर तक इसके बने रहने की संभावना 90 प्रतिशत से अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका असर बारिश, तापमान और कृषि पर व्यापक रूप से देखने को मिल सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा है कि प्रशांत महासागर के समुद्री जल का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे अल नीनो की स्थिति तेजी से विकसित हो रही है। यह मौसमीय घटना वैश्विक स्तर पर वर्षा चक्र को प्रभावित करती है और कई क्षेत्रों में सूखा, बाढ़, हीटवेव तथा चरम मौसम की घटनाओं को जन्म दे सकती है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि अल नीनो मजबूत होता है तो इसका असर एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका समेत दुनिया के कई हिस्सों पर पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार भी फिलहाल धीमी है और इसके केरल पहुंचने में देरी हुई है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके 4 जून के आसपास पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। यदि बारिश में कमी आती है तो इसका सीधा असर कृषि उत्पादन, जल भंडारण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अल नीनो के प्रभाव के बावजूद भारत में मानसून पूरी तरह कमजोर हो, यह जरूरी नहीं है। इसके पीछे दो महत्वपूर्ण मौसमीय सिस्टम जिम्मेदार हो सकते हैं। पहला इंडियन ओशन डायपोल, जिसे हिंद महासागर का अल नीनो भी कहा जाता है। यदि इसका सकारात्मक चरण सक्रिय रहता है तो यह अल नीनो के प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर सकता है। दूसरा मैडेन-जूलियन ऑस्सिलेशन है, जो बादलों और हवाओं का एक वैश्विक चक्र है। जब यह भारत के ऊपर सक्रिय होता है तो कमजोर मानसून के दौरान भी अच्छी बारिश के दौर देखने को मिलते हैं। संभावित सूखे और कमजोर मानसून की आशंका को देखते हुए कृषि मंत्रालय ने सभी राज्यों और संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जिलास्तर पर पहले से तैयार की गयी कार्ययोजनाओं को तुरंत लागू किया जाए। साथ ही किसानों तक मौसम और कृषि संबंधी जानकारी समय पर पहुंचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और कॉल सेंटर सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। अल नीनो एक प्राकृतिक जलवायु प्रक्रिया है, जो तब बनती है। जब प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में समुद्री हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं। इसके कारण दक्षिण अमेरिका के तटवर्ती इलाकों में समुद्र का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। यह गर्म पानी वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण को प्रभावित करता है, जिससे दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मौसम के पैटर्न बदल जाते हैं। भारत में अक्सर अल नीनो का संबंध कमजोर मानसून और कम बारिश से जोड़ा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार समुद्र की सतह के नीचे का पानी सामान्य से लगभग 6 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म पाया गया है। यह अतिरिक्त गर्मी धीरे-धीरे सतह तक पहुंच रही है और अल नीनो को और मजबूत बना सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही कारण है कि आने वाले महीनों में मौसम का स्वरूप अधिक अस्थिर और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

स्वत्वाधिकारी प्रातः खबर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, खबर बिल्डिंग, दूसरा तल्ला, साइकिल फैक्ट्री, कालापहाड़, गुवाहाटी- 781016 के लिए **श्याम सुंदर लाटा** द्वारा प्रकाशित तथा उनके लिए पीजी इंडिया लिमिटेड, मिनी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 (असम) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**E-mail :** pratahkhabar5@gmail.com, pratah_khabar@yahoo.com, **दूरभाष+फैक्स** : 0361-2492131, **मो. :** 091270-70355, **जोरहाट कार्यालय** : 0376-2370042, **फैक्स :** 0376-2370043, **E-mail :** pkhabarjrt@gmail.com
एडिटर इन चीफ : चंद्रप्रकाश शर्मा
*प्रकाशन से उत्पन्न सभी विवाद गुवाहाटी न्यायालय के अधीन।
संपादक : परमेश्वर सिंह

# नमस्कार गुवाहाटी

मंगलवाणी




जीवन में जो भी होता है, वह अच्छे के लिए होता है।

- श्री कृष्ण


प्रातः खबर

गुरुवार, 4 जून, 2026

मौसम

अधिकतम 34
न्यूनतम 25



Ph. : 2548109, 2730431
L. GOPAL JEWELLERS
9-11-14, Kuber A.C. Market
Guwahati - 781001
शुद्ध चांदी के बर्तनों एवं शुद्ध चांदी की सिल्ली व चांदी के सिक्कों का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान
22/22 KDM Gold Jewellery, Hallmark Gold Jewellery Branded Diamond Jewellery.

0361-2601385
9678211156
D. M. Jeweller's
(As You Like We are)
7/8 (L) Akram's Business Fancy Bazar, Guwahati-1
शुद्ध सील चांदी के बर्तन एवं असली सिक्कों का प्रतिष्ठित स्थान
We also deal in 22/22 KDM hallmark Jewelleries


## जुबिन मौत मामला

# सिद्धार्थ की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.स.)।** गौहाटी हाई कोर्ट दिवंगत जुबिन गर्ग की कथित हत्या के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक सिद्धार्थ शर्मा की जमानत याचिका पर कल सुनवाई करेगा। कोर्ट के सूत्रों के मुताबिक मामला जस्टिस पार्थिवज्योति सैकिया की बेंच के सामने सूचिबद्ध किया गया है। जुबिन के मैनेजर रहे आरोपी सिद्धार्थ शर्मा ने फास्ट-ट्रैक कोर्ट में पहले जमानत की याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। जमानत याचिका खारिज होने के बाद शर्मा ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। निचली अदालत ने आरोपों की गंभीरता और मामले की चल रही जांच का हवाला देते हुए उन्हें जमानत देने से मना कर दिया था। शर्मा इस हाई-प्रोफाइल मामले के मुख्य आरोपियों में से एक हैं। यह घटनाक्रम गौहाटी हाई कोर्ट द्वारा नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजिक श्यामकानु महंत की जमानत याचिका पहले ही खारिज कर दिया है। श्यामकानु महंत इस हाइप्रोफाइल मामले के मुख्य आरोपी है। महंत की अर्जी पहले भी फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट के महंत की अर्जी खारिज करने के बाद, विशेष सरकारी अधिवक्ता जियाउल कमार ने कहा था कि हर किसी को सुप्रीम कोर्ट में कोर्ट के आदेश को चुनौती देने का अधिकार है, लेकिन अब कार्रवाई का फोकस ट्रायल की तरफ बढ़ जाएगा। इस मामले में अगली तारीख 8 जून तय की गयी है, जब गवाहों को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। यह कार्रवाई का सिर्फ एक चरण है। कमार ने 29 मई को कहा था कि ज्यादा जरूरी फेज ट्रायल का है, जिसके दौरान कोर्ट गवाहों को सुनेगा, रिकॉर्ड में रखे गये सबूतों को देखेगा और उसके बाद फाइनल फैसला करेगा। केस में एक और डेवलपमेंट में 29 मई को एक फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने शेखरज्योति गोस्वामी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। उन पर निजी फायदे के लिए गर्ग के स्टूडियो से जुड़े म्यूजिकल इक्विपमेंट और दूसरे रिसोर्स का गैर-कानूनी इस्तेमाल करने के आरोप हैं। इस केस ने लोगों में काफी गुस्सा पैदा किया है और जवाबदेही की नयी मांगें उठी हैं, परिवार के सदस्य और इंसाफ चाहने वाले सपोर्टर हाल के कोर्ट के आदेशों का स्वागत कर रहे हैं और इसे निष्पक्ष जांच और ट्रायल पक्का करने की दिशा में जरूरी कदम बता रहे हैं। शर्मा की जमानत अर्जी पर सुनवाई पर करीब से नजर रहने की उम्मीद है क्योंकि केस में कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ रही है।

## उजानबाजार में सड़क हादसा, एक की मौत

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** महानगर के उजानबाजार स्थित सती राधिका उद्यान के सामने आज हुए भयावह सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार त्रिपुरा से चिकित्सा को लेकर पत्नी के साथ विश्वव्रत सिन्हा गुवाहाटी आये थे और सुबह जब सैर कर रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रही ऑल्टो कार ने ठोकर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना के संदर्भ में उनकी पत्नी ने पानबाजार थाने में एक मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दर्ज मामले के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच के शवगृह में रखा गया है। मालूम हो कि घटना के बाद से ही वाहन चालक फरार है। पुलिस वाहन चालक को पकड़ने के लिए अभियान तेज कर दिया है। स्थानीय लोगों ने महानगर में बढ़ रही सड़क दुर्घटना पर चिंता जताते हुए प्रशासन से इस दिशा में कदम उठाने तथा सड़क हादसों को रोकने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# प्रदेश भाजपा गुवाहाटी महानगर जिला कोर कमेटी की अहम बैठक

## चुनाव परिणामों की हुई गहन समीक्षा



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** प्रदेश भाजपा गुवाहाटी महानगर जिला की एक उच्चस्तरीय जिला कोर कमेटी की बैठक हेंग्राबाड़ी स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। इस विशेष सांगठनिक बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी की जमीनी पकड़ को मजबूत करना और भविष्य की चुनौतियों के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक के दौरान हाल ही में संपन्न हुए असम विधानसभा चुनाव के परिणामों और पार्टी के प्रदर्शन की बेहद बारीकी और गंभीरता के साथ विस्तृत समीक्षा की गयी। नेताओं ने हर क्षेत्र के चुनावी समीकरणों पर मंथन किया और उन बिंदुओं को रेखांकित किया जहां पार्टी को और अधिक काम करने की आवश्यकता है। चुनाव समीक्षा के साथ-साथ बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण सांगठनिक और समसामयिक राजनीतिक विषयों पर भी व्यापक चर्चा की गयी। पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय बनाने, नये सदस्यों को जोड़ने तथा सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गयी। उपस्थित पदाधिकारियों ने आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए, जिन्हें सर्वसम्मति से पार्टी की भविष्य की नीतियों में शामिल करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में विधायक दीप्लू रंजन शर्मा, वरिष्ठ नेता विजय गुप्ता और प्रद्युत बरदलै विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला कोर कमेटी के अन्य सभी सदस्यों ने भी बैठक में हिस्सा लिया और चर्चा को सार्थक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ पार्टी के संकल्पों को आगे बढ़ाने और संगठन को एक नयी ऊर्जा व दिशा देने का दृढ़ संकल्प लिया।

## महानगर में एक लाख लगाये जाएंगे अजर, कोपो फूल के पेड़ : प्रद्युत

गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)। गुवाहाटी महानगर को पर्पल सिटी के रुप में विकसित करने के लिए और शहर को प्राकृतिक रुप से बैंगनी रंग में रंगने के लिए एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस पहल की घोषणा दिसपुर के विधायक प्रद्युत बदरलै ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान की। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में बड़े पैमाने पर देश फूल वाले पेड़ लगाकर गुवाहाटी को पर्पल सिटी बनाया जाएगा। 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन इस पहल की शुरुआत की जाएगी। बदरलै ने कहा कि इस पहल का मकसद गुवाहाटी में अलग-अलग स्थानों पर अजर (लेगरस्ट्रोमिया स्पेशिओसा) कंचन और कोपो फूल जैसे देशी प्रजातियों के पेड़ लगाकर शहर की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाना और इससे इकोलॉजिकल लैंडस्केप को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल के पीछे का उद्देश्य शहर को प्राकृतिक रुप से बैंगनी रंग में रंगना है। जब गुवाहाटी में अजर के पेड़ के फूल खिलेंगे, तो देवता भी रुककर इस नजारे की तारीफ करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद न केवल शहर को सुंदर बनाना है, बल्कि मौसमी बैंगनी फूरों के जरिए गुवाहाटी के लिए एक खास पहचान बनाना भी है, ठीक वैसे ही जैसे दुनियाभर के कुछ शहर अपने फूलों वाले पेड़ों से भरी सड़कों के लिए जाने जाते है। बताते चले कि बीते दिनों ही प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गुवाहाटी नगर निगम के मेयर मृगेन शरणिया ने गुवाहाटी को पर्पल सिटी के रुप में बनाने की पहल की घोषणा की थी और शहरवासियों से घरों, चारदिवारियों को बैंगनी रंग में रंगने की अपील की थी।

## चार मवेशी तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** फटाशील आमबाड़ी पुलिस ने दो कारों की आमबाड़ी तीनआली पर तलाशी ली और इस दौरान चुरायी गयी बकड़ियों को बरामद किया। इसके साथ ही चार चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान अफ्रीदी अंसारी (29), इरफान अहमद (29), अजगर अली (42) और संजीव बासफोर (22) के रूप में की गयी है। पुलिस इन चारों से पूछताछ कर रही है।

# अंबुवासी महायोग की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने की उच्चस्तरीय बैठक

## सुरक्षा व सुविधाओं पर हुआ मंथन



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** कामरूप महानगर जिला आयुक्त के कार्यालय स्थित मुख्य सभागार में आगामी 22 जून से 26 जून तक शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक अंबुवासी महायोग के सुचारू संचालन के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस विशेष बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला आयुक्त राजा वैश्य ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और मेले के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों को समय रहते अंतिम रूप देना था। इस बैठक में अंबुवासी के प्रबंधन, नागरिक सुविधाओं और कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सरकारी प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। प्रशासनिक मुस्तैदी को दर्शाते हुए इस बैठक में जालुकबाड़ी के सह-जिला आयुक्त अपूर्व कुमार नाथ सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और नागरिक आपूर्ति विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के लंबे दौर में महायोग के सफल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित आयोजन को लेकर विभिन्न तैयारियों और बुनियादी व्यवस्थाओं पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा की गयी। श्रद्धालुओं के लिए पीने के साफ पानी की व्यवस्था, अस्थायी चिकित्सा शिविरों की स्थापना, स्वच्छता बनाये रखने के लिए चौबीसों घंटे सफाई कर्मियों की तैनाती, परिवहन व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजामों जैसे संवेदनशील विषयों पर गहन मंथन किया गया। इसके साथ ही अतिरिक्त जिला आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों और विभिन्न संगठनों के बीच आपसी समन्वय और बेहतर तालमेल पर विशेष जोर दिया, ताकि मेले के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में तैयारियों की कमान संभालें और यह सुनिश्चित करें कि असम की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर माने जाने वाले इस महाकुंभ में आने वाले किसी भी तीर्थयात्री को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी प्रतिनिधियों ने प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने और इस धार्मिक उत्सव को पूरी गरिमा व भव्यता के साथ संपन्न कराने का दृढ़ संकल्प लिया।

## चार नाबालिग सुरक्षित बरामद

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** वशिष्ठ पुलिस ने अभियान चलाकर चार नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बरामद किया। मालूम हो कि ये नाबालिग लड़किया एक जून को अपने घरों से एक साथ निकली थी और बाद में लापता हो गयी थी। अभिभावकों की ओर से शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने अभियान चलाया और पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से इन नाबालिगों को हावड़ा से सुरक्षित बरामद किया।






# असम आपदा प्रतिरोधी पहाड़ी सड़क विकास परियोजना की शुरुआत



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** विश्व बैंक के सहयोग से चलने वाली असम आपदा प्रतिरोधी पहाड़ी सड़क विकास परियोजना का औपचारिक आगाज हो गया है। आज गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित असम प्रशासनिक कर्मचारी महाविद्यालय सभागार में इसकी पहली कार्यशाला आयोजित की गयी। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के ईएपी सचिव डॉ. जीवन बी, डिमा हसाओ स्वायत्त परिषद के कार्यकारी सदस्य मोनजॉय लांग्थासा, असम लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और विश्व बैंक की टास्क टीम लीडर विजेता बेज्जम मौजूद रहीं। इसके साथ ही राजस्व आपदा प्रबंधन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभागों के अफसरों, सलाहकारों और ठेकेदारों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया और मिलकर इस प्रोजेक्ट के लक्ष्यों और प्राथमिकताओं पर मंथन किया। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना निदेशक अंबमुथन एमपी के स्वागत भाषण और पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ज्वेल तिमुंग द्वारा दी गयी प्रोजेक्ट की जानकारियों के साथ हुई। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत करीब 3,875 करोड़ रुपये है, जिसमें से 3,100 करोड़ रुपये विश्व बैंक दे रहा है और बाकी के 775 करोड़ रुपये असम सरकार लगाएगी। असम के दक्षिणी हिस्से में मौजूद डिमा हसाओ जिले के लिए तैयार किये गये इस परियोजना को अगले 72 महीनों यानी 6 साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मुहिम का सबसे बड़ा मकसद पहाड़ी इलाके में ऐसी सड़कें बनाना है, जो खराब मौसम और आपदाओं को झेल सकें। इसके तहत लगभग 360 किलोमीटर सड़कों को बेहतर किया जाएगा, 148 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत होगी और करीब 155 किलोमीटर सड़कों के रखरखाव के लिए खास ठेका दिया जाएगा। केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि गांवों से माल ढुलाई के रास्ते, रोपवे और बाढ़ या भूस्खलन की समय पर जानकारी देने वाला अर्ली वॉर्निंग सिस्टम भी तैयार किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बदलाव से इलाके के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब पौने दो लाख से ज्यादा लोगों को सीधा फायदा होगा। इनमें स्थानीय किसान, महिलाओं के स्वयं सहायता समूह, छोटे व्यापारी और पर्यटन व ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोग शामिल हैं। कार्यशाला के दौरान हुए तकनीकी सत्रों में आए हुए विशेषज्ञों ने मौसम के मिजाज से खड़ी होने वाली चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधानों पर खुलकर चर्चा की।

## मायुमं कामाख्या शाखा ने राहगीरों में बांटे तरबूज



**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** भीषण गर्मी के इस दौर में सेवा और मानवता के भाव को आगे बढ़ाते हुए आज मारवाड़ी युवा मंच, कामाख्या शाखा द्वारा आठगांव क्षेत्र में 100 किलो तरबूज का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य राहगीरों एवं आमजन को गर्मी से राहत प्रदान करना था। इस पुनीत सेवा कार्य में प्रमोद हरलालका का विशेष सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा, जिसके लिए शाखा हृदय से आभारी है। कार्यक्रम में शाखा की अध्यक्ष नमिता दूधेड़िया, सचिव ममता सेठी, कोषाध्यक्ष नम्रता सुराणा एवं कार्यकारिणी सदस्य कृतिका बाजोरिया, नेहा जैन एवं मेहका जैन की उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया। जनसंपर्क अधिकारी निष्ठा पोद्दार ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच, कामाख्या शाखा निरंतर समाजहित एवं मानव सेवा के ऐसे कार्यों के माध्यम से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करती रहेगी।


### एनईआरजीएस–III सियांग बेसिन ट्रांसमिशन लिमिटेड

(मिसर्स दिनेशचंद्र आर. अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
24, नजफगढ़ रोड, डीसीएम केमिकल के सामने, मोती नगर, नई दिल्ली–110015, दिल्ली, भारत।

**सूचना**

**(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उपधारा (2) के अंतर्गत)**

1. एनईआरजीएस–III सियांग बेसिन ट्रांसमिशन लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय 24, नजफगढ़ रोड, डीसीएम केमिकल के सामने, मोती नगर, नई दिल्ली–110015, दिल्ली, भारत में स्थित है तथा जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित है, ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उपधारा (1) के तहत केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी), नई दिल्ली के समक्ष ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह आवेदन उन ट्रांसमिशन लाइनों, उपकेंद्रों तथा अन्य परिसंपत्तियों के संबंध में है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:–

| क्र. सं. | लाइन/सबस्टेशन का नाम (नोट के अनुसार स्थान) | बीपीसी की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार लाइन की लंबाई/क्षमता | वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्क (आईएनआर) मिलियन प्रति वर्ष | कमीशनिंग शेड्यूल | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश के कायिंग में 400/220 केवी जीआईएस पूलिंग स्टेशन। | 1000 एमवीए, 160 एमवीएआर (बीआर) | 4376.66 | 30 सितम्बर, 2029 | |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश के निगलोक में 400/220 केवी जीआईएस उपकेंद्र। | 1000 एमवीए, 160 एमवीएआर (बीआर) | | | |
| 3 | गोगामुख 400/220/132 केवी (आईएसटीएस) उपकेंद्र का विस्तार। | | | | |
| 4. | कायिंग पीएस–निगलोक पीएस 400 केवी डबल सर्किट (क्वाड) ट्रांसमिशन लाइन। | 95.44 कि.मी. | | | |
| 5. | निगलोक पीएस टु गोगामुख 400 केवी डबल सर्किट (क्वाड) ट्रांसमिशन लाइन। | 138 कि.मी. | | | |

नोट: (i) उपरोक्त सभी तत्वों का स्थान अरुणाचल प्रदेश तथा असम राज्यों में स्थित हैं।
(ii) पूर्ण विवरण के लिए कृपया https://draipl.com पर जाएँ।

2. आयोग के समक्ष दायर किया गया पूरा आवेदन और अन्य दस्तावेज दिनेशचंद्र आर. अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट www.draipl.com पर किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय में भी किया जा सकता है, जो 2 मंजिल, इनक्यूस्पेज, प्लॉट नंबर 17, फेज–4, उद्योग विहार, सेक्टर 18, गुरुग्राम, सरहोल, हरियाणा 122015 में श्री अमित कुमार, एनईआरजीएस–III सियांग बेसिन ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग के कार्यालय में आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार।
3. आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट, अखबार में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग 7वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 के समक्ष आपत्ति (ओं) की एक प्रति के साथ दायर किया जाना चाहिए।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04 जून, 2026

अमित कुमार
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता


# आयकर विभाग ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम




**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** आयकर विभाग ने महानगर के माणिक नगर स्थित आईसीएआई भवन में पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) के लिए नवप्रवर्तित आयकर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर विशेषज्ञों, लेखा परीक्षकों तथा विभिन्न ट्रस्टों, सोसायटियों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य गैर-लाभकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन के उद्घाटन सत्र में कोलकाता के आयकर आयुक्त (छूट) मनीष कुमार झा (आईआरएस), उप आयकर आयुक्त (छूट) बसुकी नाथ झा (आईआरएस) तथा आईसीएआई की गुवाहाटी शाखा (ईआईआरसी) के अध्यक्ष सीए अंजनी कुमार मुंधड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सीए अंजनी कुमार मुंधड़ा ने आयकर अधिनियम, 2025 द्वारा लाए गए महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने हितधारकों के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयकर विभाग की सराहना की। उन्होंने पेशेवर ज्ञान के संवर्धन और विभाग एवं कर विशेषज्ञों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करने के प्रति गुवाहाटी शाखा की प्रतिबद्धता दोहरायी। तकनीकी सत्रों का संचालन मनीष कुमार झा एवं बसुकी नाथ झा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मनीष कुमार झा ने नये आयकर अधिनियम, 2025 में एनपीओ के लिए प्रस्तावित प्रमुख बदलावों की जानकारी दी, जबकि बसुकी नाथ झा ने आयकर अधिनियम, 2025 आयकर नियम, 2026 तथा पंजीकृत एनपीओ पर लागू अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सत्रों में नये कानून के व्यावहारिक प्रभावों तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संगठनों एवं पेशेवरों की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने नये कानून के विभिन्न व्यावहारिक और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम को प्रतिभागियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जो गैर-लाभकारी क्षेत्र के लिए इस विषय की महत्ता और प्रासंगिकता को दर्शाती है। कार्यक्रम का समापन आयकर अधिकारी, वार्ड-2(3), गुवाहाटी एच. जोयो सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन और ज्ञान साझा करने तथा हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के लिए आयकर विभाग और आईसीएआई गुवाहाटी शाखा के प्रयासों की सराहना की। आईसीएआई की गुवाहाटी शाखा (ईआईआरसी) की ओर से जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी है।



प्रातः खबर
गुरुवार, 4 जून 2026

# एक करोड़ की हेरोइन समेत तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सिलचर, 3 जून (खसं)।** कलाईन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दिगोरखाल में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी के संबंध में मिली विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए नाका चेकिंग के दौरान कलाईन की ओर आ रहे एक ट्रक को रोका गया। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में और वीडियोग्राफी के तहत वाहन की तलाशी लेने पर 14 साबुन की पेटियां, जिनमें 170 ग्राम संदिग्ध हेरोइन थी के अलावा एक मोबाइल और ट्रक को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पहचान आजादुद्दीन के रूप में की गयी है। जब्त की गयी हेरोइन की कीमत एक करोड़ रुपये आंकी गयी है।

# कामरूप जिला प्रशासन ने मानसून के दौरान नदी से जुड़ी गतिविधियों पर लगायी रोक

**रंगिया, 3 जून (खसं)।** मौजूदा मानसून सीजन के दौरान लगातार हो रही बारिश के कारण ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कामरूप के जिला आयुक्त देव कुमार मिश्र ने जान-माल के नुकसान को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 के तहत एक निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश नदियों के तेज बहाव, जलस्तर में अचानक वृद्धि, नदी तट के कटाव और पानी के भीतर छिपे खतरों से पैदा होने वाले बढ़ते जोखिमों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। प्रशासन ने मानसून के मौसम के दौरान डूबने और पानी से जुड़ी अन्य दुर्घटनाओं की



बार-बार होने वाली घटनाओं का भी संज्ञान लिया है। आदेश के अनुसार अगले आदेश तक ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों सहित कामरूप जिले की सभी नदियों के पानी में नहाने, तैरने, गोताखोरी करने या प्रवेश करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जनता को ऐसी किसी भी गतिविधि से दूर रहने का भी निर्देश दिया गया है, जिससे उन्हें या दूसरों को डूबने या नदी से जुड़ी दुर्घटनाओं का खतरा हो। पुलिस विभाग, राजस्व अधिकारियों, प्रतिक्रिया एजेंसियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील नदी घाटों और स्थानों पर निगरानी रखने तथा आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 और अन्य लागू कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला आयुक्त ने सभी निवासियों से अत्यधिक सावधानी बरतने और मानसून के मौसम में जीवन की सुरक्षा के लिए अधिकारियों का सहयोग करने का आग्रह किया है।

# मोरिगांव में युवती की हत्या का प्रयास

**मोरिगांव, 3 जून (खसं)।** मोरिगांव जिले के मिकिरभेटा क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आयी है, जहां एक युवक ने कथित रूप से प्रेम संबंध समाप्त होने के बाद एक युवती की हत्या का प्रयास किया। आरोपी की पहचान मिकिरभेटा चारिआली क्षेत्र निवासी रिबुल अली के रूप में हुई है, जो मिकिरभेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती ने हाल ही में आरोपी के साथ अपना संबंध समाप्त कर लिया था। इसके बाद रिबुल अली कथित रूप से उसे ब्लैकमेल करने लगा और कई बार उसके साथ मारपीट भी की। घटना वाली रात लगभग 10:30 बजे आरोपी कथित रूप से युवती के घर पहुंचा और धारदार हथियार से उस पर हमला कर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। हमले के बाद जब पीड़िता और उसके परिवार के सदस्य पुलिस स्टेशन जाने लगे, तब आरोपी और उसके परिजनों ने कथित रूप से रास्ते में उन्हें रोककर दोबारा हमला करने की कोशिश की। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद पीड़िता का परिवार पुलिस स्टेशन पहुंच सका और रिबुल अली तथा उसके दो भाइयों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने रात में ही आरोपियों की तलाश में अभियान चलाया, लेकिन वे फरार होने में सफल रहे।

# दहेज उत्पीड़न के आरोपी पति को महिला संगठन ने दबोचा

**रंगिया, 3 जून (खसं)।** दहेज उत्पीड़न और पत्नी से धोखाधड़ी के मामले में पिछले छह महीने से फरार चल रहे आरोपी राहुल अली को रंगिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की विफलता के बाद स्थानीय महिला संगठन गृहलक्ष्मी महिला कल्याण समाज ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को चांगसारी से पकड़ा और उसे रस्सी से बांधकर रंगिया थाने ले आयी, जहां उसे कानून के हवाले कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंगिया के मोराजान निवासी राहुल अली करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अपने ही गांव की एक युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। बताया जा रहा है कि शादी के कुछ समय बाद ही राहुल और उसके परिजनों ने दहेज की मांग को लेकर



विवाहिता पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार शुरू कर दिया। इस बीच आरोपी ने अपनी गर्भवती पत्नी पर जबरन गर्भपात कराने का भी दबाव बनाया। आखिरकार छह महीने पहले वह पत्नी को मायके भेजकर खुद लापता हो गया था। पीड़ित पत्नी ने रंगिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, लेकिन पुलिस उसका सुराग नहीं लगा पा रही थी। निराश होकर पीड़िता ने गृहलक्ष्मी महिला कल्याण समाज से मदद मांगी। संगठन की महिलाओं को सूचना मिली कि राहुल चांगसारी के गौरीपुर में एक निजी कंपनी में सुरक्षाकर्मी के रूप में काम कर रहा है। महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथों दबोच लिया और गाड़ी में बैठाकर सीधे थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मवेशी तस्करी का भंडाफोड़ चंगुल से बचाये गये 39 पशु

**मोरिगांव, 3 जून (खसं)।** मोरिगांव जिले के जागीरोड अंतर्गत धरमतुल क्षेत्र में पुलिस ने मवेशी तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 39 मवेशियों को बचाया है। धरमतुल पुलिस द्वारा नियमित जांच अभियान के दौरान एएस-23एसी-5391 पंजीकरण संख्या वाले एक संदिग्ध तेल टैंकर को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके भीतर अवैध रूप से छिपाकर ले जाए जा रहे मवेशी मिले। प्राप्त जानकारी के अनुसार मवेशियों को ऊपरी असम से मेघालय की ओर ले जाया जा रहा था। तस्करों ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए तेल टैंकर के भीतर विशेष रूप से छिपाने की व्यवस्था की थी। इस मामले में पुलिस ने मौके से साबिर अहमद और मोजीबुर रहमान नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सभी 39 मवेशियों को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि टैंकर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क की पहचान करने के लिए विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध मवेशी तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भाकपा की मोरिगांव जिला समिति का विरोध प्रदर्शन आज

**जागीरोड, 3 जून (खसं)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मोरिगांव जिला समिति के आह्वान पर 4 जून को जागी रोड इकाई समिति ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। सबेरे दस बजे से जागी रोड कला मंदिर में होने वाले विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मोरिगांव जिला समिति के साथ-साथ जागी रोड इकाई समिति के सभी सदस्य विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार से उन्हें विशेष मांगे हैं कि जागी रोड में प्रस्तावित सेटेलाइट टाउनशिप परियोजना को पूर्ण रूप से रद्द करना, जमीन अधिग्रहण के नाम पर किसानों और स्थानीय लोगों को बेदखल करने की योजना बंद करना तथा उनके जमीन की रक्षा करना आदि।

# एसएसबी ने सीमावर्ती ग्रामीणों के जीवन में फैलायी रोशनी



**कोकराझाड़, 3 जून (खसं)।** भारत-भूटान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सुरक्षा के साथ-साथ जनसेवा की मिसाल पेश की है। छठी वाहिनी एसएसबी, रानीघुली द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष सामुदायिक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। तुकराबस्ती और सोनापुर के ग्रामीणों को मिली राहत छठी वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट रवींद्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक कमांडेंट महामृत्युंजय कुमार पाठक ने किया। सीमा चौकी तुकराबस्ती के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले तुकराबस्ती और सोनापुर गांव में आयोजित इस शिविर में स्थानीय ग्रामीणों को स्ट्रीट लाइटें वितरित की गयी। उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना और लोगों को स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। स्ट्रीट लाइट लगने से न केवल गांव की सड़कों पर सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि ग्रामीणों का दैनिक जीवन भी अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित होगा। ग्रामीणों ने एसएसबी की सराहना की इस नेक कार्य के लिए ग्रामीणों ने एसएसबी का हृदय से आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एसएसबी द्वारा की गयी यह पहल सीमावर्ती जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि बल के इस मानवीय दृष्टिकोण ने उनके और सुरक्षा बलों के बीच के संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया है।

# तेजपुर की लीची की अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ रही लोकप्रियता

**तेजपुर, 3 जून (खसं.)।** तेजपुर के प्रसिद्ध स्वादयुक्त रसभरे लीची को 2016 में जीआई टैग स्वीकृति प्राप्ति के पश्चात राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ती ही जा रही है। वर्ष 2022 मे असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा और मुख्य मंत्री हिमंत विश्व शर्मा के विशेष प्रयासों से कुल 300 क्विंटल लीची का लंदन के लिए निर्यात किया गया था। साथ ही तेजपुर के उच्च गुणवत्ता वाले लीची भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उपहार स्वरुप प्रेषित किये गये थे। इसके बाद असम सरकार के कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा शोणितपुर जिले में माजगांव, केतकीबारी, नापाम, परुआ, परमाइघुली, तथा दोलाबाड़ी आदि इलाकों मे उन्नत किस्म की लीची उत्पादन के लिए 300 हेक्टर भूमि में



खेती की योजना बनायी गयी थी। उल्लेखनीय है कि तेजपुर में प्रायः 10 प्रजाति की लीची का उत्पादन होता है, जिसमे बिलायती, बम्बइया, शाही, पियाजी, इलायची, चाइनीज आदि शामिल है। तेजपुर में लीची उत्पादन की शुरुआत 30 के दशक में असम साहित्य सभा के प्रथम अध्यक्ष साहित्य कन्धारी पद्मनाथ गोहाई बरुवा के तेजपुर पौर सभा के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने के पश्चात शुरू की गयी थी, जब उन्होंने कोलकाता से उन्नत किस्म की लीची के पौधे मंगवाकर पल्टनपुखारी, कोलाबारी, अग्निगढ़ आदि स्थानों पर लगवाये थे। इसके बाद निर्दलीय विधायक कलागुरु विष्णु राभा ने लीची खेती के विकास के लिए नापाम, पंचमाइल,परुआ, परमाइधूली आदि अंचलों में लीची उत्पादन के विकास के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर कटाव को लेकर लोगों की बढ़ी परेशानी

**लमडिंग, 3 जून (खसं)।** लमडिंग-लंका संपर्क मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के अत्यंत महत्वपूर्ण एस-टर्निंग क्षेत्र में व्याप्त भीषण कटाव इन दिनों जनसुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के संदर्भ में गंभीर चिंता का विषय बन गया है। स्थानीय नागरिकों, नियमित यात्रियों तथा परिवहन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न वर्गों ने संबंधित प्राधिकारियों से अविलंब हस्तक्षेप कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा माने जाने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग का उक्त भाग लमडिंग को लंका तथा असम के अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जोड़ता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार राजमार्ग का यह खंड विगत आठ से नौ वर्षों से कटाव की समस्या से प्रभावित है। प्रतिदिन हजारों यात्री वाहन, वाणिज्यिक परिवहन साधन, मालवाहक ट्रक एवं निजी वाहन इस मार्ग से आवागमन करते हैं तथापि अब तक इसके स्थायी पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में अपेक्षित प्रगति दृष्टिगोचर नहीं हुई है। क्षेत्रवासियों



का कथन है कि कटाव के प्रारंभिक संकेत लगभग एक दशक पूर्व परिलक्षित हुए थे। समय के दीर्घ अंतराल तथा जनसामान्य द्वारा निरंतर व्यक्त की गई चिंताओं के बावजूद इस समस्या के निराकरण के लिए कोई स्थायी, वैज्ञानिक एवं दूरदर्शी योजना धरातल पर क्रियान्वित नहीं की जा सकी है। फलस्वरूप मार्ग का उपयोग करने वाले नागरिकों के मध्य असुरक्षा की भावना निरंतर प्रबल होती जा रही है। विशेष रूप से एस-टर्निंग क्षेत्र को अत्यधिक संवेदनशील माना जा रहा है, जहां सड़क की घुमावदार संरचना वाहन चालकों से अतिरिक्त सतर्कता एवं संयम की अपेक्षा करती है। स्थानीय यात्रियों के अनुसार मार्ग की वर्तमान जर्जर अवस्था दुर्घटनाओं की आशंका को कई गुना बढ़ा रही है, विशेषकर वर्षा ऋतु, प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों तथा रात्रिकालीन समय में, जब दृश्यता अत्यंत सीमित हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने यह प्रश्न भी उठाया है कि राष्ट्रीय महत्व के इस महत्वपूर्ण राजमार्ग का एक संवेदनशील भाग इतने वर्षों से उपेक्षा का शिकार क्यों बना हुआ है। अनेक सामाजिक एवं जागरूक नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा संबंधित शासकीय विभागों से तत्काल तकनीकी सर्वेक्षण कराकर संरक्षण, स्थिरीकरण एवं पुनर्निर्माण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आरंभ करने का आग्रह किया है। क्षेत्रवासियों का मत है कि समयोचित हस्तक्षेप न केवल जनसुरक्षा को सुदृढ़ करेगा, अपितु भावी कटाव को नियंत्रित करने, सार्वजनिक अवसंरचना की रक्षा करने तथा इस महत्वपूर्ण परिवहन गलियारे पर यातायात की निर्बाध एवं सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# शहीद कैप्टन गौतम शर्मा की प्रतिमूर्ति का किया गया अनावरण

**विश्वनाथ, 3 जून (खसं)।** देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सेना अधिकारी कैप्टन गौतम शर्मा की स्मृति में स्थापित प्रतिमूर्ति का आज विश्वनाथ के बाघमारा में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। प्रतिमूर्ति का अनावरण सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने किया। प्रतिमूर्ति को प्रख्यात मूर्तिकार मंजीत हाजरिका (मूर्तिकार मंजित) ने खूबसूरती और पूर्णता से तराशा है।1982 में जन्मे कैप्टन गौतम शर्मा का बचपन से ही देश की सेवा करने का सपना था। उन्होंने 2004 में भारतीय सेना की 8वीं जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री में शामिल होकर स्वयं को देश की सुरक्षा और सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और शस्त्र संचालन में उत्कृष्ट दक्षता के लिए फोर्स कमांडर का प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। 3 जून 2007 को जम्मू और कश्मीर के आबाद गुटुर क्षेत्र में एक सैन्य अभियान चलाते समय बहादुर सेना अधिकारी रस्सी की मदद से एक पहाड़ी चट्टान को पार करने की कोशिश करते समय एक गहरी खाई में गिर गये।

# पर्यावरण दिवस के मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




**रंगिया, 3 जून (खसं)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जेसीआई रंगिया रॉयल्स एवं मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का मुख्य विषय पर्यावरण रखा गया, ताकि बच्चों को कला के माध्यम से प्रकृति की महत्ता के प्रति जागरूक किया जा सके। यह कार्यक्रम तीन श्रेणियों में आयोजित हुआ कक्षा 1 से 5 (ग्रुप ए), कक्षा 6 से 8 (ग्रुप बी), एवं कक्षा 9 व 10 (ग्रुप सी)। प्रतियोगिता में स्कूल के 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वे सभी उत्साहपूर्वक अपनी कलाकृतियों को प्रस्तुत करते दिखायी दिये। आयोजन को सफल बनाने में जेसीआई रंगिया रॉयल्स की अध्यक्ष प्रियल क्याल, सचिव श्वेता जाजोदिया, शोभा अग्रवाल, पुनीत क्याल सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुनि आनंद कुमार ने दस किमी की पदयात्रा कर गुरुकुल में बच्चों को दिया मंगल संदेश

**नगांव, 3 जून (नसं)।** आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि आनंद कुमार (कालू) एवं सहयोगी मुनि विकाश कुमार ने आज रूपही से महामृत्युंजय मंदिर तक लगभग 10 किलोमीटर की पदयात्रा कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। मुनि ने विनोद बच्छावत के रूपही स्थित निवास स्थान से विहार प्रारंभ कर महामृत्युंजय मंदिर परिसर स्थित गेस्ट हाउस में प्रवेश किया। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद मुनि ने गुरुकुल में अध्ययनरत बच्चों को मंगल पाठ सुनाया तथा नैतिक जीवन, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। इस अवसर पर नगांव श्रावक समाज के साथ तेजपुर से आये श्रद्धालुओं ने भी मार्ग सेवा का लाभ प्राप्त किया। धार्मिक वातावरण के बीच तेजपुर, गुवाहाटी,



खारूपेटिया और मोरियाबाड़ी से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रावकों ने गेस्ट हाउस में मुनि के दर्शन एवं सेवा का लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान नगांव तेरापंथ सभा ने गुवाहाटी एवं खारूपेटिया तेरापंथ सभाओं के नव निर्वाचित एवं मनोनीत अध्यक्षों का असमिया परंपरा के प्रतीक फूलाम गमोछा से सम्मान किया। गुवाहाटी सभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष रितेश खट्टेर ने नगांव तेरापंथ सभा के नव मनोनीत अध्यक्ष विनोद बोथरा का स्वागत किया। वहीं जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा की कार्यसमिति के सदस्य एवं नगांव सभा के पूर्व अध्यक्ष जीवनमल सुराणा का भी अभिनंदन किया गया। तेरापंथ सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि मुनि आनंद कुमार 4 जून को प्रातः 7 बजे सुगम सिंघी के निवास स्थान से भव्य शोभायात्रा के साथ तेरापंथ भवन में प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा, महिला मंडल एवं तेरापंथ युवक परिषद ने समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मुनिवर के सान्निध्य और सेवा का लाभ लेने का आग्रह किया है।

Onyx®
high technology batteries
An ISO 9001 : 2015 Certified Company
SUPREME POWER INDUSTRIES
Mfg. of all types of Inverter, Automotive & E-Rick Batteries
Mariani Road, Cinnamara, Jorhat (Assam) 785008
E-mail : onyxbatteries@gmail.com
For Trade Enquiry Dial :
94350-52877/91018-74862
DEALER
JORHAT- 99546-01024, 98540-10510, 70026-10137, 94350-96629 NAGAON-94351-62696 LAKHIMPUR- 94351-82787 BORPATHAR-94357-42389 SARUPATHAR- 70020-37117 BOKAJAN- 94351-82777, 70026-02799, 75770-99894, 99545-87019, 70028-58905 AMGURI-73990-23273 SIVASAGAR- 99545-65426, 99545-55870, 94351-56225, 70027-45052 DIBRUGARH- 99544-75308 TINSUKIA- 70027-10942 MOKOKCHUNG- 98626-72609, 84138-48878 DIMAPUR- 94366-02206, 98561-08750, 70051-20250

# एनईसी की बैठक में क्षेत्रीय सहयोग और विकास पर होगा फोकस : सीएम संगमा



**शिलांग, 3 जून (एजें)।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने बुधवार को कहा कि आगामी नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल (एनईसी) की वार्षिक बैठक में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों पर गठित टास्क फोर्सों की सिफारिशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।शिलांग में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री संगमा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री बुधवार शाम को मेघालय की राजधानी पहुंचेंगे, जबकि गुरुवार को होने वाले एनईसी के पूर्ण सत्र में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यपाल शामिल होंगे।उन्होंने कहा कि बैठक में उन रिपोर्टों पर चर्चा होगी, जिन्हें क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन करने हेतु गठित टास्क फोर्सों ने तैयार किया है।मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्वोत्तर के अलग-अलग राज्यों को पर्यटन, युवा मामले, व्यापार और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है।संगमा ने कहा कि मेघालय बैठक में इस बात पर विशेष जोर देगा कि पूर्वोत्तर भारत को एक साझा पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाए, न कि अलग-अलग राज्यों द्वारा अलग-अलग प्रचार किया जाए।उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि पूर्वोत्तर को एक ही पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाए, ताकि यहां आने वाले पर्यटक आसानी से कई राज्यों और पर्यटन स्थलों का अनुभव कर सकें।मुख्यमंत्री के अनुसार, बैठक में क्षेत्र के विकास और नीतिगत मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा होने की संभावना है। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के मंत्री भी विभिन्न विषय उठा सकते हैं।संगमा ने जानकारी दी कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री 5 जून को मेघालय का दौरा करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री के भी अगले 10 दिनों के भीतर शिलांग आने की संभावना है।उन्होंने यह भी पुष्टि की कि वह 11 जून को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लेंगे।गौरतलब है कि एनईसी की यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों के बीच क्षेत्रीय एकीकरण, बेहतर संपर्क व्यवस्था और समन्वित विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है।

## भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध

**इटानगर, 3 जून (एजें)।** अरुणाचल प्रदेश के लोवर सियांग जिले के ऊपरी जिलों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण अकाजन-लिकबाली-बामे सड़क भारी बारिश के कारण आज सुबह कई स्थानों पर अवरुद्ध हो गई, जिससे क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही कई घंटों तक बाधित रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) तारिक न्यितान के अनुसार, भूस्खलन और मलबा जमा होने के कारण सिजी, हाथी नाला और ब्रह्मपुत्र व्यू प्वाइंट पर सड़क अवरुद्ध हो गई। घटना की सूचना मिलते ही, लोवर सियांग जिला प्रशासन ने प्रभावित स्थानों पर अर्थ मूवर्स और एक्सकेवेटर्स तैनात करके तुरंत बहाली के प्रयास शुरू कर दिए। टीमों ने मलबा हटाने और संपर्क बहाल करने के लिए लगातार काम किया। जिला प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित प्रयासों के कारण, दोपहर तक प्रभावित हिस्सों पर यातायात सफलतापूर्वक बहाल कर दिया गया, जिससे यात्रियों और ऊपरी जिलों के निवासियों को राहत मिली। जिला प्रशासन ने यात्रियों को इस मार्ग पर यात्रा करते समय सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि लगातार बारिश से और भूस्खलन और सड़क अवरोध उत्पन्न हो सकते हैं।

# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद, दो उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल, 3 जून (एजें)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक बरामद किए हैं, जबकि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के दो कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस द्वारा बुधवार को जारी सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने मंगलवार को थौबल जिले के यारिपोक थाना क्षेत्र स्थित पेची चिंगलाक इलाके की पहाड़ी तलहटी में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक एके राइफल, एक डबल बैरल बंदूक, दो सिंगल बैरल बंदूकें, तीन 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, चार डेटोनेटर, विभिन्न मैगजीन, 25 जिंदा एके कारतूस, सात 12 बोर कारतूस तथा एक बाओफेंग रेडियो हैंडसेट और चार्जर सहित बड़ी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया। इसके अलावा, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के सक्रिय कैडर कोमोल मुक्तार अबास उर्फ कराती (25) को इम्फाल पूर्व जिले के एंड्रो थाना क्षेत्र अंतर्गत यारिपोक तुलिहाल तौपोकपी स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया। वहीं, एक अलग कार्रवाई में प्रतिबंधित संगठन प्रेपाक (प्रो) के सक्रिय कैडर यांगलेम अनाओबा सिंह उर्फ याम्बा (23) को इम्फाल पश्चिम जिले के वांगोई थाना क्षेत्र अंतर्गत हियांगथांग पुल के पूर्वी हिस्से से गिरफ्तार किया गया। वह इम्फाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई चिंगामाखा यांगलेम लीराक का निवासी है। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि राज्य में उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान लगातार जारी हैं। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देना गलत : पूर्व मंत्री टाकू

**इटानगर, 3 जून (एजें)।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री बिदा टाकू ने बुधवार को अरुणाचल क्रिश्चियन फोरम (एसीएफ) द्वारा अरुणाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (एपीएफआरए), 1978 के तहत नियमों को बनाने और अधिसूचित करने की प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग करते हुए राज्य सरकार को 15 दिनों का अल्टीमेटम देने पर सवाल उठाया और कहा एसीएफ इस मुद्दे पर ईसाई धर्मावलंबियों के बीच भ्रम पैदा कर रहा है। आज अरुणाचल प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बिदा टाकू ने राज्य में अरुणाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (एपीएफआरए) 1978 के नियमों के कार्यान्वयन पर चिंता व्यक्त की और कहा कि किसी भी अंतिम निर्णय से पहले इस मामले पर व्यापक जन परामर्श और सभी हितधारकों के बीच गहन चर्चा की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले पर रचनात्मक संवाद को सुविधाजनक बनाने के लिए 10 दिन की मोहलत देने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि अरुणाचल क्रिश्चियन फोरम (एसीएफ) द्वारा राज्य सरकार को इस मुद्दे पर दिया गया 15 दिन का अल्टीमेटम तकनीकी रूप से गलत है, क्योंकि एसीएफ इस पर ठीक से काम करने में विफल रहा है और एपीएफआरए 1978 की वास्तविक खामियों को इंगित करने या उचित सलाह देने में विफल रहा है, जो ईसाई समुदाय को प्रभावित कर सकती हैं। उनका दावा है कि वास्तव में राज्य का ईसाई समुदाय एपीएफआरए 1978 को पूरी तरह से निरस्त करने की मांग कर रहा है, लेकिन एसीएफ की निरस्त के बजाये उनकी मांगें बदलती रही हैं।

## सिक्किम की महत्वपूर्ण रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण को मंजूरी

**गंगटोक, 3 जून (भा)।** पश्चिम बंगाल कैबिनेट ने बुधवार को जलपाईगुड़ी जिले में 20 एकड़ सरकारी भूमि के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी , ताकि सेवक-रंगपो रेलवे परियोजना के काम को आसान बनाया जा सके, जो इस राज्य को सिक्किम से जोड़ने वाली एक प्रमुख रेल बुनियादी ढांचा योजना है।सरकारी सूत्रों ने कहा कि जलपाईगुड़ी के नागराकाटा की इस जमीन को वन विभाग को हस्तांतरित किया जायेगा, जो बाद में इसे रेलवे परियोजना के लिए सौंप देगा।

# जेम्स पीके संगमा मेघालय रास सीट के लिए एमडीए उम्मीदवार नामित



**शिलांग, 3 जून (एजें)।** मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) ने सर्वसम्मति से नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता जेम्स पी के संगमा को मेघालय में 18 जून को होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपने आम उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। यह निर्णय गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की एक बैठक में लिया गया, जहां चर्चा राज्य से एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार के नामांकन और चयन पर केंद्रित थी। बैठक के दौरान अपनाए गए प्रस्तावों के अनुसार, गठबंधन में सभी दलों के नेताओं को पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व द्वारा चुनाव और एनपीपी के रुख के बारे में जानकारी दी गई। चर्चा के दौरान, गठबंधन के सदस्यों ने अपने-अपने दलों के उम्मीदवारों का प्रस्ताव रखा और अपने उम्मीदवारों को गठबंधन के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में मानने की इच्छा व्यक्त की। हालांकि, एक नाम पर कोई सहमति नहीं होने के कारण, गठबंधन ने अपने सबसे बड़े घटक, एनपीपी द्वारा रखे गए प्रस्ताव का समर्थन करने के अपने स्थापित सम्मेलन का पालन करने का फैसला किया। 'एकजुटता और सर्वसम्मति'। बैठक में बाद में सर्वसम्मति से राज्यसभा चुनाव के लिए जेम्स पी के संगमा को एमडीए के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के एनपीपी के प्रस्ताव का समर्थन किया गया। गठबंधन ने शिलांग संसदीय क्षेत्र के आगामी उपचुनाव पर भी चर्चा की। एमडीए इस बात पर सहमत है कि घटक दल उपचुनाव पर अपना रुख अपनाने के लिए स्वतंत्र होंगे, जिसमें एक उम्मीदवार का समर्थन करना, तटस्थ रहना या पूरी तरह से प्रतियोगिता से दूर रहना शामिल है। संगमा 5 जून को दोपहर 2.30 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए तैयार हैं। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, संगमा ने कहा कि वह एनपीपी और उसके गठबंधन सहयोगियों द्वारा दिए गए समर्थन से 'बहुत आभारी' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ''राज्यसभा सांसद पद के लिए उम्मीदवार।'' उन्होंने मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा, उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसोंग और स्निग्धावभालंग धर के साथ-साथ यूडीपी, एचएसपीडीपी, भाजपा के नेताओं और स्वतंत्र सदस्यों को भी उन पर जताए गए भरोसे के लिए धन्यवाद दिया।

## याचुली में कॉसमॉस फूल के पौधरोपण का अभियान

**इटानगर, 3 जून (एजें)।** सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अरुणाचल प्रदेश के केयी पान्योर जिला प्रशासन ने याचुली स्थित जिला सचिवालय भवन परिसर और पश्चिमी संभागीय आयुक्त के मुख्य द्वार के आसपास कॉसमॉस फूल का व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया। इस पौधरोपण अभियान का उद्देश्य जिला मुख्यालय की सुंदरता को बढ़ाना और सरकारी अधिकारियों, समुदाय के सदस्यों और हितधारकों के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना था। पौधरोपण कार्यक्रम के लिए कॉसमॉस फूल के पौधे और जैविक खाद कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), याचुली द्वारा अपने फार्म से उपलब्ध कराए गए। जिला प्रशासन ने इस पहल में बहुमूल्य सहयोग और योगदान के लिए केवीके याचुली के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में केयी पान्योर की उपायुक्त श्वेता नागरकोटी मेहता; अतिरिक्त उपायुक्त लिखा तेज्जी और सरकारी अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, उपायुक्त ने स्वच्छ, हरित और अधिक सुंदर सार्वजनिक स्थानों के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में समुदाय की निरंतर भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

# मिजोरम में 1.17 करोड़ की हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार



**एजल, 3 जून (एजें)।** मिजोरम पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को सैतुअल में 1.17 करोड़ रुपए की हेरोइन के साथ मणिपुर की एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम पुलिस ने सैतुअल जिले में गाड़ियों की जांच के दौरान यह बरामदगी की।यह जब्ती सैतुअल जिला कार्यकारी बल (डीईएफ) की विशेष टीम ने सैतुअल जिले के केइफांग में एक अचानक जांच अभियान के दौरान की। वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने एक कार को रोका, जो मणिपुर के चुराचांदपुर से आइजोल की ओर जा रही थी।जांच करने पर गाड़ी में सवार लोगों में से एक महिला के कपड़ों के अंदर 50 साबुन के केस छिपे हुए मिले, जिनमें हेरोइन भरी थी। महिला की पहचान चुराचांदपुर जिले के सालबुंग की 51 वर्षीय नेंगशी हाओकिप के रूप में हुई है। जब्त किए गए नशीले पदार्थ का वजन 587 ग्राम है और इसकी बाजार में कीमत लगभग 1,17,40,000 रुपए होने का अनुमान है। पुलिस ने आरोपी महिला का मोबाइल भी जब्त किया है। इसी के साथ आगे की कार्रवाई और मामले की जांच जारी है।नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई का एक ऐसा ही मामला बुधवार को पंजाब से सामने आया, जहां राज्य में नशा और अवैध हथियारों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीमा पार से संचालित एक अंतरराज्यीय हथियार और ड्रग तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.225 किलोग्राम हेरोइन, छह अत्याधुनिक पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए गए।गिरफ्तार आरोपियों से बरामद हेरोइन और हथियारों की मात्रा को देखते हुए माना जा रहा है कि यह नेटवर्क पंजाब में नशे और अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले बड़े गिरोह का हिस्सा है। पुलिस अब इस पूरे मॉड्यूल के अन्य सदस्यों और उसके अंतरराज्यीय तथा सीमा पार संपर्कों की जांच में जुटी हुई है।

## विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव

**इटानगर, 3 जून (एजें)।** अरूणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर नगरपालिका की मेयर लिखा नारी तादर ने राज्य शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि इटानगर क्षेत्र (आईसीआर) के प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव पेश किया है ताकि विद्यार्थियों में कम उम्र से ही स्वच्छता और साफ-सफाई की आदतें विकसित की जा सकें। शिक्षा आयुक्त को लिखे पत्र में तादर ने प्रस्ताव दिया कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिदिन 10 से 20 मिनट का समय स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और व्यक्तिगत स्वच्छता पर केंद्रित जागरूकता गतिविधियों के लिए आवंटित किया जाए। तादर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और विद्यालयों तथा आसपास के समुदायों में स्वच्छता को बढ़ावा देना है। प्रस्ताव के अनुसार, विद्यार्थियों को जैविक और अजैविक कचरे को अलग करने, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका को समझने का महत्व सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रम को प्रारंभिक तीन महीनों के लिए प्रतिदिन लागू किया जाए और बाद में विद्यार्थियों में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को सुदृढ़ करने के लिए इसे नियमित अभ्यास जारी रखा जाए।

# मिजोरम संशोधित निषेध कानून के तहत शराब परमिट करेगा जारी



**एजल, 3 जून (एजें)।** अधिकारियों ने बुधवार, 3 जून को कहा कि मिजोरम सरकार ने संशोधित मिजोरम शराब (निषेध) अधिनियम के प्रावधानों के तहत व्यक्तियों को चिकित्सा आधार पर भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) रखने और उपभोग करने की अनुमति देने वाले विशेष परमिट जारी करने का निर्णय लिया है। राज्य उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग द्वारा मंगलवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पात्र आवेदक जिनकी चिकित्सा स्थिति शराब की खपत को उचित ठहराती है, उन्हें मिजोरम शराब (निषेध) संशोधन अधिनियम की धारा 45 बी (1) के तहत 'रेड कार्ड' परमिट दिया जाएगा। 2025. अधिकारियों ने कहा कि परमिट के लिए आवेदन पत्र राज्य के सभी जिलों के उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स कार्यालयों में उपलब्ध हैं। परमिट एक वर्ष के लिए वैध रहेगा और 5,000 रुपये के शुल्क के भुगतान पर जारी किया जाएगा। यह प्रावधान पिछले साल मार्च में राज्य विधानसभा द्वारा मिजोरम शराब (निषेध) अधिनियम, 2019 में किए गए संशोधन के बाद आया है। विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद संशोधन पारित किए गए। चिकित्सा आधार पर शराब की खपत की अनुमति देने के अलावा, संशोधित कानून गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ घरेलू और विदेशी पर्यटकों को विशेष शराब परमिट जारी करने की भी अनुमति देता है। यह कानून अदरक, केला, ड्रैगन फ्रूट, पैशन फ्रूट, अनानास, आंवला, अमरूद, स्टारफ्रूट, गन्ना, कटहल, तरबूज और हनीड्यू सहित विशेष रूप से स्थानीय रूप से उगाए गए कृषि और बागवानी उत्पादों से उत्पादित स्थानीय वाइन और फल बीयर के निर्माण, बिक्री और आपूर्ति की अनुमति देता है। तरबूज।पिछली मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सरकार के कार्यकाल के दौरान मिजोरम शराब (निषेध) अधिनियम, 2019 के लागू होने के बाद से मिजोरम एक शुष्क राज्य बना हुआ है, जिसने शराब और अन्य शराब से संबंधित पदार्थों के निर्माण, बिक्री, खपत और आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

## टोलगेट पर मवेशियों से भरा वाहन जब्त

**नगांव, 3 जून (एजें)।** नगांव जिले के रहा टोलगेट पर पुलिस ने मवेशियों से भरे एक वाहन को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक समेत कई अन्य लोग मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब्त वाहन के अंदर 12 गायों को रस्सियों से बांधकर ले जाया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में वाहन को रोककर जांच की गई, जिसके बाद मवेशियों को बरामद किया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक और अन्य संबंधित व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है। बरामद मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर भेजने की प्रक्रिया जारी है।

# सत्ताधारी जेडपीएम ने की मिजोरम रास चुनाव के लिए उम्मीदवार की घोषणा




**एजल, 3 जून (एजें)।** सत्ताधारी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने मिजोरम राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। जेडपीएम के उपाध्यक्ष सी. लालनुनेमा ने पार्टी प्रवक्ता के लालतुंगकिमा को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। बुधवार को राजधानी आइजोल में पार्टी ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में, जेडपीएम के उपाध्यक्ष सी. लालनुनेमा ने 18 जून को होने वाले राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के चुनाव के लिए लालतुंगकिमा के नाम की आधिकारिक घोषणा की। मिजोरम की 40 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस का केवल एक विधायक है। इसलिए, अभी यह पक्का नहीं है कि कांग्रेस इस चुनाव में कोई उम्मीदवार उतारेगी या नहीं। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लालरेमरूता रेंथलाई ने कहा कि आने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार न उतारने की संभावना बहुत ज़्यादा है। वैसे, मौजूदा विधानसभा में जेडपीएम के 27 विधायक हैं। दूसरी ओर, मुख्य विपक्षी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के पास 10 विधायक हैं और भाजपा के पास 2 विधायक हैं। पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि एमएनएफ जल्द ही अपने उम्मीदवार की घोषणा कर सकती है।

## गुवाहाटी में तीन दिवसीय वॉटर इंडिया एक्सपो शुरू




**गुवाहाटी 3 जून (ख.सं)।** गुवाहाटी में तीन दिवसीय 'वॉटर इंडिया एक्सपो' का 45वां संस्करण आज से शुरू हो गया है। यह आयोजन 2, 3 और 4 जून तक मनीराम दीवान ट्रेड सेंटर में चलेगा। एक्सपो जल और अपशिष्ट जल उद्योग पर केंद्रित है। तीन दिन के इस एक्सपो में देशभर से तकनीकी प्रदाता, निर्माता, नीति-निर्माता, सलाहकार और उद्यमी शामिल होंगे। आयोजकों को 120 से ज्यादा प्रदर्शकों और 5,000 से ज्यादा आगंतुकों के आने की उम्मीद है। प्रदर्शनी में जल शोधन, रिवर्स ऑस्मोसिस, रीसाइक्लिंग, फिल्ट्रेशन, डिसैलिनेशन, पैकेज्ड पेयजल, यूवी डिसइन्फेक्शन, मेम्ब्रेन, रसायन और घरेलू जल शुद्धिकरण प्रणालियों से जुड़ी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# मिजोरम की अदरक को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की तैयारी : सीएम लालदुहोमा

**एजल, 3 जून (एजें)।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि राज्य सरकार जीआई (भौगोलिक संकेतक) टैग प्राप्त मिजोरम की अदरक को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक प्रीमियम कृषि उत्पाद के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।उन्होंने कहा कि अदरक के उत्पादन, प्रसंस्करण (वैल्यू एडिशन) और बाजार तक पहुंच को बढ़ाने के लिए प्रयास तेज किए गए हैं। मिजोरम को पिछले वर्ष नीति आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर अदरक उत्पादन और इस क्षेत्र में बढ़ते योगदान के लिए 'भारत की अदरक राजधानी' घोषित किया गया था।फॉकलैंड में आयोजित मिजो जिंजर यूएसपी मिशन परियोजनाओं, अरहर (तूर), तिल और सूरजमुखी के लिए मूल्य समर्थन योजना तथा एनसीईएल जिंजर एक्सपोर्ट अवेयरनेस वर्कशॉप के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अदरक मिजोरम की सबसे महत्वपूर्ण फसलों में से एक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) ने इसे राज्य के यूनिक सेलिंग प्रपोजिशन (यूएसपी) के रूप में भी मान्यता दी है।उन्होंने कहा कि मिजोरम की अदरक आकार में भले छोटी होती है, लेकिन इसकी उच्च गुणवत्ता और औषधीय गुण इसे बाजार में विशेष पहचान दिलाते हैं।मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए कच्ची अदरक बेचने के बजाय उसके प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई।उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने डोनर मंत्रालय के सहयोग से सतत खेती और फसल कटाई के बाद प्रबंधन (पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट) परियोजना शुरू की है। इसके तहत मिजोरम के सबसे बड़े अदरक उत्पादक जिले चाम्फाई में चार आधुनिक अदरक प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। इस परियोजना के लिए डोनर मंत्रालय ने 30.13 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है।इस पहल से लगभग 20,000 अदरक उत्पादक परिवारों को लाभ मिलने और करीब 100 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार भी व्यक्त किया।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अदरक तेल और अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पाद विकसित करने की दिशा में भी काम कर रही है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) को किसानों और उत्पादकों को निर्यात प्रक्रियाओं तथा बाजार तक पहुंच के संबंध में प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।किसानों के हित में मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि वर्तमान खरीफ सीजन से मिजोरम में प्रधानमंत्री आशा (पीएम-आशा) मूल्य समर्थन योजना लागू की जा रही है। इसके तहत अरहर (तूर), तिल और सूरजमुखी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी।सरकार ने अरहर (तूर) का एमएसपी 84.50 रुपये प्रति किलोग्राम, तिल का 103.46 रुपये प्रति किलोग्राम और सूरजमुखी का 83.43 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है।इन फसलों की खरीद नेफेड द्वारा मिजोरम कृषि विपणन बोर्ड के सहयोग से निर्धारित संग्रह केंद्रों पर की जाएगी। किसानों को भुगतान सीधे डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मौजूदा एमएसपी योजनाओं के अलावा अब केंद्र सरकार द्वारा तीन और फसलों को मूल्य समर्थन मिलने से किसानों को अतिरिक्त सुरक्षा और बेहतर बाजार अवसर उपलब्ध होंगे।उन्होंने किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), सहकारी समितियों और संबंधित विभागों से इन योजनाओं और परियोजनाओं को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में करीब 250 लोगों ने भाग लिया, जिनमें किसान, एफपीओ प्रतिनिधि, सहकारी समितियों के सदस्य और विभिन्न जिलों के अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम के बाद एनसीईएल की ओर से अदरक निर्यात जागरूकता कार्यशाला भी आयोजित की गई।



| संपादकीय |

## अन्नामलाई का भाजपा से इस्तीफा तमिलनाडु की बड़ी सियासी घटना

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई का पार्टी से इस्तीफा केवल एक व्यक्तिगत राजनीति निर्णय नहीं है, बल्कि यह राज्य की राजनीति और भाजपा की दक्षिण भारत की राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार अन्नामलाई ने पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया और वे एक नये राजनीतिक दल या मंच के गठन की कोशिश में हैं।

अन्नामलाई को भाजपा ने तमिलनाडु में एक आक्रामक, युवा और लोकप्रिय चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया था। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के कारण उनकी छवि साफ-सुथरे और ऊर्जावान नेता की रही है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने तमिलनाडु में अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने का प्रयास किया। हालांकि राज्य की जटिल सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

अन्नामलाई के इस्तीफे के पीछे कई कारण बताये जा रहे हैं। सबसे प्रमुख कारण पार्टी के भीतर रणनीतिक मतभेद माना जा रहा है। विशेष रूप से भाजपा और एआईडीएमके के बीच गठबंधन को लेकर उनकी असहमति चर्चा का विषय रही। राजनीतिक विशेषलकों का मानना है कि अन्नामलाई तमिलनाडु में भाजपा को स्वतंत्र शक्ति के रूप में विकसित करना चाहते हैं, जबकि केंद्रीय नेतृत्व गठबंधन की राजनीति को अधिक व्यावहारिक विकल्प मानता रहा है। यह इस्तीफा भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। तमिलनाडु में पार्टी के पास जनाधार बढ़ाने वाले कुछ नेताओं में अन्नामलाई का नाम प्रमुख था। उनकी लोकप्रियता विशेष रूप से युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच दिखायी देती थी। ऐसे में उनका अलग होना संगठनात्मक मनोबल और चुनावी रणनीति दोनों को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर यह अन्नामलाई के लिए भी जोखिम भरा कदम है। तमिलनाडु की राजनीति लंबे समय से द्रविड़ दलों के प्रभुत्व में रही है। नये दल का गठन करना और उसे जनसमर्थन दिलाना आसान नहीं है। हालांकि यदि वे अपनी व्यक्तिगत लोकप्रियता को राजनीतिक संगठन में बदलने में सफल होते हैं तो राज्य में तीसरे या चौथे विकल्प की राजनीति को नयी दिशा मिल सकती है।

## प. बंगाल सियासी ड्रामा : आखिर क्यों खंड-खंड हो रही टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस का पूरा नाम ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस है, लेकिन चुनाव आयोग से उसे क्षेत्रीय दल की मान्यता प्राप्त है। सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में एक राजनीतिक दल थी या फिर एक निजी कंपनी की तरह संचालित होने वाला संगठन? आलोचकों का आरोप रहा है कि इसकी चेयरपर्सन ममता बनर्जी थीं, मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक बनर्जी, जबकि निर्णय प्रक्रिया पर एक सीमित समूह का प्रभाव था। तृणमूल कांग्रेस 15 वर्षों तक सत्ता में रही। यही सत्ता उसके संगठनात्मक अंतर्विरोधों को ढकने का सबसे बड़ा कारण थी। सत्ता का आकर्षण और सत्ता का भय दोनों ने नेताओं को पार्टी में बनाये रखा। जो नेता पार्टी छोड़कर गये, उनके साथ प्रशासन और पुलिस का व्यवहार कैसा रहा, यह किसी से छिपा नहीं है। शुभेंदु अधिकारी से लेकर अर्जुन सिंह तक अनेक नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाया गया और विभिन्न मामलों में उलझाया गया।

पार्टी से अलग होने वाले प्रमुख नेताओं पर नजर डालें तो 2017 में मुकुल रॉय, 2019 में अर्जुन सिंह, 2020 में शुभेंदु अधिकारी, शिशिर अधिकारी, दिव्येंदु अधिकारी, सब्यसाची दत्ता और जितेंद्र तिवारी, 2021 में दिनेश त्रिवेदी, सोनाली गुहा और राजीव बनर्जी, तथा 2024 में तापस रॉय ने तृणमूल कांग्रेस का साथ छोड़ा। इनमें से कुछ नेता बाद में परिस्थितिवश वापस भी लौटे। ममता बनर्जी के पुराने और भरोसेमंद सहयोगियों को लेकर यह शिकायत लंबे समय से रही कि अभिषेक बनर्जी के दौर में उनकी भूमिका सीमित होती चली गयी। स्वयं ममता बनर्जी भी सार्वजनिक रूप से यह कह चुकी हैं कि कई लोग उनसे अभिषेक को राजनीति से दूर रखने की सलाह देते थे। दूसरी ओर, अभिषेक बनर्जी की अपनी एक टीम थी, जो संगठन और सत्ता दोनों में प्रभावशाली मानी जाती थी। लेकिन आज वही टीम लगभग अदृश्य दिखायी दे रही है।

डायमंड हार्बर में अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के दौरान और उसके बाद भी उनके कई करीबी नेता सक्रिय नहीं दिखे। इसके पीछे एक कारण यह भी माना जा सकता है कि इन नेताओं ने अपना राजनीतिक भविष्य अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व से जोड़ रखा था। उन्हें उम्मीद थी कि ममता बनर्जी के बाद वही पार्टी और सरकार का नेतृत्व करेंगे। सत्ता परिवर्तन के साथ यह संभावना भी कमजोर पड़ गयी। यदि इस टूट और बिखराव के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की जाए, तो आरोपों का केंद्र अभिषेक बनर्जी बनते हैं। उनकी कार्यशैली को लेकर पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता सहज नहीं थे। ममता बनर्जी का प्रभाव और प्रशासनिक कार्रवाई का भय असंतोष को दबाये हुए था। सत्ता से बेदखली के साथ ही यह भय समाप्त हो गया और वर्षों से जमा असंतोष बाहर आने लगा। सत्ता गंवाने के 48 घंटे के भीतर ममता बनर्जी ने अपने आवास पर विधायकों की बैठक बुलायी। बताया जाता है कि 80 विधायकों में से केवल 19 विधायक ही पहुंचे। 2 जून के धरना-प्रदर्शन में भी 120 जनप्रतिनिधियों में से मात्र 14 की उपस्थिति दर्ज हुई। 29 लोकसभा सांसदों में केवल 2 और 13 राज्यसभा सांसदों में केवल 4 सांसद मौजूद थे। यह उपस्थिति स्वयं संगठन की मौजूदा स्थिति का संकेत देती है।

यह घटनाक्रम पहली नजर में महाराष्ट्र की राजनीति जैसा दिखायी देता है, लेकिन दोनों परिस्थितियों में मूलभूत अंतर है। महाराष्ट्र में दल-बदल का उद्देश्य सत्ता में भागीदारी हासिल करना था, जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में है। ऐसे में टूटकर अलग होने वाले नेताओं के सामने तत्काल सत्ता प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की भूमिका है। ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की नजर में इस घटनाक्रम के प्रमुख सूत्रधार ऋतोब्रत्तो बंदोपाध्याय हो सकते हैं, लेकिन असली प्रश्न इससे कहीं बड़ा है। इतनी बड़ी संख्या में विधायक और नेता क्यों अलग हुए? अल्पसंख्यक समुदाय के विधायक भी इस प्रक्रिया में क्यों शामिल हुए? अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले नेता भी क्यों दूर हो गए? इन सवालों का सबसे बड़ा उत्तर शायद यही है कि पार्टी के भीतर संवाद और असहमति की गुंजाइश लगातार कम होती गयी। निर्णय प्रक्रिया कुछ व्यक्तियों तक सीमित होती चली गयी। जब कार्यकर्ताओं और नेताओं को अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिलता, तब संगठन धीरे-धीरे राजनीतिक दल से अधिक एक नियंत्रित संरचना में बदल जाता है। और ऐसी संरचनाओं का बिखराव अक्सर अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय से जमा असंतोष का परिणाम होता है।

- सत्येंद्र प्रताप सिंह

# पीएम स्वनिधि योजना : अवसरों का एक सशक्त माध्यम

**श्री मनोहर लाल**

भारत में शहरीकरण तीव्र गति से बढ़ रहा है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक देश की लगभग 50 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। वर्तमान में शहरी कार्यबल का लगभग 66 फीसदी हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ा है, जो शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इस अनौपचारिक क्षेत्र में पथ विक्रेताओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। फल, सब्जियां, चाय, नाश्ता, कपड़े तथा दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं उपलब्ध कराने वाले ये लाखों विक्रेता न केवल करोड़ों नागरिकों के जीवन को सुगम बनाते हैं, बल्कि शहरी अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करते हैं। इसके बावजूद, लंबे समय तक उनकी औपचारिक बैंकिंग और ऋण तक पहुंच सीमित रही। क्रेडिट हिस्ट्री के अभाव में उन्हें अक्सर ऊंची ब्याज दरों पर अनौपचारिक ऋण लेना पड़ता था, जिससे उनकी आय का बड़ा हिस्सा ऋण चुकाने में खर्च हो जाता था।

भारतीय पथ विक्रेता बदलती वैश्विक परिस्थितियों और विभिन्न आर्थिक व्यवधानों के बीच भी अपनी दृढ़ता और संघर्षशीलता के लिए जाने जाते हैं। पीएम स्वनिधि ने उनकी इस उद्यमशीलता को नयी ऊर्जा प्रदान की है। यह केवल ऋण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सम्मान, पहचानऔर नये अवसरों का एक सशक्त माध्यम बनी है।

योजना की सफलता का प्रमुख आधार Whole of Government Approach रहा, जिसमें केंद्र, राज्य, शहरी स्थानीय निकायों और बैंकिंग संस्थानों के समन्वित प्रयासों ने इसे देशभर अभूतपूर्व रूप से पहुंचाया तथा उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किये।

इस योजना के अंतर्गत लाखों विक्रेताओं के बैंक खाते सक्रिय हुए, उनका वित्तीय व्यवहार दर्ज होने लगा और पहली बार उनके लिए एक औपचारिक क्रेडिट हिस्ट्री का निर्माण हुआ। इससे भविष्य में और अधिक ऋण तथा वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान हुई और वे आज बैंक के सम्मानित ग्राहक और उद्यमी के रूप में उभरे हैं। इस योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू डिजिटल सशक्तिकरण है। यूपीआई और क्यूआर-कोड आधारित भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कैशबैक प्रोत्साहन की व्यवस्था की गयी है। इस पहल ने अभी तक 55 लाख विक्रेताओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा, उनके लेन-देन को पारदर्शी बनाया और उनकी वित्तीय साख को मजबूत किया है।

योजना की सोच केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रही। स्वनिधि से समृद्धि पहल के माध्यम से लाभार्थियों और उनके परिवारों को भारत सरकार की आठ प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। अब तक 50 लाख से अधिक पथ विक्रेता परिवारों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है तथा इन योजनाओं के अंतर्गत 1.52 करोड़ से अधिक लाभ स्वीकृत किये जा चुके हैं। पेंशन, बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं तक पहुंच प्रदान कर यह पहल पथ विक्रेताओं और उनके परिवारों के लिए एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा तंत्र का माध्यम बनी है।

इसके अतिरिक्त एफएसएसएआई के सहयोग से खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किये गए हैं, जिससे विशेष रूप से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की गुणवत्ता, स्वच्छता और ग्राहक विश्वास में वृद्धि हुई है।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी योजना का योगदान उल्लेखनीय रहा है। कुल लाभार्थियों में लगभग 46 फीसदी महिलाएं हैं। इससे उनकी आय, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है।

वर्ष 2023 और 2025 में की गयी इंडिपेंडेंट इम्पैक्ट अस्सेस्मेंट्स ने भी योजना के दूरगामी प्रभावों की पुष्टि की है। लगभग 95 फीसदी लाभार्थियों ने अपने जीवन में पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली से ऋण प्राप्त किया, जो वित्तीय समावेशन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इतना ही नहीं, बल्कि, लगभग 30 फीसदी लाभार्थी पीएम स्वनिधि से आगे बढ़कर अन्य औपचारिक वित्तीय संस्थानों से भी ऋण प्राप्त करने में सफल हुए, जो उनके बढ़ते वित्तीय विश्वास और सुदृढ़ क्रेडिट प्रोफाइल का प्रमाण है।

योजना के लाभार्थियों की आय में औसतन लगभग 20 फीसदी वार्षिक वृद्धि दर्ज की गयी है। इसके साथ ही आवास, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं और बच्चों की शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी सुधार देखा गया है। वर्ष 2023 से 2025 के बीच यूपीआई आधारित लेन-देन का उपयोग लगभग 45 फीसदी से बढ़कर 83 फीसदी तक पहुंच गया है।

योजना के व्यापक और सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए अगस्त 2025 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसके पुनर्गठित स्वरूप को मार्च 2030 तक विस्तारित करने की स्वीकृति प्रदान की।

पुनर्गठित योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं के ऋण की सीमा में वृद्धि की गयी है तथा योजना का दायरा शहरी स्थानीय निकायों से आगे बढ़ाकर Census Towns/Peri Urban तक विस्तारित किया गया है। इसके साथ ही, क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि पथ विक्रेता बदलती आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने उद्यमों को और अधिक सशक्त बना सकें। इसी क्रम में स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरुआत भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा पथ विक्रेताओं को उनकी तत्काल वित्तीय और व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अल्पकालिक ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है।

यद्यपि, पीएम स्वनिधि योजना ने सड़क विक्रेताओं को वित्तीय सशक्तिकरण प्रदान की है, फिर भी आज, कई जगह उन्हें शहर की नियोजन संरचना का हिस्सा नहीं माना जाता है। उन्हें सुनियोजित वेंडिंग स्थानों के अभाव जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। निश्चित स्थान न होने से उनकी आजीविका और ग्राहकों तक पहुंच प्रभावित होती है। इस चुनौती के समाधान हेतु आने वाले वर्षों में, राज्य सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों के द्वारा पथ विक्रेताओं को शहरी नियोजन ढांचे का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस दिशा में एक छोटी-सी पहल - स्ट्रीट फूड हब के माध्यम से उन्हें सुगम एवं व्यवस्थित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे न केवल उनकी आजीविका अधिक सुदृढ़ होगी, बल्कि शहरों की स्वच्छता, सुव्यवस्था और समग्र शहरी वातावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह योजना आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करती है। पीएम स्वनिधि की सफलता इस बात का प्रमाण है कि समावेशी विकास का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंच रहा है।

पीएम स्वनिधि योजना ने पथ विक्रेताओं के लिए वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा का एक प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया है। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह योजना लाखों विक्रेताओं की आजीविका को सशक्त बनाते हुए नयी परिवर्तनकारी कहानियां रचेगी तथा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

***(लेखक केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्री हैं।)***

# पश्चिम एशिया संकट: गल्फ में खेल का असली उस्ताद कौन

**रहीस सिंह**

जो लोग इतिहास से नहीं सीखते, वे उसे दोहराने के लिए अभिशप्त होते हैं। लेकिन उन लोगों के बारे में क्या कहा जाए, जिन्होंने इतिहास से सबक तो सीखे हैं, फिर भी जाकर वही गलतियां दोहराई हैं। जॉर्ज सांतायाना का यह आकलन लोकप्रिय चेतना का हिस्सा हो सकता है, पर यदि न हुआ तो? तो, दुनिया की हर बड़ी घटना एक प्रहसन से अधिक कुछ नहीं रह जाती। यही बात इस समय अमेरिका और ईरान को लेकर कही जा सकती है, जहां अमेरिका अपने युद्ध और उससे जुड़ी नीतियों के इतिहास को जानता, समझता और लिखता आया है। लेकिन यदि ट्रंप के नेतृत्व में वही अमेरिका इतिहास की गलतियों को दोहरा रहा हो, तो बात अजीब अवश्य लगेगी। अजीब इसलिए, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच जो खेल चल रहा है, वह कभी-कभी दो कार्टून पात्रों टॉम एंड जेरी के झगड़े की तरह लगने लगता है। मजे की बात है कि दुनिया इस खेल को टकटकी लगाकर देख और झेल रही है। इससे भी बड़ा मजाक यह कि पाकिस्तान जैसे असफल और हाशिये पर पड़े देश में टॉम मध्यस्थता करने का हुनर देख लेता है। फिर, परिणाम कैसे होंगे? एक तरफ यह बताया जा रहा है कि अमेरिका और ईरान समझौते की पटरी पर आ चुके हैं। ऐसा प्रस्ताव तैयार हो चुका है, जिसमें 60 दिन का युद्धविराम, ईरान को 300 अरब डॉलर की आर्थिक मदद, ईरान में अमेरिकी कंपनियों को निवेश की अनुमति और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक आदि-आदि शामिल हैं। पर, ईरान के विदेश मंत्रालय की तरफ से तो कहा जा रहा है कि परमाणु कार्यक्रम पर कोई बातचीत ही नहीं हो रही।

ट्रंप होर्मुज स्ट्रेट में किसी तरह का टोल न लगने की घोषणा करते हैं, तो दूसरी तरफ ईरान की संसद इस पर अपना दावा मजबूत करने के लिए नया कानून लाने की तैयारी में है, ताकि टोल संबंधी फैसला सिर्फ ईरान और ओमान ले सकें। इसी बीच, यह खबर आ जाती है कि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उनके अनुसार ईरान की सत्ता पर अब पूरी तरह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के कमांडरों का कब्जा हो चुका है और दूसरी तरफ यह खबर कि अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स गोरुक और केश्म द्वीप पर हमला कर दिया है। हालांकि, आईआरजीसी ने भी जवाबी हमले में एयरबेस को निशाना बनाने का दावा किया है। अब आईआरजीसी अमेरिका को भरोसे लायक नहीं मानता और अमेरिका की नजर में ईरानी रेजीम सबसे खराब। फिर डील किससे और कैसे? फर्ज कीजिए कि युद्ध पूर्व की स्थिति बहाल हो जाए, समुद्री मार्ग फिर से खुल जाए, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत सार्थक हो जाए, ऐसा शासन, जिसे सामरिक रूप से मजबूती मिली है, लेकिन सामरिक स्तर पर नुकसान भी हुआ है, फिर से वार्ता की मेज पर लौट आये, तो? तो, दुनिया गहरी सांस लेगी और लोगों को आने वाले विकराल संकट से शायद जल्दी मुक्ति मिल जाएगी। पर, ये उम्मीदें तब बहुत दूर दिखने लगती हैं, जब आप मेक अमेरिका ग्रेट अगेन जैसी यूटोपियाई ग्रंथि के चलते इतिहास से मुंह मोड़ लेते हैं। इस भूल में आप न अपने प्रतिद्वंद्वी का आकलन कर पाते हैं और न उसके चरित्र व ताकत को पहचान पाते हैं। ट्रंप के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है।

वैसे केवल ट्रंप को दोष देना शायद उचित न हो। यह रणनीतिक विफलता तो अमेरिका के हिस्से में आती रही है। दुश्मन की रक्षात्मक क्षमताओं और उसके प्रतिरोध के संकल्प को बहुत कम करके आंकना, जबकि अपनी आक्रामक शक्ति और युद्ध जारी रखने की क्षमता को ज्यादा मानना उसकी आदत में रहा है। तो, अब उसके पास विकल्प क्या हैं? सिर्फ नाकेबंदी और घेरेबंदी तक सीमित रहे अथवा फिर से युद्ध। संभव है कि दूसरे से अधिक निर्णायक परिणाम मिलें, लेकिन किस कीमत पर? यदि लक्ष्य समुद्री मार्गों को खोलना, ईरान को उसकी परमाणु क्षमताओं से वंचित करना और उसकी अवसंरचना को इतना नुकसान पहुंचाना होता कि वह भविष्य में खतरा न बने, तो लड़ाई का स्तर तथा तैयारी कुछ और होती। तब इसका स्वरूप सर्जिकल ऑपरेशन का नहीं होता, बल्कि ऑल आउट वार का होता, वह भी ऐसे देश के खिलाफ, जिसकी आबादी इराक और अफगानिस्तान की संयुक्त आबादी से अधिक है और जिसका सैन्य तथा राजनीतिक नेतृत्व अंतिम व्यक्ति तक लड़ने के लिए तैयार है। लेकिन, अमेरिका ऐसा कर नहीं पाया। तो क्या अब कर पाएगा? शायद हां, पर ऐसी कीमत चुकाने के लिए अधिकांश अमेरिकी तैयार नहीं होंगे। दरअसल, पिछले तीन दशक से अमेरिका अति-आत्मविश्वास और अत्यधिक सतर्कता के पेंडुलम-सी गति करता रहा है, जबकि अमेरिकी नेतृत्व दंभ और भय के बीच झूलता रहा है। इसकी शुरुआत 1991 से हुई, जब उसने कुवैत से इराकी सेना को बाहर निकालने में सफलता पाई। इसके बाद चाहे बिल क्लिंटन हों या जॉर्ज बुश जूनियर, बराक ओबामा हों या बाइडेन, सभी के दंभ अफ्रीका से लेकर इराक तथा सीरिया से लेकर अफगानिस्तान तक उधड़ती हुई देखी गयी। 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी तो एक अव्यवस्थित त्रासदी थी। फिर भी, डोनाल्ड ट्रंप अनावश्यक युद्ध से नहीं बच पाये, जबकि वह अपनी (या घोस्ट राइटिंग) पुस्तक में द आर्ट ऑफ द डील का सिद्धांत 1987 में ही पेश कर चुके हैं। इसलिए, जब उन्होंने चीख कर कहा-यू क्रेजी बास्टर्ड्स, ऑर यू विल बी लिविंग इन हेल, तो लगा ट्रंप को अपनी ही किताब में लिखा हुआ समझ में नहीं आया। सच कहें तो, यह धमकी ट्रंप की हताशा से अधिक कुछ भी नहीं थी।

# दहशत से दृढ़ता तक : दो दशक पूर्व और पश्चात का भारत

**उमेश खंडेलिया**

सन् 2008 का वह समय आज भी अनेक भारतीयों की स्मृतियों में भय, आतंक, असुरक्षा और अनिश्चितता के दौर के रूप में अंकित है। सितंबर को गुवाहाटी से प्रकाशित एक समाचारपत्र की कटिंग में दिल्ली में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के बाद की स्थिति का चित्रण है। शीर्षक था दुआ कीजिए शांति से गुजरे दशहरा। यह केवल एक समाचार नहीं था, बल्कि उस समय के भारत की मनःस्थिति का प्रतिबिंब था, जब त्योहार,बाजार, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर भी लोगों को सुरक्षा की चिंता सताने लगी थी। सन 1980 से 2010 का समय भारतीय आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण वर्षों में से एक माना जाता है, वहीं सन 2008 आतंकी वर्ष। जयपुर, बेंगलुरु, अहमदाबाद, दिल्ली और वर्ष के अंत में मुंबई जैसे बड़े शहर आतंकवादी हमलों से दहल उठे थे। दिल्ली में सितंबर 2008 में करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश जैसे व्यस्त क्षेत्रों में हुए बम धमाकों ने राजधानी को झकझोर दिया था। उसी वर्ष नवंबर में 26/11 का मुंबई हमला तो पूरे विश्व को स्तब्ध कर देने वाला था, जिसमें 166 लोगों की जान चली गयी। 1983 - 2012 तक पाकिस्तानी प्रायोजित आतंकी वारदात की देश की राजधानी दिल्ली में कुल 40 घटनाएं घटी जिसमें 1227 नागरीक घायल हुए वहीं मरने वालों की संख्या 219थी। उस समय भारत कई प्रकार की आतंकवादी चुनौतियों से एक साथ जूझ रहा था। एक ओर सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद था, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद, पूर्वोत्तर में अलगाववादी हिंसा तथा देश के अनेक हिस्सों में नक्सली गतिविधियां भी सक्रिय थीं। आतंकवादी संगठनों का उद्देश्य केवल जनहानि करना नहीं था, बल्कि भारतीय समाज में भय, अविश्वास और अस्थिरता का वातावरण बनाना भी था। यदि हम 2004 से 2008 के बीच की स्थिति देखें तो आतंकवाद जनित हिंसा में प्रतिवर्ष हजारों लोगों की मृत्यु हो रही थी। विभिन्न सुरक्षा अध्ययनों के अनुसार 2008 में आतंकवाद से संबंधित देशभर में कुल मृतकों की संख्या 2500 से अधिक थी, जिसमें नागरिक, सुरक्षा बल और आतंकवादी सभी शामिल थे।

उस समय भारत की सुरक्षा व्यवस्था में आज की तुलना में तकनीकी सुविधाओं का जबर्दस्त अभाव था। निगरानी तंत्र सीमित थे। शहरों में सीसीटीवी नेटवर्क व्यापक नहीं था। विभिन्न एजेंसियों के बीच सूचना-साझाकरण की प्रक्रिया भी उतनी सशक्त नहीं थी जितनी आज है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी संस्था का गठन भी 26/11 के बाद ही हुआ। मुंबई हमले ने स्पष्ट कर दिया था कि आतंकवाद अब केवल सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए व्यापक चुनौती बन चुका है। पिछले एक दशक में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध अपने दृष्टिकोण और क्षमता दोनों में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं। सुरक्षा संरचना में व्यापक सुधार किये गये। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की स्थापना हुई। खुफिया एजेंसियों के आपसी समन्वय को मजबूत किया गया। तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ किया गया। आधुनिक निगरानी प्रणाली, ड्रोन, साइबर इंटेलिजेंस, फेस रिकग्निशन तकनीक और डेटा विश्लेषण आधारित सुरक्षा तंत्र का विस्तार हुआ। आज भारत के अधिकांश बड़े शहर हजारों सीसीटीवी कैमरों और रीयल-टाइम निगरानी प्रणालियों से जुड़े हुए हैं। संदिग्ध वित्तीय लेनदेन, डिजिटल संचार और सीमा पार गतिविधियों पर पहले की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी निगरानी रखी जा रही है। आतंकवादी नेटवर्क की वित्तीय आपूर्ति को रोकने के लिए विमुद्रीकरण जैसे भी कठोर कदम उठाये गये हैं।

सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन आतंकवाद के प्रति राष्ट्रीय नीति और रणनीति में दिखायी देता है। पहले जहां अनेक बार आतंकवादी घटनाओं के बाद मुख्य रूप से जांच और कूटनीतिक विरोध तक सीमित प्रतिक्रिया देखने को मिलती थी, वहीं अब आतंकवाद के विरुद्ध सक्रिय और बहुआयामी रणनीति अपनाई जाने लगी है। सीमा सुरक्षा, खुफिया सूचना, तकनीकी निगरानी, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को एकीकृत रूप से उपयोग किया जा रहा है। ईंट का जबाब पत्थर से देने की नीति अपनायी जाने लगी। इसके अच्छे परिणाम देशवासियों के लिए भी सुखद है। जम्मू-कश्मीर की स्थिति इसका एक प्रमुख उदाहरण है। एक समय ऐसा था जब वहां आतंकवादी घटनाएं और घुसपैठ लगातार बड़ी चुनौती बनी हुई थीं। आज भी खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, किन्तु हिंसा और आतंकवादी गतिविधियों के स्तर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। अनेक अध्ययनों और सुरक्षा रिपोर्टों में यह उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्षों में आतंकवादी घटनाओं की संख्या में दीर्घकालिक गिरावट आयी है।

पूर्वोत्तर भारत में भी स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। असम सहित कई राज्यों में सक्रिय अनेक उग्रवादी संगठनों ने वार्ता का मार्ग अपनाया या उनकी गतिविधियां काफी सीमित हो गईं। जिस असम ने कभी लगातार बम विस्फोटों और हिंसक घटनाओं का दौर देखा था, वहां आज अपेक्षाकृत अधिक स्थिरता और विकास का वातावरण दिखायी देता है। हालांकि चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं, फिर भी पिछले दो दशक की तुलना में स्थिति काफी बदली हुई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षा अभियानों और विकास कार्यक्रमों के संयुक्त प्रयासों का प्रभाव देखा गया है। जिन जिलों को कभी अत्यधिक प्रभावित माना जाता था, वहां अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार सुविधाओं का विस्तार हुआ है। इससे उग्रवादी संगठनों की पकड़ कमजोर हुई है। वैश्विक स्तर पर भी आतंकवाद के स्वरूप में परिवर्तन आया है। आज आतंकवादी संगठन केवल पारंपरिक हथियारों पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड संचार, साइबर नेटवर्क और ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार का उपयोग कर रहे हैं। इसलिए आतंकवाद विरोधी संघर्ष भी अब केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रह गया है। यह एक तकनीकी, वैचारिक और सामाजिक चुनौती बन चुका है।

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स के अनुसार विश्व के अनेक क्षेत्रों में आतंकवाद की चुनौती अभी भी बनी हुई है, यद्यपि वैश्विक स्तर पर आतंकवादी घटनाओं और मृत्यु में दीर्घकालिक गिरावट देखी गयी है। भारत भी आज आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त नहीं है, परंतु उसकी सुरक्षा क्षमता और प्रतिक्रिया तंत्र पूर्व की तुलना में कहीं अधिक मजबूत और संगठित है। उस समय की एक अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी रिपोर्ट में बताया गया था कि 2004 से 2012 के बीच भारत आतंकवाद की गंभीर चुनौती से जूझ रहा था। इस अवधि में दिल्ली 2005 और 2008 के आतंकी हमलों से दहली, जबकि 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया हमला देश के इतिहास की सबसे भयावह घटनाओं में से एक बना। उस समय खुफिया तंत्र की विफलताओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमियों को लेकर व्यापक जनाक्रोश था। जयपुर, पुणे, पटना सहित अनेक शहर ,बाजार, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर बम विस्फोट हुए, जिससे देशभर में भय और असुरक्षा का माहौल बना।

यही एजेंसी का मानना है कि हाल के वर्षों में भारत की आंतरिक सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं पिछले लगभग 25 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर बतायी जा रही हैं। वहीं, मध्य भारत में माओवादी हिंसा भी लगातार कमजोर हुई है। सुरक्षा बलों की सक्रिय कार्रवाई, बेहतर खुफिया समन्वय, विकास कार्यक्रमों तथा पुनर्वास नीतियों के कारण अनेक उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। मुख्य संदेश यह है कि एक समय आतंकवाद से गंभीर रूप से प्रभावित भारत ने बहुआयामी रणनीति, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था और विकासोन्मुखी नीतियों के माध्यम से स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हासिल किया है।

फिर भी यह मान लेना भूल होगी कि खतरा समाप्त हो चुका है। आतंकवाद का स्वरूप बदलता रहता है। आज लोन वुल्फ हमले, साइबर कट्टरपंथ, ड्रोन आधारित घुसपैठ और सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को प्रभावित करने जैसी नयी चुनौतियां सामने हैं। इसलिए सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव, शिक्षा और जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।

2008 के उस समाचारपत्र की पंक्तियां दुआ कीजिए शांति से गुजरे दशहरा आज पढ़ने पर हमें उस दौर की बेचैनी और डर का एहसास कराती हैं। किन्तु साथ ही यह भी स्मरण कराती हैं कि भारत ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए स्वयं को अधिक सक्षम, सजग और सुदृढ़ बनाया है। आज जब देश में करोड़ों लोग त्योहारों, मेलों और सार्वजनिक आयोजनों में अपेक्षाकृत अधिक आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हैं, तब यह केवल सुरक्षा बलों की सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक दृढ़ता का भी प्रमाण है। आतंकवाद ने भारत को कई घाव दिये हैं, अनेक निर्दोष जीवन छीन लिए हैं, लेकिन वह भारतीय समाज की मूल शक्तिएकता, लोकतंत्र और धैर्यको पराजित नहीं कर सका। अतः 2008 और आज के भारत की तुलना हमें केवल सुरक्षा सुधारों की कहानी नहीं बताती, बल्कि यह भी दिखाती है कि एक राष्ट्र कैसे चुनौतियों से सीखकर स्वयं को अधिक मजबूत बना सकता है। यही पिछले अठारह वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि है भय से विश्वास कीमत ओर, असुरक्षा से सजगता की ओर, और दहशत से दृढ़ता की ओर भारत की यात्रा।

# लंबे वैवाहिक मुकदमे सिर्फ कागजों पर शादी बनाये रखते हैं : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** उच्चतम न्यायालय ने 15 साल से अलग रह रहे जोड़े के बीच शादी समाप्त करते हुए कहा है कि वैवाहिक मुकदमों के लंबे समय तक लंबित रहने से विवाह केवल कागजों पर ही कायम रहता है। शीर्ष अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने कई हिंदुओं पर पति के पक्ष में तलाक को मंजूरी दी थी। तलाक मंजूर करने के उपयुक्त कारणों में से एक कारण यह भी था कि पत्नी ने कई मौकों पर यौन संबंध बनाने से इनकार किया था, जो उच्च न्यायालय की नजर में पति के प्रति क्रूरता थी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि भारत की अदालतों ने बार-बार यह स्थापित किया है कि यौन संबंधों से दूरी बनाये रखना गंभीर भावनात्मक तनाव पैदा करता है और विवाह की बुनियाद को कमजोर करता है। पीठ ने कहा कि इसलिए उच्च न्यायालय का निष्कर्ष बरकरार रखा जाता है। प्रतिवादी पति की अपील को स्वीकार करते हुए दी गयी तलाक की डिक्री (आदेश) को बरकरार रखा जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके कई फैसलों में यह माना गया है कि बिना किसी उचित कारण के लगातार यौन संबंधों से इनकार करने सहित विभिन्न दांपत्य अधिकारों से वंचित करना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है और हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13(1)(आई ए) के तहत यह तलाक का एक वैध आधार है। पीठ ने रेखांकित किया कि चिकित्सक दंपति की शादी दिसंबर 2007 में हुई थी। पत्नी गुजरात में और पति राजस्थान में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। शीर्ष अदालत ने न्याय सुनिश्चित करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि इस जोड़े के बीच वैवाहिक बंधन को समाप्त किया जाना उचित है क्योंकि यह स्पष्ट था कि यह बंधन पूरी तरह से टूट चुका है और इसके अब पटरी पर आने की गुंजाइश बची नहीं है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के पिछले साल फरवरी में दिये गये आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील पर दो जून को अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने पति की अपील मंजूर कर ली थी और तलाक की अनुमति दे दी थी। उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में यह पाया कि दोनों पक्ष 15 से अधिक वर्षों से अलग रह रहे थे और उनसे कोई संतान नहीं थी। इतना ही नहीं अदालतों द्वारा बार-बार किये गये प्रयासों के बावजूद, कोई सुलह नहीं हुई। पीठ ने कहा कि विवाह अपने कानूनी और संवैधानिक आयाम में कभी भी व्यक्तिगत अधिकारों के मात्र एक संविदात्मक मिलन तक सीमित नहीं किया जा सकता है और न ही इसे वैवाहिक अधिकारों की याचिका के संकीर्ण दृष्टकोण से देखा जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि वैवाहिक अधिकार एकतरफा अस्तित्व में नहीं होते हैं और ये वैवाहिक कर्तव्यों के संरचनात्मक प्रतिरूप हैं। इसने कहा कि मानसिक क्रूरता के आरोपों का मूल्यांकन करते समय विवाह के बुनियादी पहलुओं से लगातार पीछे हटना कानूनी परिणामों का कारण बन सकता है। पीठ ने कहा कि इस मामले में पक्षों के आचरण से यह स्पष्ट था कि सहवास की छोटी अवधि के दौरान भी वे अपनी वैवाहिक जिम्मेदारियों को निभाने में विफल रहे। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह अदालत इस दृष्टकोण के प्रति सचेत है कि अदालतों का रुख विवाह की पवित्रता को बनाये रखने का होना चाहिए और किसी भी एक पक्ष के केवल कहने भर से तलाक देने में अदालत को संकोच करना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस मामले में दंपति बहुत लंबे समय से अलग रह रहे थे और इस विवाह में कोई पवित्रता नहीं बची थी। इसने कहा कि हालांकि पत्नी द्वारा यह दावा किया गया था कि उसने गुजरात में अपनी नौकरी छोड़ दी थी और राजस्थान में रहने लगी थी, लेकिन इन दावों की पुष्टि करने के लिए रिकॉर्ड पर कोई सबूत नहीं आया है। पीठ ने कहा कि इसके विपरीत रिकॉर्ड पर मौजूद सबूत इस दलील के उलट हैं और इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि वह (पत्नी) अब भी गुजरात में अपनी नौकरी जारी रख हुए है। उसकी ओर से पति के साथ रहने की कोई मंशा प्रतीत नहीं होती है, क्योंकि कथनी और करनी में फर्क है।

## अन्नामलाई के इस्तीफे की अटकलों के बीच स्पष्टीकरण की मांग

**चेन्नई, 3 जून (भा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं, विशेषकर युवा मोर्चे के सदस्यों ने आज पार्टी नेतृत्व से स्थिति पर आधिकारिक स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया। अन्नामलाई के भाजपा से बाहर अपना राजनीतिक रास्ता चुनने के रुख का समर्थन करते हुए उनके समर्थकों ने मदुरै में पोस्टर लगाए, जिनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को अभिनेता रजनीकांत और अजित के साथ हाथ मिलाते हुए दिखाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव आर. योगेश ने कहा कि अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने की अफवाहों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भ्रम की स्थिति है। कई लोग चिंतित हैं और कुछ पार्टी से दूरी बनाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व को इस महत्वपूर्ण समय में कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करने के लिए त्वरित कदम उठाने चाहिए। योगेश ने एक्स पर कहा कि प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को वीडियो संदेश या आधिकारिक पत्र जारी करके स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की स्पष्टता से गलत सूचनाओं को रोका जा सकता है, विश्वास बहाल किया जा सकता है और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखा जा सकता है। इसी बीच अन्नामलाई के इस्तीफे की अटकलों के बीच भाजपा की मदुरै इकाई के प्रदेश अध्यक्ष एमसी मुरुगमणी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले अन्नामलाई ने दो जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नयी दिल्ली में मुलाकात की थी। हालांकि आधे घंटे की बैठक में क्या चर्चा हुई, यह आधिकारिक तौर पर नहीं बताया गया, लेकिन पार्टी सूत्रों के अनुसार अन्नामलाई से इस्तीफे की अपनी योजना पर आगे नहीं बढ़ने के लिए कहा गया है।

# पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू

## पहले चरण में 28.25 लाख महिलाओं को हर माह मिलेंगे 3,000 रुपये




**कोलकाता, 3 जून (भा)।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आज महिलाओं के लिए अन्नपूर्णा योजना की शुरुआत की और घोषणा की कि पहले चरण में 28.25 लाख लाभार्थियों को हर महीने 3,000 रुपये की सहायता मिलेगी। यह योजना इस साल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रमुख चुनावी वादों में से एक थी। इस योजना ने पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार की लक्ष्मी भंडार योजना की जगह ली है, जिसके तहत करीब 2.42 करोड़ महिलाओं को अधिकतम 1,500 रुपये प्रति माह मिलते थे। योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पिछले तीन दिनों में 28.25 लाख महिलाओं के आवेदन का सत्यापन करके उन्हें संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया अगले तीन महीने तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जारी रहेगी और खंड विकास कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों और नामित सरकारी केंद्रों पर आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। शुभेंदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि नये आवेदन स्वीकार किये जाते रहेंगे और सभी पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा तथा 3,000 रुपये लाभार्थियों के खातों में अंतरित किये जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले। नये सिरे से पंजीकरण प्रक्रिया का बचाव करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया, क्योंकि पता चला था कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची से स्थायी रूप से नाम हटाये जाने के बावजूद कई लोग लक्ष्मी भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लोगों का धन केवल पात्र भारतीय नागरिकों तक पहुंचे और किसी गैर-भारतीय को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने दिया जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिनके मामले न्यायाधिकरणों में अपील के अधीन हैं और जिन हिंदू शरणार्थियों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन किया है, वे भी इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अपर्याप्त सत्यापन तंत्र का फायदा उठाकर अपात्र लाभार्थियों ने महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायाउन्होंने कहा कि नयी आवेदन और सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं को रोकने के लिए शुरू की गयी है। मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन भी दिया कि जो लोग खुद नामांकन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते, जरूरत पड़ने पर सरकारी कर्मचारी घर जाकर उनकी मदद करेंगे। सरकार हर सात दिन में सत्यापित लाभार्थियों की संख्या और नये नामांकनों की नियमित जानकारी साझा करेगीमुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि टीम घर-घर जाकर फॉर्म भरने में मदद करेंगी और अगर किसी की पात्रता रद्द की जाती है तो लोग आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

# ममता ने चप्पल पहन अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, भाजपा ने बताया उनका अपमान

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। पार्टी का आरोप है कि एक वीडियो में वह जूते-चप्पल पहने हुए आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करती दिखायी दे रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर एक छोटा वीडियो साझा करते हुए कहा कि आंबेडकर का अपमान करना ही तृणमूल कांग्रेस की पहचान बन गया है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर का अपमान करना ही तृणमूल कांग्रेस की एकमात्र पहचान है। तृणमूल कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान किया है। जिस तरह ममता बनर्जी ने आंबेडकर जी को पुष्पांजलि अर्पित करते समय अपनी चप्पल तक उतारने की जरूरत नहीं समझी, वह तृणमूल, ममता बनर्जी और उनके परिवार की मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने बार-बार डॉ. आंबेडकर के आदर्शों और सिद्धांतों के विपरीत काम किया है। पूनावाला ने दावा किया कि वे हमेशा आंबेडकर जी का अपमान करते हैं। उन्होंने आंबेडकर जी की सोच के विपरीत मुस्लिम आरक्षण की मांग की है। वे संवैधानिक नियमों के खिलाफ गये हैं। उन्होंने न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को अपमानित किया है। इस विवाद को तृणमूल के खिलाफ भाजपा की व्यापक आलोचना से जोड़ते हुए पूनावाला ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के लिए संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी करती है। उन्होंने कहा कि इन्होंने ही वोट बैंक की राजनीति के लिए ओबीसी और अनुसूचित जाति (एससी) का आरक्षण छीनकर मुस्लिम समुदाय को दिया है। इन्होंने संविधान से ऊपर शरिया को महत्व दिया है। जब वक्फ संबंधी केंद्रीय कानून आया तो इन्होंने उसका विरोध किया। इससे स्पष्ट है कि ये आंबेडकर विरोधी हैं। पूनावाला ने अन्य विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनमें भी आंबेडकर के आदर्शों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का अभाव है।

# देश में अवैध रूप से रह रहे 166 बांग्लादेशी नागरिकों को अहमदाबाद पुलिस ने पकड़ा

**अहमदाबाद, 3 जून (भा)।** गुजरात की अहमदाबाद पुलिस ने लगभग 300 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें से 166 अवैध रूप से रह रहे थे। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी। अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि यह कार्रवाई ऑपरेशन डेल्टा हंट के तहत की गयी है। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में लिये गये निर्णय के अनुरूप यह अभियान शुरू किया गया था। शहर के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने बताया कि इस अभियान के लिए 30 से अधिक टीम तैनात की गयी, जिनमें अपराध शाखा, एसओजी दस्ता और नरोदा, दानिलिमदा, वटवा, वटवा जीआईडीसी और जुहापुरा के विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी शामिल थे। मलिक ने कहा कि पुरुषों, महिलाओं और बच्चों समेत 300 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। इनमें से अब तक 166 लोगों की पहचान बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में हुई है, जो अवैध रूप से देश में घुसे थे और बिना अनुमति के रह रहे थे। उन्होंने बताया कि शेष 150 से अधिक लोगों से पूछताछ जारी है और 166 बांग्लादेशियों में से कुछ व्यक्तियों ने धोखाधड़ी से आधार कार्ड प्राप्त किये थे। अधिकारी ने कहा कि यह पता लगाने के लिये पूछताछ जारी है कि उन्होंने अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के लिए किन तरीकों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पिछले वर्ष अवैध रूप से रह रहे 465 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया गया था, उसी प्रकार इन व्यक्तियों को भी शीघ्र ही निर्वासित कर दिया जायेगा।

# गोवा सरकार जारी करेगी 5000 से अधिक घरों के नियमितीकरण आदेश : मुख्यमंत्री

**पणजी, 3 जून (भा)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आज कहा कि सरकार अपनी म्हाजे घर योजना के तहत 5,000 से अधिक घरों को नियमित करने के आदेश जल्द ही जारी करेगी। उन्होंने यहां पत्रकारों को बताया कि लगभग 3,000 नियमिती-करण आदेश तैयार हैं या जारी किये जा चुके हैं। म्हाजे घर योजना का उद्देश्य सरकारी या सामुदायिक भूमि पर दशकों पहले बने अवैध मकानों के निवासियों को कानूनी स्वामित्व अधिकार प्रदान करना है। सावंत ने बताया कि अल मारगांव के रवींद्र भवन में लगभग 1,000 लोगों को ऑर्डर वितरित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और औपचारिकताओं को पूरा करने में लाभार्थियों की मदद करने के वास्ते विशेष काउंटर भी होंगे।

# रवि लामिछाने ने पीएम मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली, 3 जून (भा)।** नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल को भारत का प्राथमिकता वाला साझेदार बताते हुए कहा कि नयी दिल्ली देश की नयी सरकार के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लामिछाने से मुलाकात करके उन्हें प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि मैं साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का स्वागत करता हूं और उससे पूरी तरह सहमत हूं।

# पृष्ठ 1 का शेष

### दिल्ली के होटल...

पर गद्दे बिछा दिये, ताकि इमारत से जान बचाने की कोशिश में कूदने वाले लोगों को चोट न लगे, जबकि अन्य लोगों ने घायलों को सीपीआर दिया। सड़क के उस पार स्थित मैक्स अस्पताल में स्तब्ध रिश्तेदार अपने प्रियजनों की तलाश में प्रतीक्षा क्षेत्र में जमा हो गये, घायल और मृतकों को लाये जाने पर सूचियों को खंगालते रहे और घबराकर फोन करते रहे। एक व्यक्ति ने रोते हुए कहा कि तस्वीरों को देखकर हम उन्हें पहचान नहीं सकते, सभी बुरी तरह झुलस गये हैं। इन्हीं लोगों में शामिल नमित गोयल ने बताया कि उनके छह रिश्तेदार इस आग की चपेट में आ गये। इनमें से चार शवों की पहचान हो चुकी है, जबकि दो की पहचान होना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि चार शव मैक्स साकेत के शवगृह में हैं और दो शव दूसरे अस्पताल में हैं। हम उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं अन्य व्यक्ति ने कहा कि वह अपनी बेटी और दो नातिन की तलाश कर रहा है। उन्होंने बताया कि परिवार को उसके दामाद की मौत की सूचना मिल चुकी है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है। व्यक्ति ने कहा कि उन्होंने इमारत में एक कमरा लिया था। हमें मेरे दामाद के शव के बारे में खबर मिली है, लेकिन बाकी लोगों के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं है। मैक्स अस्पताल ने बताया कि लाये गये 39 लोगों में से 18 को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि 15 को आईसीयू में भर्ती कराया गया, जिनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है। अस्पताल के बयान के अनुसार कई लोगों को धुएं की वजह ले सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, कई मामूली रूप से झुलसे हुए थे और कई अन्य को फ्रैक्चर था। इसने कहा कि मामूली रूप से घायल पांच मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी, जबकि एक मरीज को गंभीर रूप से जलने के कारण सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 13 मरीज भर्ती हुए, जिनमें से तीन इमारत से गिरने की वजह से घायल हुए और 10 वे लोग हैं, जो इमारत में फंसे लोगों को बचाते समय घायल हो गये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य लोगों ने हादसे को लेकर शोक संवेदना व्यक्त की। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत पीड़ादायक है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग की घटना में जनहानि अत्यंत दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने घटना पर दुख व्यक्त किया। गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव कार्यों में हर संभव सहायता देने का आग्रह करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की दुखद घटना से बेहद दुखी हूं। उन परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और प्रशासन को पीड़ितों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के साथ समय पर मुआवजा प्रदान करना चाहिए। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इस घटना में जनहानि पर दुख जताया। संधू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हौज रानी, मालवीय नगर स्थित एक होटल में भीषण आग लगने की घटना को लेकर मैं बहुत दुखी हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। गुप्ता ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि मालवीय नगर में आग लगने की विनाशकारी घटना में जन हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और इस दिल दहला देने वाली त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को शक्ति और साहस मिलने की प्रार्थना करती हूं।

### दिल्ली पुलिस ने...

26 कमरे थे, हालांकि सटीक संख्या की अभी पुष्टि की जा रही है। चौथी मंजिल पर फंसे एक विदेशी दंपति ने खिड़की का शीशा और एल्युमिनियम की ग्रिल तोड़ दी और पाइप के सहारे नीचे उतरने की कोशिश की। दोनों नीचे गिर गये। ऊपर से गुजर रहे तारों में फंसते हुए महिला सिर के बल जमीन पर गिरी। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि वे बच पाये या नहीं। दमकलकर्मियों के अनुसार इमारत में एक तहखाना, भूतल और पांच ऊपरी मंजिलें हैं। भूतल पर रेस्तरां संचालित किया जा रहा था, जबकि इमारत के बाकी हिस्से का इस्तेमाल होटल के तौर पर किया जा रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार होटल में प्रवेश और निकास का एक ही द्वार था। उन्होंने बताया कि अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच की जा रही है।

### हिमंत ने की...

विवरण साझा किया। उन्होंने राष्ट्रपति को साहस, लचीलेपन और नेतृत्व का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनसे बातचीत करना हमेशा एक प्रेरणादायक अनुभव होता है। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रपति से मिलना हमेशा एक प्रेरक अनुभव रहता है और उनके शब्द जनसेवा के हमारे मार्ग में प्रोत्साहन का काम करते हैं। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को असम की मौजूदा विकास यात्रा और आने वाले वर्षों में इस रफ्तार को बनाए रखने की सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दूसरी बार कार्यभार संभालने के बाद मैंने राष्ट्रपति को भारत के सबसे तेजी से बढ़ते राज्य के रूप में असम की निरंतर विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी। साथ ही हमने इस गति को आगे बढ़ाने की अपनी योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति से आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी मांगा क्योंकि उनकी सरकार का पूरा ध्यान जन कल्याण, बुनियादी ढांचे के विस्तार और आर्थिक विकास पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मैंने जन कल्याण और विकास की अपनी यात्रा को जारी रखने के लिए उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मांगा है। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब असम सरकार राज्य भर में आर्थिक विकास को मजबूत करने, निवेश आकर्षित करने और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से लगातार नये कदम उठा रही है।

### आईआईएम गुवाहाटी...

व्यक्त किया। यह प्रस्तावित संस्थान असम सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का एक हिस्सा है जिसके तहत शीर्ष स्तर के शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों को आकर्षित करके राज्य को पूर्वी भारत में एक प्रमुख शैक्षणिक गंतव्य के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने असम में शैक्षिक अवसरों और बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के लगातार मिल रहे समर्थन की भी सराहना की। इस नए कदम से न केवल क्षेत्र में प्रबंधन शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, बल्कि एक उभरते हुए शिक्षा केंद्र के रूप में असम की प्रतिष्ठा भी मजबूत होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के परिसर के स्थान, बुनियादी ढांचे की योजनाओं और इसे लागू करने की समयसीमा के बारे में विस्तृत विवरण राज्य और केंद्र सरकारों के बीच चल रही परामर्श प्रक्रिया पूरी होने के बाद घोषित किये जाने की संभावना है।

### ममता की टीएमसी...

ओर तृणमूल नेतृत्व के करीबी माने जाने वाले शोभनदेव चट्टोपाध्याय, नयना बंद्योपाध्याय, मदन मित्रा और कुणाल घोष जैसे नेता बुधवार को विधानसभा में हुई इस बैठक से दूर रहे। दलबदल रोधी कानून के तहत किसी अलग गुट को अयोग्यता से बचने के लिए विधायक दल के कम से कम दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है। तृणमूल के 80 विधायकों को देखते हुए यह सीमा 54 बनती है। अगर बागी खेमे का दावा स्वीकार हो जाता है तो यह उस सीमा को आराम से पार कर लेगा और सदन में अलग गुट के रूप में मान्यता का उसका दावा मजबूत हो जाएगा। बागी विधायकों ने एक अहम राजनीतिक संकेत देते हुए विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए पत्र में तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी को अपनी अध्यक्ष बताया है। इससे साफ होता है कि उनकी बगावत पार्टी प्रमुख के खिलाफ नहीं, बल्कि विधायक दल की मौजूदा नेतृत्व संरचना के खिलाफ है। इस खेमे के सूत्रों ने यह भी बताया कि विधायकों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे विधायक दल के मामलों में अभिषेक बनर्जी के अधिकार को नहीं मानते। हालांकि तृणमूल नेतृत्व ने इस पूरी कवायद को विश्वासघात करार दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक कुणाल घोष ने कहा कि मतभेद संगठन के भीतर बातचीत से सुलझाये जा सकते थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर उन्हें कोई शिकायत थी तो पार्टी के भीतर बात कर सकते थे। इसके बजाय उन्होंने पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा। घोष ने बागी विधायकों और उनके समर्थकों को गद्दार करार देते हुए कहा कि तृणमूल इस राजनीतिक संकट से उबरेगी और ममता बनर्जी के नेतृत्व में एकजुट रहेगी। आज हुए इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि छह मई को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में तैयार हुई थी। सूत्रों के अनुसार उस बैठक में विधायकों ने विपक्ष के नेता, उपनेता और मुख्य सचेतक के पदों के लिए नाम तय करने का अधिकार पार्टी नेतृत्व को सौंप दिया था। अब आज असंतुष्ट विधायकों के कदम को उसी प्रक्रिया से उपजे असंतोष और अंदरूनी खींचतान के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद तृणमूल ने विधानसभा को सूचित किया कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय नेता प्रतिपक्ष, नयना बंद्योपाध्याय और अशिमा पात्रा उप नेता तथा फिरहाद हकीम मुख्य सचेतक होंगे। हालांकि विधानसभा सचिवालय ने प्रक्रियागत कारणों का हवाला देते हुए इस पर संज्ञान नहीं लिया क्योंकि नियमों के अनुसार इन पदाधिकारियों का चुनाव विधायक दल की औपचारिक बैठक में होना जरूरी है। विवाद उस समय और गहरा गया जब असंतुष्ट विधायकों ने आरोप लगाया कि विधानसभा सचिवालय को भेजे गये पत्र पर उनके हस्ताक्षरों का दुरुपयोग किया गया है। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इस आरोप को खारिज करते हुए बागी विधायकों पर संगठन को कमजोर करने की कोशिश का आरोप लगाया। इसी हफ्ते रिताब्रता बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित किये जाने के बाद टकराव और तेज हो गया। अहम बात यह है कि पार्टी नेतृत्व द्वारा निष्कासित रिताब्रता बनर्जी इस बगावत का सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वहीं, पार्टी के शुरुआती दौर से ममता बनर्जी के विश्वस्त साथी रहे वरिष्ठ नेता जावेद खान के बगावती खेमे में शामिल होने से उनका राजनीतिक कद और बढ़ गया है। इन घटनाक्रमों ने विधानसभा में विपक्षी राजनीति के नेतृत्व को लेकर भी सवाल खड़े कर दिये हैं। हालांकि नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा पेश करने के लिए केवल 30 विधायकों का समर्थन पर्याप्त है, लेकिन अब असली लड़ाई विधायक दल की वैधता और उस पर नियंत्रण को लेकर दिखाई दे रही है।

### शपथ ग्रहण समारोह...

को कार्मिक विभाग के सचिव और इस समिति के सदस्य सीमांत कुमार दास से तुरंत संपर्क करने और कार्यक्रम से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए कहा गया है। इस वीआईपी कार्यक्रम के प्रबंधन की कमान जिन अनुभवी अधिकारियों को सौंपी गयी है, उनमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव लखिमी दत्त, एएएससी (खानापाड़ा) की संयुक्त निदेशक व राज्य सतर्कता आयोग की सचिव डिंपल बरुआ, और महिला एवं बाल विकास विभाग की उप-सचिव व राज्य महिला आयोग की सदस्य-सचिव अंतरा गोगोई शामिल हैं। इनके अलावा उच्च शिक्षा विभाग के उपसचिव रुनाभ रामचियारी, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग के उप-सचिव गौतम प्रियं महंत, असम कौशल विकास मिशन की सहायक मिशन निदेशक स्निग्धा मिटेफांगसा, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त आयुक्त व स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के सहायक प्रबंध निदेशक ध्रुवज्योति नाथ को भी इस टीम में रखा गया है। साथ ही गृह निर्माण व शहरी मामलों के विभाग के उपसचिव तथा गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के संयुक्त आयुक्त अप्रतिम गोस्वामी को भी इस शपथ ग्रहण समारोह के सफल संचालन की विशेष जिम्मेदारी दी गयी है, ताकि पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और सत्कार का स्तर ऊंचा बना रहे। इसी सिलसिले में महानगर के बशिष्ठ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम के सुचारू और सफल संचालन के उद्देश्य से संबंधित उच्च अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी और विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर गहन विचारों का आदान-प्रदान किया गया, ताकि समारोह बिना किसी बाधा के तरीके से संपन्न हो सके।

### शाह की अध्यक्षता...

प्रोत्साहन, दूध, अंडे, मछली और मांस में आत्मनिर्भरता, खेल प्रोत्साहन, आर्थिक गलियारा विकास, अवसंरचना एवं संपर्क और हथकरघा एवं हस्तशिल्प पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उम्मीद है कि इन विचार-विमर्शों से राज्यों और हितधारकों के बीच साझा विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समन्वित कार्रवाई को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) की महत्वपूर्ण पहलों की भी समीक्षा की जाएगी। इनमें प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति, पूर्वोत्तर निवेश शिखर सम्मेलन एवं बैंकर सम्मेलन के परिणाम, युवाओं पर केंद्रित पहलें और क्षेत्र में पर्यटन, लॉजिस्टिक्स एवं विशिष्ट पहचान (यूएसपी) परियोजनाओं से जुड़े प्रयास शामिल हैं। पूर्ण सत्र में पूर्वोत्तर ष्टि योजना 2047 पर आगे विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता शताब्दी वर्ष तक पूर्वोत्तर क्षेत्र को आर्थिक विकास, संपर्क, नवाचार, स्थिरता और सांस्कृतिक समृद्धि के जीवंत केंद्र में परिवर्तित करने के लिए एक दीर्घकालिक रूपरेखा प्रदान करना है। एनईसी के सदस्य क्षेत्रीय विकास प्राथमिकताओं और अंतर्राज्यीय सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। इस सत्र में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (डीओएनईआर) और एनईसी उपाध्यक्ष ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, आठ पूर्वोत्तर राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वर्ष 1971 के पूर्वोत्तर परिषद अधिनियम के तहत स्थापित एनईसी, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए सर्वोच्च क्षेत्रीय योजना निकाय के रूप में कार्य करता है और इस क्षेत्र में समन्वित विकास को बढ़ावा देने और सहकारी संघवाद को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जब सगी मां...

तीनों बेटियों ने थाने के भीतर ही जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। बेटियों के अड़ियल रवैये के कारण पुलिस भी भारी असमंजस और ऊहापोह की स्थिति में आ गयी। जब समझाने-बुझाने के सारे रास्ते बंद हो गये तो पुलिस को मजबूरी में एक अनोखा और अजीबोगरीब कदम उठाना पड़ा। पुलिस ने तीनों बेटियों के नाम की पर्चियां बनाकर लॉटरी खींची। लॉटरी के नियम के अनुसार अब हर बेटी को एक-एक हफ्ते के लिए बारी-बारी से मां को अपने घर पर रखना होगा। पुलिस ने साफ किया है कि मां की देखभाल में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस घटना ने समाज के सामने यह बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या आधुनिकता की दौड़ में हमारे संस्कार इस कदर मर चुके हैं कि मां-बाप की ममता का हिसाब अब हफ्तों और लॉटरी की पर्चियों से होगा?

### अखिल गोगोई...

भूमिका निभायी और हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। आज सुबह ही उनके पार्थिव शरीर को जोरहाट जिले के सेलेनघाट पंचायत अंतर्गत लुखुराखोन गांव ले जाया गया, जहां देर शाम या कल सुबह उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने प्रियदा गोगोई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एक मां का जाना असहनीय दुख होता है और असम के सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं असम विधानसभा के अध्यक्ष रंजीत कुमार दास, असम गण परिषद (अगप) अध्यक्ष व मंत्री अतुल बोरा, महिला एवं बाल विकास व पर्यटन मंत्री अजंता नेउग ने भी गोगोई और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। इसके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया, एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रिपुन बोरा, भाजपा विधायक भूपेन कुमार बोरा और राज्यसभा सांसद टेराश गोवाला सहित कई प्रमुख नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### विदेश मंत्रालय ने...

के बाद से हम मजबूती से यह अपील करते रहे हैं कि नागरिक आबादी और नागरिक ढांचे को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम एक बार फिर सभी पक्षों ऐसे हमलों को रोकने की अपील करते हैं। विदेश मंत्रालय ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही बताया कि कुवैत स्थित भारतीय दूतावास घायलों को हरसंभव मदद दे रहा है और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। इसने यह भी कहा कि पूरे क्षेत्र में भारतीय मिशन अलर्ट पर हैं और भारतीय समुदाय की सहायता के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह हमला कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे की पैसेंजर बिल्डिंग (1) को निशाना बनाकर किया गया था। कुवैत की सेना ने आरोप लगाया है कि ईरान ने ड्रोन के जरिए यह हमला किया। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने इसे ईरान की आपराधिक आक्रामकता बताया है। इस हमले की वजह से हवाईअड्डे की इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। हमले में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा कारणों से कुवैत ने हवाई यातायात को रोक दिया है और उड़ानों को दूसरे हवाईअड्डों की तरफ मोड़ दिया गया है। वहीं, ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने एक अलग दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स का कहना है कि उन्होंने यह हमला जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया है। ईरान के मुताबिक अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास उनके एक तेल टैंकर और कश्म द्वीप पर एक संचार टावर को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय और एक क्षेत्रीय एयरबेस पर मिसाइलें और ड्रोन दागे।

# मरुधरा पर 'आसमानी आफत' का साया : अंधड़-बारिश व ओले गिरने की चेतावनी, एक्टिव हुआ नया पश्चिमी विक्षोभ

**जयपुर, एजेंसी।** कुदरत के बदलते तेवरों ने एक बार फिर आम जनजीवन को चिंता में डाल दिया है। झुलसा देने वाली नौतपा की गर्मी के बाद अब मरुधरा पर आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आज (बुधवार, 3 जून) से प्रदेश में एक बेहद ताकतवर नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने 5 जिलों में आंधी-बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' और 5 अन्य जिलों में 'यलो अलर्ट' जारी किया है। इस दौरान आसमान से आफत बरस सकती है और 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विनाशकारी अंधड़ चलने की आशंका है, जिससे कई इलाकों में पेड़ और बिजली के पोल धराशायी हो सकते हैं। 6 जून तक रहेगा सिस्टम का असर, पारा 40 के करीब मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस नए सिस्टम का असर आगामी 6 जून तक पूरे प्रदेश में बना रह सकता है। हालांकि, इस अंधड़ और बारिश के कारण एक तरफ जहां किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं, वहीं दूसरी तरफ आम जनता को भीषण चुभती गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी और तापमान कंट्रोल में रहेगा। पिछले 24 घंटों की बात करें तो पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, फलोदी और जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि शेष राजस्थान में पारा 40 डिग्री से नीचे ही सिमट कर रह गया?

### बीते 24 घंटे : कहीं तबाही तो कहीं सुहावना मौसम

जैसलमेर में रेतीला बवंडरः मंगलवार की रात स्वर्ण नगरी जैसलमेर में अचानक आए भयानक रेतीले तूफान ने पूरे शहर को धूल के गुबार से ढक दिया।

जालोर में भारी नुकसानः बीते दो दिनों से जालोर के कई गांवों में आंधी और बरसात ने ऐसा तांडव मचाया है कि बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं।

अलवर में लगातार बारिशः अलवर में पिछले पांच दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को भी हुई तेज बारिश के कारण यहां का अधिकतम तापमान गिरकर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है।

### बड़े शहरों का हालः कहां कैसा रहेगा मिजाज?

### जयपुर : सामान्य से 5 डिग्री नीचे लुढ़का पारा

राजधानी जयपुर में मंगलवार को आसमान साफ रहा और हल्की धूप खिली। पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश के असर से जयपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री नीचे यानी 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, तापमान कम होने के बावजूद जयपुरवासी दिनभर उमस और पसीने से बेहाल नजर आए।

### उदयपुर : वादियों में घुली ठंडक, सुहावना हुआ मौसम

लेक सिटी उदयपुर में पिछले चार दिनों से मौसम का मिजाज बेहद खुशनुमा बना हुआ है। जहां 28 मई को यहां का पारा 41.9 डिग्री को छू रहा था, वहीं लगातार पश्चिमी विक्षोभ के असर से अब अधिकतम तापमान गिरकर 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री पर आ गया है। आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही से वादियों में हल्की ठंडक महसूस हो रही है?

### अजमेर, कोटा और जोधपुर : गर्मी से आंशिक राहत

अजमेरः मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री दर्ज हुआ। जून के पहले सप्ताह में यहां लगातार आंधी और हल्की बारिश की गतिविधियां जारी रहने की चेतावनी है।

कोटाः कोटा में मंगलवार का दिन सुहावना रहा और अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में करीब 14.6 डिग्री का अंतर रहने से सुबह और शाम को लोगों ने खासी राहत महसूस की?

जोधपुरः जोधपुर में सोमवार को हुई बारिश के बाद तापमान में 4 डिग्री की बड़ी गिरावट आई और मंगलवार को पारा 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे झुलसाने वाली लू से फिलहाल राहत है।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने सख्त हिदायत दी है कि आज बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभाग के हिस्सों में तेज आंधी और बारिश की पूरी आशंका है। ऐसे में बदलते मौसम को देखते हुए आम जन और विशेषकर किसान भाई सुरक्षित स्थानों पर रहें और सतर्कता बरतें।



## किशनपोल बाजार में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ शुरू हुई सात दिवसीय कथा

**जयपुर, एजेंसी।** राजधानी जयपुर के किशनपोल बाजार स्थित ठाकुर जुगल किशोर जी मंदिर की ओर से सोमवार से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह कथा 2 जून से 8 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसका वाचन संगीतज्ञ आलोक भट्ट द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। कथा के प्रारंभ में गणपति पूजन के साथ विधिवत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इसके बाद पंडित आलोक भट्ट ने श्रीमद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया।

उन्होंने भगवान के 24 अवतारों, राजा परीक्षित के जन्म की कथा, कलयुग के आगमन तथा भगवान की महिमा और भागवत श्रवण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से कार्यक्रम में भाग लिया।

यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है तथा श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।

## नगर निगम जयपुर की अतिक्रमण पर सख्ती, 25 हजार कैरिंग चार्ज वसूला, 13 केन्टर सामान जब्त



**जयपुर, एजेंसी।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में कंचन गंगा अपार्टमेन्ट, विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सामने, रिको पुलिया सांगानेर, श्योपुर रोड़ सांगानेर, इण्डिया गेट सीतापुरा, एसएमएस अस्पताल गेट नं. 2 व 3 के सामने, ट्रोमा सेन्टर, अजमेरी गेट, महारानी कॉलेज, महेश नगर एवं किसान मार्ग आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 25 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 13 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में कंचन गंगा अपार्टमेन्ट, विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सामने, रिको पुलिया सांगानेर, श्योपुर रोड़ सांगानेर, इण्डिया गेट सीतापुरा, एसएमएस अस्पताल गेट नं. 2 व 3 के सामने, ट्रोमा सेन्टर, अजमेरी गेट, महारानी कॉलेज, महेश नगर एवं किसान मार्ग आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 13 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 25 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में 90 करोड़ 'आभा' खातों का बना ऐतिहासिक रिकॉर्ड



**जयपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में गांव-ढाणी से लेकर कस्बों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसे तकनीकी नवाचार का सफल क्रियान्वयन करते हुए मरीजों का डेटा यूनिक हेल्थ आभा आईडी के माध्यम से संधारित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करना आसान हुआ है और लोगों को अपना हेल्थ रिकॉर्ड मोबाइल पर उपलब्ध भी हो रहा है। यूनिक आभा (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खातों) बनाने में राजस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

7 करोड़ 19 लाख से अधिक आभा आईडी बनाते हुए प्रदेश ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, देशभर में वर्ष 2026 में इन खातों की संख्या ने 90 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर लिया है, जिससे नागरिक-केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य सेवा सशक्त हो रही है। गत 5 वर्षों से अधिक के कालखंड में आभा खाते बनाने में लगातार बढ़ोतरी हुई है। कुल आभा खातों की संख्या 2021 में 14.7 करोड़ से बढ़कर 2022 में 30.4 करोड़, 2023 में 50.6 करोड़, 2024 में 72.2 करोड़ और 2025 में 84.5 करोड़ दर्ज हुई थी।

## नशे में चूर रईसजादे की थार ने उजाड़ा हंसता-खेलता परिवार



### जयपुर में MBBS स्टूडेंट ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 150 मीटर तक घसीटा

**जयपुर, एजेंसी।** रफ्तार का नशा, रईसी का घमंड और शराब के सुरूर ने एक बार फिर जयपुर की सड़कों पर एक मासूम जिंदगी को बेरहमी से कुचल दिया। पिंक सिटी के जगतपुरा इलाके में 1 जून की देर रात एक ऐसा रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ, जिसने न केवल एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को हमेशा-हमेशा के लिए दफ्न कर दिया, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जयपुर के महल रोड पर नशे में धुत एक MBBS छात्र ने अपनी तेज रफ्तार थार (SUV) गाड़ी से बाइक सवार युवक को इतनी भयानक टक्कर मारी कि देखने वालों की रूह कांप गई? टक्कर के बाद बेकाबू थार बाइक और उस पर सवार युवक को करीब 150 मीटर तक बेरहमी से घसीटती चली गई। बीयर की बोतलें, केन और नशे में धुत छात्रः प्रत्यक्षदर्शियों ने रोकी गाड़ी

यह दर्दनाक हादसा देर रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच रामनगरिया थाना क्षेत्र में अक्षयपात्र चौराहे के पास हुआ? मूल रूप से दौसा के रहने वाले 28 वर्षीय राकेश मीणा अपने परिवार के साथ जगतपुरा के आरती नगर में रह रहे थे? वह देर रात कुंभा मार्ग से बॉम्बे हॉस्पिटल की ओर जा रहे थे, तभी काल बनकर आई तेज रफ्तार थार ने उन्हें रौंद डाला? मौके पर मौजूद साहसी प्रत्यक्षदर्शियों—अमर सिंह और सूर्यांश तंवर ने भागती हुई थार को अपनी जान पर खेलकर आगे जाकर रोका? थार के भीतर का नजारा बेहद हैरान करने वाला था; गाड़ी के अंदर बीयर की बोतलें और केन बिखरी पड़ी थीं और उसमें सवार तीनों युवक नशे में पूरी तरह चूर थे? कार की कमान एक MBBS स्टूडेंट के हाथ में थी?

**5 दिन पहले ही जयपुर आया था राकेश; दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

नियति का क्रूर खेल देखिए कि राकेश मीणा कुछ समय से अपने परिवार के साथ ब्यावर में रह रहे थे? महज 5 दिन पहले ही वे अपनी पत्नी और दो मासूम बेटों—दक्ष (8 वर्ष) और कृष्णा (4 वर्ष) के साथ सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर जयपुर शिफ्ट हुए थे? किसे पता था कि जयपुर की ये चमचमाती सड़कें उनके बच्चों से उनके पिता का साया हमेशा के लिए छीन लेंगी? लहूलुहान राकेश को तुरंत महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन जख्म इतने गहरे थे कि इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया?

**अस्पताल में दबंगई और शव के साथ छेड़छाड़ का संगीन आरोप**

इस मामले में आरोपी पक्ष की अमानवीयता यहीं नहीं रुकी? परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी पक्ष के करीब 8 रसूखदार युवक महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंच गए और वहां पीड़ित परिवार के साथ गाली-गलौज और हाथापाई करते हुए जमकर हंगामा किया? स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को बल प्रयोग कर मामला शांत कराना पड़ा?

वहीं, राकेश की बड़ी बहन ज्योति मीणा ने पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पर बेहद गंभीर और संवेदनशील सवाल उठाए हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि जेएनयू हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम से पहले शव के साथ छेड़छाड़ की गई है। परिजनों ने शव के सिर पर कुछ अजीब कट और निशान देखे हैं, जिससे पूरे मामले में किसी बड़ी लीपापोती का संदेह गहरा गया है। परिजनों का यह भी कहना है कि उन्हें हादसे की सूचना बेहद देर से दी गई।

**पिता की रोती हुई पुकारः 'न्याय नहीं मिला तो होगा उग्र आंदोलन '**

राकेश के बूढ़े पिता मुरलीधर मीणा का रो-रोकर बुरा हाल है? उन्होंने रुंधे गले और आक्रोश भरे शब्दों में कहा कि यदि उनके बेटे की मौत के मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे पुलिस थाने और महात्मा गांधी हॉस्पिटल का पूरी तरह से घेराव करेंगे? रामनगरिया थानाधिकारी चंद्रभान ने बताया कि मृतक के पिता की रिपोर्ट पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।



## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

**जयपुर, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और सड़क, पानी, बिजली, अतिक्रमण सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए लोगों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय समस्याओं से भी उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 25 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती जल्द, 5 साल संविदा के बाद मिलेगी स्थायी नियुक्ति

**जयपुर।** राज्य सरकार जल्द ही 25 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती करने जा रही है। इस बार चयनित अभ्यर्थियों को सीधे स्थायी नियुक्ति नहीं दी जाएगी, बल्कि पहले पांच वर्ष तक संविदा पर कार्य करना होगा। इस अवधि में उनके कार्य प्रदर्शन, अनुशासन और जिम्मेदारियों के निर्वहन का मूल्यांकन किया जाएगा। संतोषजनक प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को बाद में नियमित किया जाएगा।

## पीएम स्वनिधि शिविर में उमड़ा उत्साह, दो दिनों में 57 व्यापारियों को मिला लाभ



**जयपुर, एजेंसी।** नगर निगम जयपुर एवं यस बैंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशेष तीन दिवसीय पीएम स्वनिधि ऋण वितरण शिविर के दूसरे दिन भी स्ट्रीट वेंडर्स एवं लघु व्यवसायियों में योजना के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में आवेदक सुबह से ही शिविर स्थल पर पहुंचे। शिविर के दूसरे दिन कुल 37 प्रथम एवं द्वितीय चरण के ऋण आवेदकों ने अपने दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किए। यस बैंक के अधिकारियों द्वारा त्वरित जांच एवं सत्यापन प्रक्रिया पूरी करते हुए 29 आवेदनों को मौके पर ही स्वीकृति प्रदान की गई। इससे लाभार्थियों में विशेष उत्साह एवं संतोष का माहौल देखने को मिला। गौरतलब है कि शिविर के प्रथम दिन 28 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। दूसरे दिन की उपलब्धि के साथ अब तक कुल 57 स्ट्रीट वेंडर्स के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें नए वेंडर्स के लिए प्रथम चरण के ऋण तथा बेहतर पुनर्भुगतान रिकॉर्ड वाले लाभार्थियों के लिए द्वितीय चरण के ऋण शामिल हैं, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकेंगे।

नगर निगम जयपुर के आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि नगर निगम एवं बैंक के बीच स्थापित समन्वय का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाईः 5.62 लाख लीटर वॉश नष्ट, 922 गिरफ्तार, 2046 केस दर्ज



**जयपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर सख्त रोकथाम के निर्देश दिए थे। इसकी पालना में आबकारी विभाग ने एक मई से 31 मई तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जिसे जबर्दस्त सफलता मिली है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के कुशल निर्देशन में चलाए गए अभियान में 3 करोड़ 93 लाख रूपए मूल्य की अन्य राज्यों की अंग्रेजी शराब जब्त की गई, 2046 अभियोग दर्ज कर 922 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। प्रदेश में 19 लाख 41 हजार 242 रूपए लागत की 7182 लीटर देशी मदिरा, 3 करोड़ 93 लाख 6 हजार 809 रूपए की 39219 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 44 लाख 40 हजार रूपए की 19806 लीटर बीयर, 13443 लीटर हथकड़ शराब व 30 लीटर स्प्रिट जब्त की गई है। 5 लाख 62 हजार 984 लीटर वॉश नष्ट किया गया। अभियान में 15 बडे वाहन, 13 हल्के चार पहिया, 1 तिपहिया वाहन एवं 65 दुपहिया वाहन सहित 94 वाहन जब्त किए गए।

**आबकारी आयुक्त का प्रभावी नेतृत्व**

आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने विशेष निरोधात्मक अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए वीसी के माध्यम से प्रदेश की समस्त ईपीएफ टीम, जोन व जिला अधिकारियों को सजगता से गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इस अभियान की जोन एवं जिलेवार प्रगति की दैनिक समीक्षा कर अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ करते हुए स्थानीय पुलिस, रेलवे पुलिस का आवश्यकतानुसार सहयोग लेकर प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रेरित किया गया। इससे इस अभियान की सफलता सुनिश्चित हुई।

**बड़े प्रकरणों में सख्त कार्रवाई**

प्रदेश में आबकारी विभाग के निरोधात्मक अभियान के तहत उदयपुर में खेरवाड़ा के खांडी ओबरी टोल नाके के समीप ट्रक कंटेनर से 35 लाख रूपए फोर सेल चंडीगढ़ अंग्रेजी शराब जब्त की गई। हनुमानगढ़ में भारतमाला एक्सप्रेस वे पर ट्रक से फोर सेल इन पंजाब अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई, जिसकी अनुमानित कीमत 90 लाख रूपए है।

## सीजीडी संस्थाएं 45 दिनों में 43 हजार घरों तक पहुंचाएं डीपीएनजी कनेक्शन -मुख्य सचिव

**जयपुर, एजेंसी।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य की सीटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं को औसतन प्रतिदिन पाइप लाइन से एक हजार घरों को घरेलू गैस कनेक्शन (डीपीएनजी) सुविधा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। जून माह तक सीजीडी संस्थाओं को करीब 45 दिनों में 43 हजार घरों तक डीपीएनजी कनेक्शन पहुंचाने होंगे। उन्होंने कहा कि सीजीडी संस्थाओं द्वारा जिन इलाकों में डीपीएनजी आधारभूत संरचना विकसित कर ली है उन इलाकों के रहवासियों को प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन जारी किए जाने हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सचिवालय के चिंतन कक्ष में राज्य स्तरीय सीजीडी समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी 13 सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शनों को डीपीएनजी कनेक्शनों में शिफ्ट करने और एलपीजी फ्री जोन घोषित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीजीडी संस्थाओं को आमनागरिकों तक यह संदेश पहुंचाना होगा कि डीपीएनजी सेवाओं की 24 गुणा 7 दिवस उपलब्धता, सिलेण्डर बुकिंग व सिलेण्डर आने की प्रतीक्षा से मुक्ति, सस्ती और सुरक्षित व्यवस्था है। ऐसे में अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने के साथ ही शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को डीपीएनजी कनेक्शन सुविधा से जोड़ा जाए। वी. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य में 490 सीएनजी स्टेशन, 1380 व्यावसायिक और औद्योगिक कनेक्शन और एक लाख 53 हजार घरों तक डीपीएनजी कनेक्शन पहुंचाएं जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पाइप लाइन से घरेलू गैस उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है और इसी को



ध्यान में रखते हुए सीजीडी संस्थाओं का कार्य में तेजी लानी होगी। उन्होंने राज्य की आईटीआई संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे राजस्थान स्टेट गैस को 5 हजार प्रशिक्षण प्राप्त प्लंबरों की सूची तत्काल उपलब्ध कराएं ताकि सीजीडी संस्थाओं द्वारा उनका ओरियेंटेशन कराकर डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के काम में तेजी लाई जा सके। उन्होंने प्रगति की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने सीजीडी संस्थाओं को एलपीजी फ्री इलाके चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि परस्पर समन्वय से उन इलाकों में प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन जारी कराकर केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार एलपीजी फ्री जोन घोषित किया जा सके।

अपर्णा अरोरा ने सीजीडी संस्थाओं को सोशल मीडिया के सभी संभावित प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता प्रतिपादित की ताकि नागरिकों को जानकारी प्राप्त होने से डीपीएनजी सुविधा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने सीजीडी संस्थाओं को डीपीएनजी कनेक्शनों के साथ ही व्यावसायिक और औद्योगिक संस्थानों को भी प्राकृतिक गैस सुविधा से जोड़ने पर जोर दिया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर सांवत और अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास आलोक गुप्ता ने डीपीएनजी सेवाओं के विस्तार पर जोर देने के साथ ही आवश्यक सुझाव दिए।

आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने प्रगति की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में आईआईटी से समन्वय बनाते हुए प्लंबरों की कार्यशाला भी आयोजित की गई है ताकि युवाओं को रोजगार और संस्थाओं को मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। बैठक में रीको के प्रबंध निदेशक सुरेश ओला, विशिष्ट शासन सचिव माइंस नम्रता वृष्णि, निदेशक पेट्रोलियम अवधेश सिंह, वित, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ट्रांसपोर्ट, पेट्रोलियम, आरएसजीएल आदि विभागों व 13 सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के ने हिस्सा लिया।

# सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म जारी

## टी-20 मुंबई लीग में 11 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खराब प्रदर्शन के बाद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी नहीं हुई है।

भारत के टी20 कप्तान का प्रदर्शन चिंता का कारण बना हुआ है। इस बीच वह टी20 मुंबई लीग में वह 11 गेंद पर सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हो गए। उनकी टीम ट्रायंप नाइट्स को वानखेड़े स्टेडियम में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स से 1 रन से हार का सामना करना पड़ा।

सूर्यकुमार यादव ने अच्छी शुरुआत की और युवा नूतन गोयल के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 गेंदों में 37 रन जोड़े। नूतन गोयल ने 56 गेंदों में 93 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन सातवें ओवर में स्पिनर राहुल सावंत (चार ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट) की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट हो गए। सूर्यकुमार जून के अंत में भारत के लिए खेलते दिख सकते हैं।

### साधारण प्रदर्शन

189 रन का पीछा करते हुए ट्रायंफ नाइट्स आठ विकेट पर 188 रन पर ही सिमट गई। फरवरी-मार्च में सूर्या की कप्तानी में भारत टी20 विश्व कप जीता, लेकिन बल्ले से उनका प्रदर्शन काफी साधारण रहा। उन्होंने नौ मैचों में 30.25 के औसत से केवल 242 रन बनाए, जिसमें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ नाबाद 84 रन का स्कोर शामिल है।



# भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ में नए सदस्य की एंट्री

## बहुतुले ने 20 साल के कैरियर में लिए थे 827 विकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 6 जून से इंटरनेशनल ड्यूटी पर लौटेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडगढ़ में टेस्ट मैच खेलना है। इससे पहले गौतम गंभीर की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ में नए सदस्य की एंट्री हुई है। भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले पुरुष टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। 53 साल के साईराज व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे। बहुतुले का अंतरराष्ट्रीय करियर उतार-चढ़ाव वाला रहा। उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों में उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे खेले। हालांकि, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बहुत अच्छा खेला। उन्होंने लगभग 20 साल के करियर में 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और अपनी लेग स्पिन से 143 लिस्ट ए मैचों में 197 विकेट लिए।

### भारतीय टीम में पहली बार स्पिन-गेंदबाजी कोच

भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में पहली बार कोई स्पिन-गेंदबाजी कोच शामिल हुआ है। इसमें हेड कोच गौतम गंभीर और सीतांशु कोटक (बल्लेबाजी), मोर्ने मोर्कल (तेज गेंदबाजी), टी दिलीप (फील्डिंग) और रयान टेन डोएशेट (सहायक कोच) पहले से हैं। बहुतुले इससे पहले आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स (PBKS) के स्पिन-बॉलिंग कोच के थे। वह केरल और बंगाल पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं।

# WTC का हिस्सा नहीं होगा भारत व अफगान टेस्ट मैच

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 समाप्त होने के बाद भारतीय टीम 6 जून को मैदान पर दिखेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच उसका 2026-27 सत्र शुरू होगा। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर के महाराजा यादविन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा। हालांकि, यह टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा। यानी इसका डब्ल्यूटीसी रैंकिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच के डब्ल्यूटीसी का हिस्सा न होने का दो कारण है। पहला कारण यहा है कि अफगानिस्तान डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है। दूसरा कारण यह है कि सीरीज में कम से कम दो मैच होने चाहिए। अफगानिस्तान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का फुल मेंबर है और उसे टेस्ट का दर्जा मिला हुआ है, लेकिन यह मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में हिस्सा लेने वाली नौ टीमों में से एक नहीं है। आईसीसी अभी सिर्फ टॉप नौ रैंक वाली टीमों को ही डब्ल्यूटीसी साइकल में हिस्सा लेने की इजाजत देता है। इसलिए, अफगानिस्तान से जुड़े किसी भी टेस्ट मैच में डब्ल्टीसी अंक नहीं मिलते। आईसीसी के डब्ल्यूटीसी में अभी सिर्फ 9 देश भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज शामिल हैं। तीन फुल मेंबर अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे इसका हिस्सा नहीं हैं।

### कम से कम दो मैच होना जरूरी

फिलहाल आईसीसी नियमों के अनुसार एक टेस्ट मैच की सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होती। कम से कम 2 मैच होने पर ही कोई सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा हो सकती है। ऐसे में न्यू चंडीगढ़ में भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होगा।

**भारत-अफगानिस्तान के बीच दूसरी बार टेस्ट मैच-** भारत-अफगानिस्तान के बीच दूसरी बार टेस्ट मैच होगा। 2018 में पहली बार भारत पारी और 262 रन से जीता था। दूसरी बार भारत में टेस्ट मैच जून में होगा। पहली बार भी अफगानिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में टेस्ट मैच हुआ था।

## गुवाहाटी ओपन पीडब्ल्यूआर 200 संपन्न, 130 खिलाड़ियों ने 210 मुकाबलों में दिखाया दम



**गुवाहाटी 3 जून (ख.सं.)।** भारतीय पिकलबॉल संघ के तत्वावधान में असम पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुवाहाटी ओपन पीडब्ल्यूआर 200 का रविवार को सफल समापन हुआ। दो दिवसीय यह टूर्नामेंट नारंगी स्थित पाथर क्वैरी, वीआईपी रोड के पिकल पाल्स में खेला गया। प्रतियोगिता में देशभर से 130 खिलाड़ियों ने 22 स्पर्द्धाओं में हिस्सा लिया और कुल 210 मुकाबले खेले गये। नगालैंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और असम के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने जूनियर, ओपन और मास्टर्स श्रेणियों में दम दिखाया। टूर्नामेंट में लड़कों, लड़कियों, पुरुषों, महिलाओं और वरिष्ठ आयु वर्ग के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं रखी गईं। पुरुष ओपन सिंगल्स-डबल्स, 30+ और 40+ पुरुष सिंगल्स, डबल्स व मिश्रित डबल्स में कुल 80,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी गयी। असम पिकलबॉल एसोसिएशन ने आयोजन को सफल बताया और कहा कि ऐसे टूर्नामेंट प्रतिभाओं की पहचान और विकास में अहम हैं। इससे असम राष्ट्रीय स्तर की पिकलबॉल प्रतियोगिताओं के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले किया सरेंडर, इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैच की सीरीज गंवाई

# भारत की तैयारी की खुली पोल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने वूमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले इंग्लैंड के सामने सरेंडर कर दिया और 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी भारत को 6 विकेट से हार मिली। इस हार से साथ ही भारत ने इस टी20 सीरीज को 1-2 से गंवा दिया। इस टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत को जीत मिली थी, लेकिन फिर उसे इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे और तीसरे मैच में हराते हुए सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया।

### सीरीज हारना, पता चलता है, तैयारी कितनी थी

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून से इंग्लैंड में होगी और भारतीय महिला टीम इस आईसीसी टूर्नामेंट से ठीक पहले इंग्लैंड दौरे पर है। यहां पर भारत ने वर्ल्ड कप से शुरू होने से ठीक पर इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जिसे तैयारी की लिहाज से काफी अहम माना जा रहा था, लेकिन भारत ने इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ सरेंडर कर दिया और उसे हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को इस सीरीज में मिली हार के बाद अपनी कमियों को दूर करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरना होगा।

### भारत ने 1-2 से गंवाई टी20 सीरीज

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने 8 रन की पारी खेली जबकि शेफाली वर्मा भी नहीं चलीं और उन्होंने 11 रन बनाए। जेमिमा ने 19 गेंदों पर 29 रन की तेज पारी खेली जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 56 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की धरती पर किसी टी20 मैच में ये उनका इंग्लैंड के खिलाफ पहला अर्धशतक भी रहा। भारत के लिए इस सीरीज में सबसे बड़ी चिंता की बात ये रही कि टीम की ओपनिंग जोड़ी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। भारत को इस कमी को दूर करना होगा। टी20 वर्ल्ड कप में जीत के लिए मंधाना का बल्ला चलना जरूरी है जो पिछले कुछ वक्त से खामोश है।

### भारत को 6 विकेट से मिली हार

इंग्लैंड के खिलाफ इस टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की 56 रन की अर्धशतकीय पारी साथ ही यास्तिका भाटिया और दिप्ती शर्मा की 32-32 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए। इंग्लैंड को जीत के लिए 181 रन का लक्ष्य मिला और इस टीम ने एलिस कैप्सी की 82 रन की पारी साथ ही हीथर नाइट की नाबाद 70 रन की पारी के दम पर 18.3 ओवर में 4 विकेट पर 184 रन बनाकर मैच जीत लिया। एलिस कैप्सी इस मैच में मैन ऑफ द मैच रहीं जबकि उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

# केएम दीक्षा डोप टेस्ट में फेल

## महिलाओं की 1500 मीटर में हैं राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी



**नई दिल्ली।** महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और राष्ट्रीय खेलों की रजत पदक विजेता केएम दीक्षा डोप जांच में विफल हो गई हैं। 27 साल की दीक्षा ने इस साल अप्रैल में सिर्फ एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वह एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गई हैं। यह पदार्थ किस तरह का था और उनकी जांच की और जानकारी का पता नहीं चला है। एक भरोसेमंद सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, यह पुष्टि हो गई है कि वह डोप जांच में विफल हो गई हैं।' इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। दीक्षा ने हाल ही में रांची में हुए फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था, जो ग्लास्गो में 2026 राष्ट्रमंडल खेल (23 जुलाई से दो अगस्त) के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य टूर्नामेंट था।

### भारत अभी अयोग्य एथलीटों की सूची में शीर्ष पर

दीक्षा की टाइमिंग भी एएफआई द्वारा तय राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालिफाइंग मानक के तौर पर तय 4:05.09 सेकंड से काफी बाहर थी। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4:04.78 है, जो उन्होंने मई 2024 में बनाया था। भारत अभी अयोग्य एथलीटों की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) की सूची में शीर्ष पर है, जिसमें मई 2026 के आखिर तक 154 एथलीटों को निलंबित किया गया, जो कीनिया के 147 और रूस के 65 की तुलना में काफी ज्यादा है।

# हरमनप्रीत कौर पाकिस्तान के खिलाफ उतरते ही रचेंगी इतिहास



## रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी होगा ध्वस्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल खत्म हो चुका है और अब रोमांच शिफ्ट होने वाला है इंटरनेशनल क्रिकेट की ओर। पुरुष टीम जहां इसी साल टी20 चैंपियन बनकर आई है। वहीं नवंबर 2025 में इतिहास रचने वाली वनडे विश्व चैंपियन महिलाओं की नजरें अब टी20 के विश्व कप पर होंगी। 12 जून से इंग्लैंड की मेजबानी में महिला टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने वाला है। इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है और भारतीय टीम विश्व विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरेगी।



### टी20 वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत कौर का ऐसा रहा प्रदर्शन

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली चौथी क्रिकेटर हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट के इतिहास में 2009 से 2024 तक 39 मैच खेलते हुए 25.03 की औसत से 726 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक भी दर्ज है और 103 रन उनका टी20 विश्व कप में सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट भी झटके हैं। आगामी सीजन में उनके ऊपर अत्यधिक नजरें होने वाली हैं। क्योंकि हर भारतवाशी का सपना होगा कि महिला टीम वनडे के बाद अब टी20 विश्व कप की भी चैंपियन बने।

### 14 जून को पाकिस्तान के साथ है मुकाबला

टीम इंडिया का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। टीम इंडिया के अभियान की शुरुआत हाईवोल्टेज मुकाबले से होगी। इस मैच में उतरते ही हरमनप्रीत कौर इतिहास रच देंगी। वह 2009 से लगातार हर टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम का हिस्सा रही हैं और यह उनका 10वां टी20 वर्ल्ड कप होगा। इस मामले में हरमनप्रीत कौर भारत के विश्व विजेता टी20 कप्तान रोहित शर्मा से आगे निकल जाएंगी। महिलाओं में तो हरमनप्रीत कौर पहले से ही सबसे ज्यादा टी20 वर्ल्ड कप खेलने वाली खिलाड़ी हैं। वहीं इस टूर्नामेंट में उतरते ही वह पुरुष क्रिकेटर रोहित शर्मा, शाकिब उल हसन और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग को भी पीछे छोड़ देंगी। उनका यह 10वां टी20 वर्ल्ड कप होगा। जबकि टी20 से रिटायर हो चुके रोहित शर्मा ने अपने करियर में सबसे ज्यादा 9 टी20 वर्ल्ड कप खेले थे।

● यशस्वी-राहुल ओपनर, पंत-नितिश भी शामिल

# अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए AI ने चुनी भारत की प्लेइंग 11



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र मैच की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस मैदान पर पहली बार किसी टेस्ट मैच का आयोजन किया जा रहा है जिस पर सबकी नजर रहने वाली है। ये टेस्ट खास इस वजह से भी है कि टीम इंडिया के ज्यादातर खिलाड़ी अभी दो महीने तक आईपीएल खेलकर आए हैं।

### एआई ने गिल को कप्तान चुना

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल/देवदत्त पडीक्कल, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा/गुरनूर बराबर

### यशस्वी-राहुल होंगे ओपनर

अफगानिस्तान को हराने के लिए इस टेस्ट मैच में भारत की सबसे बेहतरीन प्लेइंग इलेवन क्या हो सकती है इसका चयन एआई (गूगल जेमिनी) ने किया। एआई ने इस टेस्ट के लिए ओपनर के रूप में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल का चयन किया। राहुल इस सीरीज के लिए टीम के उप-कप्तान भी हैं। वहीं तीसरे नंबर पर बैटिंग क्रम में साई सुदर्शन को रखा गया जबकि चौथे नंबर पर कप्तान शुभमन गिल हैं। ये सभी बैटर इस वक्त रन बनाकर आ रहे हैं और सबका बल्ला चल रहा है।

# पाकिस्तान दूसरा वनडे हारा

## बाबर का बल्ला रहा खामोश

## नाथन एलिस की घातक बॉलिंग, 4 विकेट लिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आयोजन किया जा रहा है जिसके दूसरे मुकाबले में शाहीन अफरीदी की टीम को 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस सीरीज के पहले मैच में कंगारू टीम को हार मिली थी, लेकिन दूसरे मैच में इस टीम ने वापसी करते हुए जीत हासिल की और सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में नाइन एलिस की घातक गेंदबाजी के साथ-साथ कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा।

### 190 रन पर ही पाकिस्तान ध्वस्त

पाकिस्तान को जीत के लिए 232 रन का टारगेट मिला था, लेकिन इस टीम ने 44 ओवर में 190 रन के स्कोर पर अपने सारे विकेट गंवा दिए और उसे 41 रन से हार मिली। पाकिस्तान के लिए शाबाद खान ने सबसे बड़ी 71 रन की पारी खेली जबकि गाजी गोरी ने 37 रन तो वहीं अराफान मिन्हास ने 33 रन की पारी खेली।

### ग्रीन-जोश ने लगाए अर्धशतक

इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीता था और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 231 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए जोश इंग्लिश ने 51 रन की जोरदार पारी खेली जबकि कैमरन ग्रीन ने भी टीम के लिए 53 रन का अहम योगदान दिया। इसके अलावा मैट रेनशॉ ने 43 रन की पारी खेली जबकि ओलिवर पीक के बल्ले से 31 रन निकले। पाकिस्तान के लिए कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 जबकि हारिस रऊफ, अराफात मिन्हास और अबरार अहमद ने 2-2 विकेट लिए।

## लेह में 11,480 फीट की ऊंचाई पर होगा रॉयल एनफील्ड का हिमालयन बेस कैंप 4 सितंबर से जुटेंगे एडवेंचरप्रेमी

**लेह, 3 जून (ख.सं.)।** रॉयल एनफील्ड ने पहले हिमालयन बेस कैंप - लद्दाख एडिशन की घोषणा की है। यह तीन दिवसीय इवेंट 4 सितंबर से 6 सितंबर 2026 तक लेह, लद्दाख में 11,480 फीट की ऊंचाई पर आयोजित होगा। कंपनी का मकसद सभी एडवेंचरप्रेमियों को एक मंच पर लाना है। यह पारंपरिक फेस्टिवल से अलग इवेंट होगा, जहां राइडर्स, खोजकर्ता, पर्वतारोही और ओवरलैंडर्स इकट्ठा होंगे। यहां मोटरसाइकल राइड से आगे बढ़कर साइक्लिंग, कयाकिंग, बोल्डरिंग और माउंटेनियरिंग जैसी गतिविधियां होंगी।हिमालयन बेस कैंप में साहसिक यात्राओं, कौशल-आधारित वर्कशॉप्स और एक्सपर्ट्स द्वारा सत्रों का आयोजन होगा। प्रतिभागी सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि एक्टिव को-क्रिएटर होंगे और खुद तय करेंगे कि इतनी ऊंचाई पर एडवेंचर कैसा हो। रॉयल एनफील्ड के चीफ ब्रांड ऑफिसर मोहित धर जयाल ने कहा कि यह प्रोग्राम एक्शन, इंस्ट्रक्शन और साहसिक अनुभवों से भरा है, जो एडवेंचरप्रेमियों को कम्फर्ट जोन से बाहर निकालकर नये कौशल देगा।

## फ्लिपकार्ट की जीआरडब्लूएम फैशन सेल शुरू, 90 प्रतिशत तक की छूट

**नयी दिल्ली, 3 जून (ख.सं.)।** फ्लिपकार्ट ने अपनी लेटेस्ट फैशन सेल जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम शुरू कर दी है। यह सेल 29 मई से 7 जून 2026 तक चलेगी और नयी जनरेशन के शॉपर्स को फैशन, कंटेंट और कल्चर का मिला-जुला अनुभव देगी। कंपनी के मुताबिक इस एंड-ऑफ-सीजन सेल में 10 लाख से ज्यादा ट्रेंडी स्टाइल्स के साथ पर्सनलाइज्ड शॉपिंग का मौका मिलेगा। अर्ली ट्रेंड्स में 550 मिलियन से ज्यादा विजिट्स का अनुमान है, जिसमें 50 फीसदी योगदान जेन-जी का रहेगा। यह कैंपेन गरम गरम और जेन-जी के चर्चित ट्रेंड जीआरडब्लूएम यानी गेट रेडी विद मी से प्रेरित है। फ्लिपकार्ट का मकसद इस सेल के जरिए फैशन के लिए अगले 200 मिलियन भारतीयों को ऑनलाइन लाना है। सेल में 50 से ज्यादा इंटरनेशनल और होमग्रोन ब्रांड्स के प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। लेविस, टाइटन, रेड टेप, नाइकी, प्यूमा, एसिक्स, सफारी, रेयर रैबिट और द बियर हाउस जैसे ब्रांड्स पर 90 फीसदी तक छूट मिलेगी। बैंक ऑफर और सुपरकॉइन से अतिरिक्त बचत भी होगी। शॉपर्स को रिवार्ड, स्क्रैच कार्ड और सुपरकॉइन के ऑफर भी दिये जा रहे हैं। फ्लिपकार्ट फैशन के वाइस प्रेसिडेंट कपिल थीरानी ने कहा कि आज फैशन डिस्कवरी क्रिएटर्स, कम्युनिटीज और डिजिटल कल्चर से प्रभावित हो रही है। जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम के साथ पारंपरिक सेल को ट्रेंड-फर्स्ट और सांस्कृतिक जुड़ाव वाला बनाया गया है। इस साल की सेल में 1000 से ज्यादा क्रिएटर मेटा और यूट्यूब पर दो हफ्ते तक फैशन कंटेंट पेश करेंगे। कैंपेन को हाई-एनर्जी टीवीसी से प्रमोट किया जा रहा है, जिसमें फायरफाइटर्स से लेकर लॉयर्स तक को ट्रेंडी लुक में दिखाया गया है।

## मंत्री जयंत चौधरी ने नवाचार मंत्र पहल किया लांच

**गुवाहाटी, 3 जून (ख.सं.)।** केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने आज नवाचार मंत्र लांच किया। यह एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर उद्यमिता को मजबूत करना और उभरते भारत में इनोवेटर्स के लिए अवसरों का विस्तार करना है। इस प्रोग्राम को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट (निसबड) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें आईआईटी दिल्ली का फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफ़आईटीटी) टेक्निकल नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्य कर रहा है। इस पहल को केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आईआईटी दिल्ली में नीति-निर्माताओं, स्टार्टअप इकोसिस्टम के लीडरों, शैक्षणिक संस्थानों, निवेशकों और युवा उद्यमियों की उपस्थिति में लांच किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए, भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि दुनिया को न केवल भारत में बने प्रोडक्ट्स का उपयोग करना चाहिए, बल्कि भारत में सोची गयी टेक्नोलॉजी का भी उपयोग करना चाहिए; यही नवाचार मंत्र की सच्ची भावना है। चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो, सेमीकंडक्टर हो, ग्रीन एनर्जी हो, बायोटेक्नोलॉजी हो, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर हो या एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग हो, ग्लोबल ट्रांसफार्मेशन की अगली लहर पर भारत की बौद्धिक छाप अवश्य होनी चाहिए। ऐसा केवल महत्वाकांक्षा के कारण ही नहीं, बल्कि इसलिए होना चाहिए क्योंकि भारत के पास कुछ अद्वितीय है। चुनौतियों का विशाल पैमाना, वास्तविकताओं की विविधता, ग्लोबल लेवल पर प्रॉब्लम सॉल्व करने में काबिल युवाओं का टैलेंट। उन्होंने आगे कहा कि इस अवसर पर मैं युवा इनोवेटर्स से यह भी आग्रह करूंगा कि वे ऐसे आइडिया और कैरियर चुनें जो उन्हें सचमुच उत्साहित और प्रेरित करते हों। ये जिंदगी के फैसले होते हैं, और आप जो भी काम चुनें, उससे आपको खुशी मिलनी चाहिए। ऐसा कोई भी काम न करें जिससे आपको संतुष्टि न मिले, क्योंकि समय के साथ यह आपको अंदर से बोझिल कर देगा।

## डब्ल्यूपीआई की अब पीपीआई से तय होगी देश की चाल

### 15 जून से बदलने जा रहा है महंगाई नापने का तरीका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने देश में थोक महंगाई के आकलन में एक बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव करने का एलान किया है। सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने की मंजूरी दे दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई सीरीज को 15 जून 2026 को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही वैश्विक मानकों को अपनाते हुए भारत पहली बार प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स भी जारी करने जा रहा है।

**क्या हमेशा के लिए बंद हो जाएगा डब्ल्यूपीआई :** भारत में कई बिजनेस कॉन्ट्रैक्ट्स और मूल्य वृद्धि के मामलों में थोक मूल्य सूचकांक का व्यापक इस्तेमाल होता है। इसलिए सरकार इसे अचानक बंद नहीं कर रही है। नई सीरीज जारी होने की तारीख यानी 15 जून से अगले 5 सालों तक दोनों को एक साथ जारी किया जाएगा। 5 साल बाद पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा, ताकि उद्योगों और उपयोगकर्ताओं को स्विच करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

**क्या होगा असर :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली सबसे बेहतरीन पद्धतियों के अनुकूल है। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि कच्चा माल महंगा होने पर उत्पादक उसका बोझ तैयार माल पर कैसे डालते हैं।

**पहली बार शामिल होंगी 7 जरूरी सर्विस :** पहले चरण में डेटा की उपलब्धता के आधार पर 7 प्रमुख सर्विस के लिए भी सर्विस प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स जारी किया जाएगा ।

### नई डब्ल्यूपीआई सीरीज में क्या-क्या बदला

नई डब्ल्यूपीआई सीरीज में शामिल वस्तुओं की संख्या को 697 से बढ़ाकर 957 कर दिया गया है। यानी अब थोक महंगाई में और अधिक उत्पादों की कीमतों को ट्रैक किया जाएगा। इलेक्ट्रिसिटी ग्रुप के तहत पहली बार आधुनिक और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, और परमाणु ऊर्जा को शामिल किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को प्राइमरी आर्टिकल्स से हटाकर फ्यूल एंड पावर सेगमेंट में शिफ्ट कर दिया गया है। चूंकि कोयला और पेट्रोलियम उत्पाद पहले से इसी ग्रुप में थे, इसलिए इस बदलाव से बेहतर तालमेल बनेगा।

**कब से मिलेंगे आंकड़े**

दोनों की गणना मासिक आधार पर की जा रही है। 15 जून को मई 2026 (प्रोविजनल) के आंकड़ों के साथ-साथ, पिछले 37 महीनों (अप्रैल 2023 से अप्रैल 2026) का पुराना बैक-डेटा भी जारी किया जाएगा।

## धड़ाधड़ एसआईपी बंद कर रहे निवेशक, नए लोगों के जुड़ने की रफ्तार भी सुस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में पिछले दो साल से मिल रहे खराब रिटर्न ने रिटेल निवेशकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के डेटा से पता चलता है कि लोग अब अपनी मंथली स्को बंद कर रहे हैं और नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार भी काफी धीमी हो गई है। असोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में बंद करने वालों की संख्या नए रजिस्ट्रेशन से ज्यादा रही।इस दौरान स्टॉपिज रेशियो 101 प्रतिशत रहा, जो मार्च में भी इतना ही था। इसका मतलब यह है कि अप्रैल महीने में जितने नए खाते खुले, उससे ज्यादा बंद कर दिए गए। हालांकि, एक राहत की बात यह है कि जरिए बाजार में आने वाला कुल पैसा अभी भी मजबूत बना हुआ है। घरेलू निवेशकों का यह सहारा तब बहुत काम आया है जब विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकालकर जा रहे हैं। अगर एसआइपी का पैसा आना बंद हो जाता, तो बाजार में और बड़ी गिरावट आ सकती थी।

## आरबीआई ने चुपचाप बेच दिया 1.14 लाख करोड़ का सोना, आ गई सरकार की सफाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को दावा किया गया था कि आरबीआई ने चुपचाप 12 अरब डॉलर यानी करीब 1.14 लाख करोड़ रुपये का सोना बेच दिया। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स की रिपोर्ट में अर्थशास्त्री अभिषेक गुप्ता के हवाले से यह दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने 22 मई को समाप्त हुए दो हफ्तों के भीतर यह सोना बेचा। इस मुद्दे पर अब सरकार की सफाई आ गई है। सरकार का कहना है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है और यह पूरी तरह फर्जी खबर है। सरकार ने एक बयान में कहा कि इस खबर में सच्चाई नहीं है। आरबीआई के मुताबिक देश के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर 2025 के अंत में 13.92 फीसदी थी जो 31 मार्च 2026 तक बढ़कर 16.70 फीसदी और 22 मई 2026 तक 16.85 फीसदी पहुंच गया। आरबीआई ने अपने मासिक बुलेटिन में भी गोल्ड के फिजिकल स्टॉक के बारे में जानकारी दी है। आरबीआई के मुताबिक उसका गोल्ड स्टॉक 880.52 टन बना हुआ है।

### आरबीआई के पास कितना सोना

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण भारत पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने अपने सोने के भंडार का एक हिस्सा बेचा है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च के अंत तक आरबीआई के पास 880.52 मीट्रिक टन सोना था, जिसमें से 77 प्रतिशत घरेलू तिजोरियों में रखा गया था। छह महीने पहले तक केवल 66 प्रतिशत सोना ही भारत में था। विदेशों में भारत का अधिकांश सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास है।

## रातोंरात 4 पायदान फिसले मुकेश अंबानी एशिया में भी छिनी नंबर 2 की कुर्सी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में चार दिन की गिरावट का सिलसिला थम गया लेकिन देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 49 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और वह एक झटके में दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चार स्थान फिसल गए। इतना ही नहीं एशिया में भी वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 20.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है।



ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ अब 86.9 अरब डॉलर रह गई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 25वें नंबर पर फिसल गए हैं। चीन के झांग यिमिंग, अमेरिका के जेफ यास, डेविड सन और जॉन टू उनसे आगे निकल गए। यिमिंग की नेटवर्थ में 24.1 अरब डॉलर की तेजी आई और वह 92.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। यास की नेटवर्थ में 7.56 अरब डॉलर, सन की नेटवर्थ में 2.75 अरब डॉलर और टू की नेटवर्थ में 2.75 अरब डॉलर की उछाल आई।

## सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजी का आईपीओ खुला, जीएमपी तो चढ़ ही रहा है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भारतीय पूंजी बाजार में आज एक अच्छा आईपीओ खुला है। इसे अच्छा आईपीओ इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम लगातार बढ़ता दिख रहा है। यह आईपीओ है नॉन-फेरस मेटल की रिसाइकिलिंग करने वाली कंपनी सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज का। इस कंपनी के आईपीओ में निवेशक शुक्रवार, 5 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जानते हैं इस आईपीओ के बारे में सबकुछ।

सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के आईपीओ का प्राइस बैंड 182 से 192 रुपये तय किया गया है। इस आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए 78 शेयर का लॉट तय किया गया है। मतलब कि आवेदकों को कम से कम 78 शेयरों के लिए आवेदन करना होगा। इससे ऊपर इतने ही शेयरों के गुणक में आवेदन होगा।

**630 करोड़ रुपये जुटाने की योजना :** सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के सीएमडी मोहन अग्रवाल ने रोड शो के दौरान बताया था कि इस आईपीओ के जरिए कंपनी 3,28,58,323 इक्विटी शेयर जारी कर 630.88 करोड़ रुपये जुटाएगी। यह इश्यू एंकर निवेशकों के लिए अगले मंगलवार को खुला था। आज से रिटेल एवं अन्य श्रेणी के निवेशक आवेदन कर सकेंगे।

**क्या करती है कंपनी :** दिल्ली एनसीआर में फरीदाबाद की यह कंपनी नॉन फेरस मेटल जैसे अल्यूमिनियम, कॉपर, जिंक, स्टेनलेस स्टील, मैग्नीनिशयम आदि की रिसाइकिलिंग करती है। मतलब कि नॉन-फेरस मेटल के कबाड़ को गला कर उसकी अशुद्धियां दूर करती है। इसके लिए कंपनी देश-दुनिया के विभिन्न देशों से धातुओं के कबाड़ मंगाती है। इसे वैज्ञानिक और इको फ्रेंडली तरीके से रिसाइकिल किया जाता है। इसके अधिकतर इंडस्ट्रियल ग्राहक हैं। इनके ग्राहकों की सूची में होंडा कार्स इंडिया, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, रॉयल इनफील्ड, मारुति सुजुकी, जिंदल स्टेनलेस आदि हैं।

**कंपनी की बैलेंस शीट क्या है :** 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के लिए ग्रीन ने 162.39 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 6,291 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 155.04 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। उस साल कंपनी का रेवेन्यू 6,696.66 करोड़ रुपये रहा था। वर्तमान मूल्यांकन पर, कंपनी की बाजार पूंजीकरण 4,205 करोड़ रुपये है। सीएमजी ग्रीन के बुक रनिंग लीड मैनेजर्स में शामिल हैं।

### जीएमपी क्या है

इस आईपीओ की ग्रे मार्केट में भारी मांग दिख रही है। जिस दिन इसका प्राइस बैंड घोषित हुआ था, उस दिन सुबह इसका प्रीमियम 24 रुपये प्रति शेयर था। मतलब कि प्राइस बैंड के अपर लिमिट के मुकाबले 12.50 फीसदी ज्यादा। उसी दिन शाम में यह प्रीमियम बढ़ कर 33 रुपये या 17.19 फीसदी हो गया था। आज जबकि यह आईपीओ खुल रहा है तो सुबह में इसका जीएमपी 63 रुपये या 32.81 फीसदी हो गया है।

### क्या कह रहे हैं ब्रोकर

एसबीआई सिक्योरिटीज ने इसे सब्सक्राइब की रेटिंग दी है। मतलब कि इसमें पैसे डालने को कह रही है। कांतिलाल छगनलाल सिक्योरिटीज ने इसे अप्लाय फोर लॉन्ग टर्म की रेटिंग दी है।

**कब लिस्ट होगी कंपनी**-कंपनी के शेयरों को लिमिटेड और हस्थ दोनों पर सूचीबद्ध कराने की योजना है। सब ठीक रहा है तो आगामी 10 जून को इसकी लिस्टिंग हो जाएगी।

## सेंसेक्स 303.67 अंक गिरकर 74,346.17 पर बंद, निफ्टी 23,405 पर

मुंबई। 3 जून को सेंसेक्स 303.67 अंक की गिरावट के साथ 74,346.17 पर आ गया। निफ्टी में भी 77.95 अंकों की गिरावट रही, ये 23,405.60 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में आईटी और रिसल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली है। अमेरिका और ईरान के बीच फिर तनाव बढ़ गया है, दोनों तरफ से हमले की खबरें आ रही हैं, जिससे बाजार में सेंटिमेंट खराब हो गया है। वैश्विक तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, ब्रेंट क्रूड की कीमतों में करीब 2 फीसदी की उछाल देखी जा रही है। इसके अलावा मौद्रिक समीक्षा नीति की बैठक भी बुधवार से शुरू हो गई है।

**15 साल की उम्र, करोड़ों की संपत्ति**

## नाबालिग वैभव सूर्यवंशी को भरना होगा टैक्स, नाबालिगों के लिए क्या हैं नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में उभरते हुए सितारे वैभव सूर्यवंशी इन दिनों खूब चर्चा में हैं। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में अपनी पहचान बना ली है। मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति करीब 7 करोड़ तक पहुंच चुकी है। कॉन्ट्रैक्ट, क्रिकेट टूर्नामेंटों से मिलने वाली रकम और ब्रांड एंडोर्समेंट्स ने इतनी कम उम्र में उन्हें करोड़पति बना दिया है। लेकिन, इस खबर के साथ एक दिलचस्प सवाल भी उठता है कि क्या इतनी कम उम्र में कमाई करने वाले बच्चों को भी इनकम टैक्स देना पड़ता है अगर हां, तो टैक्स की गणना कैसे होती है आइए इसको जरा विस्तार से समझते हैं।

भारत के आयकर कानून के अनुसार 18 साल से कम उम्र का व्यक्ति 'नाबालिग' माना जाता है। सामान्य तौर पर नाबालिग की आय को उसके माता-पिता की आय में जोड़ दिया जाता है, जिसे क्लबिंग ऑफ इनकम कहा जाता है, यानी अगर किसी बच्चे के नाम पर बैंक एफडी, निवेश या अन्य स्रोतों से आय होती है, तो वह आय उस माता-पिता की आय में जुड़ती है, जिसकी टैक्सेबल आय अधिक है। इसके बाद उस आय पर टैक्स भी उसी माता-पिता के नाम पर लगाया जाता है।

हालांकि, कानून में कुछ महत्वपूर्ण अपवाद भी हैं। अगर कोई नाबालिग अपनी प्रतिभा, कौशल, ज्ञान या मेहनत के दम पर कमाई करता है, तो उस आय को माता-पिता की आय में नहीं जोड़ा जाता। उदाहरण के लिए क्रिकेट, अभिनय, गायन, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएशन, शतरंज, डांस या अन्य प्रोफेशनल एक्टिविटीज से होने वाली कमाई सीधे बच्चे की अपनी आय मानी जाती है।

यही नियम वैभव सूर्यवंशी पर भी लागू होता है। उनकी अधिकांश कमाई क्रिकेट खेलने, टूर्नामेंट फीस, कॉन्ट्रैक्ट और ब्रांड एंडोर्समेंट से आती है। चूंकि यह आय उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर अर्जित हुई है, इसलिए इसे उनके माता-पिता की आय में क्लब नहीं किया जाएगा। इस स्थिति में वैभव स्वयं एक टैक्सपेयर माने जाएंगे और उनकी आय पर सामान्य आयकर नियमों के अनुसार टैक्स लगाया जा सकता है।




ऐसे मामलों में नाबालिग के नाम से अलग इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल की जाती है। चूंकि बच्चा कानूनी रूप से नाबालिग होता है, इसलिए उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावक उसकी ओर से फाइल करते हैं। अगर आय प्रोफेशनल गतिविधियों से आती है, तो आमतौर पर या कुछ परिस्थितियों में फॉर्म का उपयोग किया जा सकता है।

इसके अलावा आयकर अधिनियम की धारा 10(32) के तहत माता-पिता को प्रति बच्चे 1,500 तक की छूट भी मिलती है, अगर बच्चे की आय उनके साथ क्लब की गई हो। हालांकि, यह छूट केवल उन मामलों में लागू होती है, जहां बच्चे की आय स्वतंत्र प्रतिभा से नहीं बल्कि निवेश या अन्य स्रोतों से आती हो।

एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में कई बच्चे यूट्यूब, सोशल मीडिया, अभिनय, खेल और अन्य क्षेत्रों में लाखों-करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। ऐसे में उनके माता-पिता को आयकर नियमों की सही जानकारी होना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी तरह की टैक्स संबंधी परेशानी न हो। वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण यह दिखाता है कि उम्र चाहे कम हो, लेकिन अगर कमाई प्रतिभा और मेहनत के दम पर हो रही है, तो भारतीय कर कानून उसे एक स्वतंत्र आय के रूप में मान्यता देता है। यही कारण है कि 15 साल की उम्र में करोड़ों रुपये कमाने वाले वैभव को भी आयकर नियमों के तहत अलग टैक्स रिटर्न दाखिल करनी पड़ सकती है।

## भारत से आगे निकले ताइवान-साउथ कोरिया, उदय कोटक ने दी वेक-अप कॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआई शेयरों में आई तेजी की बदौलत पहले ताइवान और फिर साउथ कोरिया ने इक्विटी मार्केट के मामले में भारत को पछाड़ दिया है। भारत के पिछड़ने की सबसे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि वह एआई टेक्नोलॉजी में निवेश के मामले में दुनिया के दूसरे देशों से काफी पीछे है। पिछले कुछ समय में एआई कंपनियों के शेयरों में काफी तेजी आई है। इसकी बदौलत ताइवान और साउथ कोरिया जैसे देश भारत से आगे निकल गए हैं। इस बीच देश के सबसे रईस बैंकर उदय कोटक ने भारतीय कंपनियों से एआई में निवेश करने की अपील की है।

कोटक ने इंडिया इंक से भारत के भविष्य के लिए निवेश करने का आग्रह किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया की टॉप टेक कंपनियों में से एक गूगल कैश-रिच होने के बावजूद 80 बिलियन (करीब 7.6 लाख करोड़ रुपये) जुटा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिलिकॉन वैली की टेक कंपनी अपने एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक कंप्यूटिंग क्षमता को तेजी से बढ़ाने के लिए फंड जुटा रही है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट 4.342 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है।




### बिजनेस पर फोकस करने का समय

कोटक ने कहा कि गूगल का सालाना प्रॉफिट 160 अरब था और पिछली तिमाही में कंपनी ने 62 अरब का प्रॉफिट कमाया। उन्होंने कहा कि यह भारत की सभी लिस्टेड कंपनियों के कुल प्रॉफिट और मार्केट कैप के लगभग बराबर है। यह सभी कंपनियों के लिए भविष्य में निवेश करने का एक वेक-अप कॉल है। उन्होंने कहा, 'अब आईपीएल खत्म हो चुका है, तो भारत के लिए बिजनेस के बिजनेस पर फोकस करने का समय आ गया है।' कारोबारी हलकों में अक्सर आईपीएल को अक्सर क्रिकेट का बिजनेस कहा जाता है। कोटक की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब भारत को एआई टेक्नोलॉजी में निवेश के मामले में पीछे माना जा रहा है।

# *अल्फा* में जासूस नहीं बनेंगी आलिया भट्ट



आलिया भट्ट की फिल्म *अल्फा* के स्पाई एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। कहानी की जॉनर से फैंस ने अंदाजा लगाया कि फिल्म में आलिया जासूस बन सकती हैं। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। वह फिल्म में जासूस का किरदार नहीं निभा रही हैं। इसके बजाय आलिया भट्ट ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो अपने करियर में उन्होंने अब तक नहीं निभाया है।

आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म *अल्फा* को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बन रही है। इस प्रोडक्शन के साथ काम कर रहे एक करीबी सूत्र ने बताया कि आलिया भट्ट *अल्फा* फिल्म में एक किलर का किरदार निभा रही हैं। वह कोई जासूस नहीं हैं। वह एक अल्फा किलर हैं। उनके किरदार को फिल्म में हत्या करने के लिए पाला जाता है।

यशराज फिल्म्स से जुड़े सूत्र ने आगे कहा, फिल्म में आलिया का किरदार जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएगा। फिल्म में भी खूब एक्शन होगा। जब यशराज फिल्म्स से इस खबर के बारे में पूछा गया। तो उनके प्रवक्ता ने कहा, हम बस इतना ही कह सकते हैं कि सभी को *अल्फा* के पहले टीजर या झलक का इंतजार करना चाहिए। इस स्टेज पर हम इन चर्चाओं की ना तो पुष्टि कर सकते हैं और न ही इनसे इनकार कर सकते हैं।

*अल्फा* फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा शरवरी, बॉबी देओल भी नजर आएंगे। बॉबी देओल इस फिल्म में विलेन का रोल निभाने वाले हैं। साथ ही अनिल कपूर भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म को शिव रवैल निर्देशित करेंगे। *अल्फा* 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

**एक करीबी सूत्र ने बताया कि आलिया भट्ट *अल्फा* फिल्म में एक किलर का किरदार निभा रही हैं। वह कोई जासूस नहीं हैं। उनके किरदार को फिल्म में हत्या करने के लिए पाला जाता है।**

## अचार : फायदेमंद या नुकसानदायक

भारतीय खाने की थाली का स्वाद अचार के बिना अधूरा लगता है। कई लोग दाल-चावल, पराठा या रोटी के साथ अचार लेना पसंद करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह आदत हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक।

विशेषज्ञ बताते हैं कि सीमित मात्रा में अचार का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है, लेकिन अत्यधिक सेवन से ब्लड प्रेशर, एसिडिटी और पेट की समस्याएं बढ़ सकती हैं। *अचार खाने के फायदे*

-अचार में इस्तेमाल मसाले जैसे हल्दी, मेथी, राई और लाल मिर्च में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। ये शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं। कुछ मसाले बैक्टीरिया और हानिकारक माइक्रोऑर्गेनिज्म से भी लड़ने की क्षमता रखते हैं, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।

-नींबू का अचार या हरी मिर्च का अचार प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं। प्रोबायोटिक्स आंत में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ाते हैं, जिससे पाचन सुधरता है। इसके सेवन से कब्ज या गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

-घर का बना अचार सीमित मात्रा में खाने से विटामिन, मिनरल्स और आवश्यक मसालों का लाभ मिलता है। उदाहरण के लिए, नींबू का अचार विटामिन  का अच्छा स्रोत है, जबकि हल्दी और मेथी कई माइक्रोन्यूट्रिएंट्स प्रदान करते हैं।

*अचार खाने के नुकसान*

-अचार में नमक की मात्रा अधिक होती है। ज्यादा नमक लेने से शरीर में पानी की मात्रा बढ़ती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। यह हृदय और गुर्दे पर दबाव डाल सकता है।

-बाजार में मिलने वाले पैकेज्ड अचार में प्रिजर्वेटिव्स, रंग और फ्लेवर्स मिलाए जाते हैं। ये पेट के लिए हानिकारक हो सकते हैं और लंबे समय में लीवर और किडनी पर भी असर डाल सकते हैं।

-अत्यधिक अचार खाने से पेट में एसिडिटी, जलन या गैस की समस्या बढ़ सकती है। तेल और मसालों की अधिकता से कैलोरी बढ़ती है, जिससे वजन बढ़ सकता है। अत्यधिक सेवन से ब्लड प्रेशर, एसिडिटी, गैस और वजन बढ़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए मात्रा और गुणवत्ता पर ध्यान देना सबसे जरूरी है।

## देखो हंस न देना.....

*लड़का* : जी आप क्या करती हैं?
*लड़की* : जी मैं इग्नोर करती हूं और ज्यादा गुस्सा आने पर गाली भी देती हूं।
लड़की की बात सुनकर लड़के की बोलती बंद।

एक लड़का, लड़की से मिलने जाता है।
*लड़की* : अभी मुझे छूना मत, हमारा प्यार पवित्र है। शादी के बाद जितना मर्जी छू लेना।
*लड़का* : ठीक है अभी चलता हूं, शादी हो जाए तो फोन करके बता देना।

## 200 साल पुराना गीत जो तवायफ की नाकाम मोहब्बत का दर्द करता है बयां



गीत-संगीत सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं होते हैं, हर गीत एक कहानी बयां करती है। गीत के हर बोल के पीछे दिल का हाल छुपा होता है। 200 साल पहले एक ऐसा ही लोकगीत बना था, जिसमें विरह की टीस थी। इस गीत के पीछे एक इतिहास था जिसे अलग-अलग अंदाज में पेश किया गया।

कभी युद्ध में भेजे जाने वाले पतियों की बीवियों के दर्द के रूप में तो कभी तवायफों की नाकाम मोहब्बत के रूप में। हम उस गीत के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे 200 साल बाद फिर से नए अंदाज में जिंदा कर दिया गया है। यह गीत है *कचौड़ी गली सून कैला बलमू*, जिसे हाल ही में कोक स्टूडियो भारत ने जारी किया है और यह आते ही छा गया है। हालांकि, इस भोजपुरी लोकगीत का इतिहास 200 साल पुराना है।

*कचौड़ी गली* गीत बनारस क्षेत्र की लोक दादरा शैली की कजरी गीत है। इस गीत का कनेक्शन 1824-1826 के दौर में जबरन एंग्लो-बर्मी युद्ध में भैजे गए मजदूरों, सैनिकों और आम पुरुषों से जोड़ा जाता है। ज्यादातर पूर्वांचल से लोगों को युद्ध में भेजा गया जिनमें से कई लोग कभी वापस नहीं आए। पतियों की आस में बैठीं पत्नियों के दर्द से इस लोकगीत का निर्माण हुआ।

कहा जाता है कि इस लोकगीत का कनेक्शन बनारस की तवायफों से भी जुड़ा है। इस गीत में संगीत की संरक्षक माने जाने वालीं तवायफ की नाकाम मोहब्बत का दर्द भी छुपा था। इतना ही नहीं, तवायफ ने इस गीत को प्रतिरोध में भी गाया।

इतिहासकारों के मुताबिक, तवायफों ने देश की आजादी के लिए आवाज उठाई। अपने काम के पैसे आंदोलन में लगाया। क्रांतिकारियों को पनाह भी दी गई और जब वो प्रेमी अंग्रेजों के द्वारा पकड़ कर ले जाए थे तो यह गीत प्रतिरोध की आवाज बन गई।

समय के साथ गीत को घर-घर में पहुंचाया गया और इसका सबसे बड़ा योगदान रसूलन बाई, बड़ी मोतीबाई और सिद्धेश्वरी देवी को जाता है। उन्होंने ग्रामोफोन और रेडियो के जरिए इस गीत को घर-घर में पहचान दिलाई। इस गीत को बाद में भोजपुरी गायिकाओं मालिनी अवस्थी और मैथली ठाकुर ने भी गाया।



## नरगिस ने राज कपूर संग रिश्ते को बताया था डरावना सपना

भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की एक्ट्रेसेस का नाम लिया जाए तो नरगिस का जिक्र होना लाजमी है। नरगिस का नाम लेते ही सबसे पहले *मदर इंडिया* वाली *राधा* का किरदार याद आता है। हालांकि कम ही लोग जानते हैं कि नरगिस कभी एक्ट्रेस बनना नहीं चाहती थीं। उनका सपना किसी और क्षेत्र में करियर बनाने का था।

हालांकि, मां के सपने को पूरा करने के लिए उन्हें एक्टिंग की दुनिया में कदम रखना साल 1935 में जब नरगिस सिर्फ 6 साल की थीं, तब उनकी मां ने उन्हें बाल कलाकार के रूप में फिल्म *तलाश-ए-हक* में उतार दिया। इस तरह उनके फिल्मी सफर की शुरुआत हो गई, लेकिन उनका दिल अभिनय में नहीं लगता था।

एक दिन जदनबाई ने उन्हें महबूब खान के पास स्क्रीन टेस्ट देने भेज दिया। नरगिस बिल्कुल बेमन से टेस्ट देने गई थीं। उनका इरादा था कि महबूब खान उन्हें रिजेक्ट कर देंगे और वह डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकेंगी लेकिन हुआ उल्टा।

महबूब खान उनकी एक्टिंग से इतने इम्प्रेस हुए कि उन्होंने अपनी फिल्म *तकदीर* के लिए नरगिस को लीड एक्ट्रेस के रूप में चुन लिया। इसके बाद साल 1945 में *हुमायूं* आई लेकिन असली सफलता नरगिस को 1949 में मिली। राज कपूर की फिल्म *बरसात* और दिलीप कुमार के साथ *अंदाज* ने नरगिस को स्टार बना दिया। *बरसात* में राज कपूर के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आई।

नरगिस का करियर तेजी से ऊंचाइयों पर पहुंच रहा था। वहीं, राज कपूर के साथ नरगिस की जोड़ी सबसे यादगार जोड़ियों में से एक थी। *आवारा, श्री 420, चोरी चोरी* और *जागते रहो* जैसी फिल्मों में दोनों ने साथ काम किया। इन फिल्मों के गाने आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं।

## समस्याओं से जूझ रही हर दूसरी भारतीय मां

भारतीय महिलाओं की सेहत हमेशा से सवालिया घेरे में रही है। कई रिपोर्ट्स लगातार अलर्ट करते रहे हैं कि महिलाओं में एनीमिया एक बड़ा खतरा है। करीब 57% भारतीय महिलाएं और लड़कियां इसका शिकार हैं। इसी क्रम में अब भारतीय मांओं में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर अलर्ट किया जा रहा है।

देश के एक जाने-माने हेयर-केयर ब्रांड ट्राया द्वारा किए गए अध्ययन में चेताया गया है कि देश में हर दो में से एक महिला स्ट्रेस और नींद की कमी का शिकार है। ये दोनों ही स्थितियां दीर्घकालिक तौर पर कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

लगातार तनाव और खराब नींद का असर सिर्फ मां की सेहत पर नहीं बल्कि पूरे परिवार, बच्चों की देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि जब शरीर को पर्याप्त आराम नहीं मिलता और पोषण की कमी बनी रहती है, तब हार्मोनल असंतुलन, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डिप्रेशन और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

इस अध्ययन में 76,727 भारतीय मांओं को शामिल किया गया। इनमें वे महिलाएं भी थीं जो अभी प्रेग्नेंट हैं, जिनके बच्चे एक साल से कम उम्र के हैं या जो अभी स्तनपान कराती हैं। निष्कर्ष में विशेषज्ञों ने कई चौंकाने वाली जानकारियां साझा की हैं। हर दो में से एक भारतीय मां ने बताया कि उनकी नींद ठीक से पूरी नहीं हो पाती और बहुत ज्यादा स्ट्रेस का शिकार रहती हैं।

53% से ज्यादा भारतीय माताओं ने बताया कि उनकी नींद ठीक से पूरी नहीं होती। कई माताओं ने कहा कि वे रात में कई बार जाग जाती हैं, पांच घंटे से भी कम सो पाती हैं या उन्हें सोने में ही काफी दिक्कत होती है।

## मोहनलाल ने लॉकडाउन में 2 बीघा जमीन पर शुरू की जैविक खेती

भारतीय सिनेमा के महानतम और सबसे बड़े स्टार्स में से एक होने के साथ-साथ, मोहनलाल मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सफल सुपरस्टारों में भी शुमार हैं। हालांकि, उनकी महानता सिनेमा तक ही सीमित नहीं हैं, और उन्होंने थिएटर, संगीत, बिजनेस और यहां तक कि जादू जैसे कई क्षेत्रों में भी हाथ आजमाया है। इस दशक की शुरुआत में कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान, मोहनलाल ने जैविक खेती में भी हाथ आजमाया और एर्नाकुलम जिले के एलामाक्कारा में अपने घर से सटी आधी एकड़ जमीन पर एक छोटा सा हरा-भरा बगीचा बनाया।

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने इस प्रयास पर अधिक ध्यान देना तब शुरू किया जब पूरी इंडस्ट्री ठप्प हो गई और 2020 और 2021 में लॉकडाउन सहित कोविड प्रतिबंधों के कारण फिल्मों और शोज की शूटिंग और निर्माण रुक गया था।

उस समय सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में, एक्टर मोहनलाल ने अपने खेत में घूमते हुए और अपने माली के साथ छोटी-मोटी गतिविधियों में शामिल होते हुए अपनी खेती के बारे में बात की।

हालांकि, यह प्रयास मोहनलाल ने कोविड महामारी के बाद अचानक शुरू नहीं किया था। दरअसल, वह 2010 के दशक से ही इसमें लगे हुए थे। मोहनलाल ने बताया, पिछले चार-पांच साल से हम इस छोटे से खेत में अपनी जरूरत की सब्जियां उगा रहे हैं। हम यहां करेला, बीन्स, भिंडी, टमाटर, हरी मिर्च, सफेद लौकी, कद्दू, मक्का और टैपिओका जैसी सब्ज़ियां उगाते हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रोजमर्रा के इस्तेमाल की सब्जियां अपनी जगह में उगाना कोई भी कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर जमीन न हो तो ग्रो बैग में भी सब्ज़ियां उगाई जा सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब भी वे घर पर होते हैं, तो इन्हीं घर में उगाई गई सब्ज़ियों का इस्तेमाल करते हैं।

## टीवी में नहीं होता अच्छा बर्ताव : उर्फी

टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था।



उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है।

इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।

टेलीविजन से होने वाली कमाई पर गुजारा करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया, मैं हमेशा से ही लाइमलाइट में रहना चाहती थी। लेकिन मुझे लगता था कि घर भी तो चलाना है, इसलिए महीने के जो 40,000 रुपये मिल रहे हैं, वही बहुत हैं। मगर मैं इससे संतुष्ट नहीं थी।

इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया के साथ नए प्रयोग किए। *बिग बॉस* में उनकी एंट्री उनके करियर का एक अहम मोड़ साबित हुई। कूड़े-कचरे से बनी उनकी एक ड्रेस ने ऑनलाइन सबका ध्यान खींचा और उन्हें रातों-रात चर्चा में ला दिया। उर्फी ने माना कि उन्होंने कभी भी अपनी सोशल मीडिया इमेज या वायरल होने की शोहरत के लिए कोई खास प्लानिंग नहीं की थी। उनके मुताबिक, सब कुछ अपने आप होता गया।

उन्होंने यह भी बताया कि जब वह टीवी इंडस्ट्री में थीं, तब वह महीने के करीब 40,000 रुपये कमाती थीं, लेकिन सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने के बाद ब्रांड कोलैबोरेशन के जरिए उनकी इनकम बढ़कर करीब 2 लाख रुपये प्रति महीना हो गई। उर्फी ने 2016 में *बड़े भैया की दुल्हनिया* से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी।

### मैं घास हूं

मैं घास हूं, तुम कहोगे, घास हो तो हो घास
इसमें बतलाने का क्या है खास ?
खास न होकर भी मैं हूं खास....
मुझ पर दौड़े-भागे,
खेले, मचले सभी लोग फिर मुझे देखकर
क्यों कतराते लोग कसूरवार हूं मैं क्या
केवल इसलिए कि हर प्रहार सहकर भी
जस कि तस खड़ी हो जाती
पैरों तले रौंधी जाती कुचली जाती
फिर भी सिर उठाकर
खड़ी हो जाती ?
स्वावलंबन का मैं प्रयास हूं
मैं घास हूं।

गांव सिमटे, शहर हैं वृहत्तर
लोग बदले, सोच बदली
पर मैं कभी न बदली
सड़क-पटरी, गली-किनारे
नदी,पोखर, दीवार सहारे
कम, अधिक दिख ही जाती
मुझे उखाड़ा, कतरा,
ढंका ईंटों से भले ही आगे न बढ़ पाई
सीमेंट के दबाव से
पर अस्तित्व में आज भी हूं
क्योंकि मैं घास हूं!
तुम पेड़ लगाते
फूल सजाते, जल बचाते पर मुझे नजरअंदाज
करते क्या सिर्फ इसलिए कि
मैं नहीं हूं खास!
मेरा स्पर्श करो मान करो जगह दो
छूकर मुझे तरोताजा बनो
प्रकृति के संग जुड़ो
ठहरो, सोचो निराधार नहीं बातें मेरी
क्योंकि, खास न होकर भी मैं खास हूं
मैं घास हूं!

***नंदा शर्मा (दुलियाजान)***



# नमस्कार अपर असम

## प्रातः खबर

गुरुवार, 4 जून, 2026


**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| जोरहाट | 30° | 19° |
| डिब्रुगढ़ | 29° | 17° |
| तिनसुकिया | 30° | 18° |
| शिवसागर | 30° | 19° |

## जेएमसीएच में आग लगने से मची अफरा तफरी

खबर संवाददाता

**जोरहाट 3 जून।** जोरहाट चिकित्सा महाविद्यालय (जेएमसीएच) के पुराने टीबी वार्ड के पास स्थित एक कमरे में कल रात आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देखकर इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। इस घटना में कमरा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका था।


Ph. : 2548109, 2730431
L. GOPAL JEWELLERS
9-11-14, Kuber A.C. Market
Guwahati - 781001
शुद्ध चांदी के बर्तनों एवं शुद्ध चांदी की सिल्ली व चांदी के सिक्कों का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान
22/22 KDM Gold Jewellery, Hallmark Gold Jewellery Branded Diamond Jewellery, Platinum & Silver Utensils & Articles

0361-2601385
9678211156
D. M. Jeweller's
(As You Like We are)
7/8 (L) Akram's Business Fancy Bazar, Guwahati-1
शुद्ध सील चांदी के बर्तन एवं असली सिक्कों का प्रतिष्ठित स्थान
We also deal in 22/22 KDM hallmark Jewelleries


# तिनसुकिया में नवनिर्मित रोड ओवरब्रिज का विधायक पूलक गोहाई एवं जिला आयुक्त ने किया निरीक्षण

खबर संवाददाता



**तिनसुकिया, 3 जून।** तिनसुकिया शहर के श्रीपुरिया क्षेत्र को एटी रोड 37 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाले नवनिर्मित रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का बुधवार को तिनसुकिया के नवनिर्वाचित विधायक पूलक गोहाई तथा जिला आयुक्त सुमित सत्तावन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।इस निरीक्षण के दौरान तिनसुकिया नगरपालिका के अध्यक्ष पूलक चेतिया,उपाध्यक्षा इंद्रा रॉय,कई पार्षद, समाजसेवी मनोज बोरा तथा संबंधित विभाग के अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों और अभियंताओं ने ओवरब्रिज के निर्माण कार्य,सुरक्षा प्रबंधों,सड़क संकेतकों,प्रकाश व्यवस्था तथा अंतिम चरण के शेष कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।वही विधायक पूलक गोहाई और जिला आयुक्त सुमित सत्तावन ने ओवरब्रिज के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता एवं यातायात सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्यों को भी शीघ्र समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है,ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ मिल सके।निरीक्षण के दौरान विधायक पूलक गोहाई ने कहा कि यह ओवरब्रिज चालू होने के बाद शहरवासियों काफी राहत मिलेगी तथा श्रीपुरिया,एटी रोड और आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगा।वही उन्होंने कहा की बहुत जल्द ही मुख्यमंत्री के करकमलो द्वारा इस रोड ओवरब्रिज का शुभ उद्धाटन कर जनता की सेवा हेतु समर्पित किया जाएगा। वही जिला आयुक्त सुमित सत्तवान ने संबंधित विभागों को शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने तथा सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके अलावे तिनसुकिया नगरपालिका अध्यक्ष पूलक चेतिया ने कहा कि यह परियोजना तिनसुकिया के शहरी विकास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। गौरतलब है कि 60 करोड़ की अधिक की लागत से निर्माण हो रहा यह रोड ओवरब्रिज तिनसुकिया शहर की वर्षों पुरानी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।इसके चालू होने से शहर में यातायात का दबाव कम होगा तथा लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

# जोरहाट में सरे शाम घर में घुसकर लूट की वारदात

खबर संवाददाता

**जोरहाट, 3 जून।** जोरहाट के ज्योतिपुर कोलाखोवा में घर पर अकेली बुजुर्ग महिला को हथियार की नोंक पर धमका कर डकैती का सनसनीखेज मामला सामना आया है। रूबी पात्र नामक महिला के घर में हुई इस वारदात में लुटेरे गहने और नकद पैंतीस हजार सहित कई मूल्यवान सामान अपने साथ ले गए। राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक इस इलाके में सरे शाम हुई इस वारदात ने नागरिक सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया है। शाम लगभग छह से सात बजे के बीच दो लुटेरों ने घर में जबरन घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया। भुक्तभोगी महिला रूबी शाम की सैर करने के बाद अपने बरामदे में कुर्सी पर बैठी थी। तभी हेलमेट पहने दो नकाबपोश आ धमके। रूबी को धमकी देते हुए लुटेरों ने चुपचाप अपनी जगह बैठे रहने की हिदायत दी। रूबी के हाथ में मौजूद मोबाइल छीनकर दूर फेंक दिया। इसके बाद पिस्तौल की नोंक पर एक लुटेरा रूबी पर निगरानी करता रहा और दूसरे ने घर में प्रवेश कर कीमती सामान बटोर लिए। लुटेरे अपने साथ धारदार दाव भी लाये थे, ताकि विरोध होने पर उसका उपयोग किया जा सके। लुटेरों की मंशा भांपकर रूबी ने चुप रहना ही मुनासिब समझा। मेडिकल में नौकरी करने वाला उसका पुत्र कल शाम की शिफ्ट पर था और घर पर असहाय रूबी अकेली थी। वारदात के बाद लुटेरे दबे पांव घर से निकले और छू मंतर हो गए। संभवतः उन्होंने काफी दूर अपनी बाइक रखी होगी, जिस पर बैठकर वे दूर निकल गए। लुटेरों के जाने के बाद रूबी ने शोर मचाया। काफी देर बाद कुछ पड़ोसियों तक अनहोनी की आहट पहुंची तो वे रूबी के घर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। देर रात पुलिस ने इस संबंधी एक मामला दर्ज कर लुटेरों की खोजबीन शुरू कर दी। इलाके के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। उच्च रक्तचाप और मधुमेह की मरीज रूबी वारदात के बाद सदमे में है। तबीयत बिगड़ती देख उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरी परामर्श के बाद अब वह घर पर हालात से उबरने का प्रयास कर रही है। बड़े महानगरों की तर्ज पर जोरहाट में हुई इस घटना ने पुलिस के साथ ही रिहायशी इलाकों में अकेले रहने वाले लोगों की नींद उड़ा दी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर शिवधाम में होगा पौधारोपण कार्यक्रम

खबर संवाददाता

**तिनसुकिया, 3 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में श्री मारवाड़ी दुर्गापूजा कमेटी(स्थापित 1951) अपने प्लेटिनम जुबली वर्ष 'शक्ति विरासत75 वर्षों की अमृत यात्रा'के अंतर्गत तथा मारवाड़ी सम्मेलन,तिनसुकिया के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। यह कार्यक्रम 05 जून शुक्रवार को प्रातः7:30 बजे से तिनसुकिया के माकुम रोड स्थित शिवधाम मंदिर परिसर में संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।विशेष रूप से यह पौधारोपण कार्यक्रम समाज के उन दिवंगत बुजुर्गजनों की पावन एवं मधुर स्मृतियों को समर्पित होगा, जिनका स्वास्थ्य सेवा,उच्च शिक्षा,धार्मिक क्षेत्र राजनीति तथा सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट योगदान रहा है।उनके द्वारा समाज को प्रदान किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनके नाम पर पौधारोपण किया जाएगा,जिससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके आदर्शों एवं सेवाभाव से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के संयोजक सुशील जैन एवं विकाश केजरीवाल ने सभी समाजबंधुओं,पर्यावरण प्रेमियों एवं नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

# दुमदुमा सुन्दरकाण्ड समितियों का वार्षिक उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुआ संपन्न

संवाददाता

**दुमदुमा, 3 जून।** दुमदुमा सुन्दरकाण्ड समिति एवं महिला सुन्दरकाण्ड समिति संयुक्त वार्षिक उत्सव मंगलवार को दुमदुमा के मारवाड़ी पंचायती भवन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस वार्षिक महोत्सव पर मारवाड़ी पंचायती भवन को भव्य रूप से सुसज्जित कर विद्युत रोशनी से जगमगा गया और हनुमान जी का मनमोहक दरबार सजाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। यजमान दंपति छोटे लाल गोस्वामी - रीता गोस्वामी द्वारा आचार्य पंडित चिरंजी लाल सुरोलिया के नेतृत्व में विधिवत पूजा संपन्न कराई गई। इसके बाद ज्योत ली गई। तत्पश्चात सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ समाजसेवी किशन लाल पारिक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामूहिक सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। इसके बाद तिनसुकिया सुन्दरकाण्ड परिवार द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सुन्दरकाण्ड पाठ के दौरान भजनों की ऐसी अमृत धारा बहाई गई कि भक्तगण देर रात तक भक्ती रस में डूबे रहे। पाठ के दौरान जीवंत झांकियो में विभिन्न देव देवी प्रस्तुती को लोगो ने सरहना की।भजन संध्या में प्रस्तुत भक्तिमय गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद महाआरती की गई । बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया । कार्यक्रम के समापन पर आयोजित अमृत भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

# तिनसुकिया प्रगति शाखा का दूसरा अमृतधारा परियोजना संपन्न




खबर संवाददाता

**तिनसुकिया, 3 जून।** मायुमं तिनसुकिया प्रगति शाखा द्वारा विगत 1 जून को इस सत्र का दूसराअमृतधारा परियोजना सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।यह इस सत्र की दूसरी अमृतधारा है तथा तिनसुकिया प्रगति शाखा द्वारा अब तक की 31वीं अमृतधारा परियोजना है।इस अमृतधारा परियोजना का उद्देश्य समाज को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर सेवा के माध्यम से जनकल्याण करना है। इस परियोजना के अंतर्गत चैंबर रोड स्थित हनुमान मंदिर में वाटर डिस्पेंसर स्थापित किया गया। इस पुण्य कार्य के दाता श्रीमती सरोज पारीक,श्रीमती आशा अग्रवाल,श्रीमती स्वाति केशान रहे।जिनका इस सहयोग एवं सेवा भावना के लिए शाखा परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती सरोज पारीक,श्रीमती आशा अग्रवाल और श्रीमती स्वाति केशान के सम्मान के साथ हुई। कार्यक्रम में सलाहकार श्रीमती अनीता गोयनका और श्रीमती रश्मी त्रिवेदी,वरिष्ठ सदस्या श्रीमती पूनम गोयनका,श्रीमती बबीता डालमिया, श्रीमती संतोष गोयल एवं सदस्यों में श्रीमती स्वीटी अग्रवाल भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा की संयोजिका श्रीमती सीमा अग्रवाल एवं श्रीमती नेहा तोदी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में सचिव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । यह जानकारी पीआरओ मीनाक्षी शर्मा द्वारा दी गई।

# शिवसागर में दुकान के अंदर छात्र का शव मिलने से सनसनी, जांच की मांग

खबर संवाददाता

**शिवसागर, 3 जून।** शिवसागर जिले के बेतबारी क्षेत्र में एक छात्र का शव दुकान के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बेतबारी चेतिया कैवर्त गांव निवासी धर्मेंद्र हजारिका एवं नमिता हजारिका के पुत्र माधव ज्योति हजारिका के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह परिवार के सदस्यों ने माधव ज्योति को घर में नहीं पाया। खोजबीन के दौरान उसका शव एक दुकान के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही शिवसागर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर मामले को आत्महत्या से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि घटनास्थल पर खून के कुछ निशान मिलने के कारण स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका भी जताई है। मृतक के मित्रों एवं स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। वहीं, प्रेम संबंधों को लेकर भी कुछ अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि माधव ज्योति हजारिका बेतबारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 का छात्र था। उसकी असामयिक मृत्यु से विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# मोरान-नाहरकटिया मार्ग पर तिलैजान तिनआलि में भीषण सड़क हादसा

संवाददाता

**मोरानहाट, 3 जून।** डिब्रूगढ़ जिले के मोरान-नाहरकटिया मार्ग पर स्थित तिलैजान तिनआली में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और चिंता का माहौल बन गया । स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, एएस-04-एसी-6697 नंबर की एक डीआई वाहन तेज रफ्तार में आ रही थी। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और एएस-06-एएन-9580 नंबर की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार सड़क पर दूर जा गिरा, जबकि डीआई वाहन सड़क किनारे जा घुसा। दुर्घटना में घायल मोटरसाइकिल चालक की पहचान मोरान मिरीहुला निवासी प्राजल सुरीन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को मौके से बचाकर 108 एम्बुलेंस की सहायता से तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना के बाद डीआई वाहन का चालक और हैंडिमैन मौके से फरार हो गए। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी रोष और चर्चा का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक और हैंडिमैन की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच भी जारी है।

# मोरान नगर पालिका के पदेन सदस्य के रूप में विधायक सुरुज दिहिंगिया ने ली शपथ

संवाददाता

**मोरानहाट, 3 जून।** माहमारा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक सुरुज दिहिंगिया ने क्षेत्र की जनता के विश्वास और अपेक्षाओं को सर्वोपरि रखते हुए एक नई जिम्मेदारी का निर्वहन शुरू किया। मोरान पब्लिक भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उन्होंने 94 नंबर माहमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक के रूप में मोरान नगर पालिका के पदेन सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में चराइदेव जिले की जिलाधिकारी डा. नेहा यादव, विभिन्न सरकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी,



मोरान नगर पालिका के पदाधिकारी, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विधायक सुरुज दिहिंगिया का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण के बाद विधायक दिहिंगिया ने मोरान नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक में क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक सुरुज दिहिंगिया ने कहा कि वे मोरान नगर पालिका के माध्यम से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने नगरवासियों से निरंतर सहयोग और आशीर्वाद की अपेक्षा जताई तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। उप-पौरपति उदयशंकर गोगोई के संचालन में आयोजित समारोह में पौरपति अरूप दत्ता, माहमारा के समजिला आयुक्त दीनसेंगफा बरुवा, माहमारा राजस्व चक्राधिकारी बरखा दुवरा, सभी पार्षदों तथा अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय रहा, जहां उपस्थित लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए विधायक से अपनी उम्मीदें व्यक्त कीं।

# मार्घेरिटा कोयला क्षेत्र में सतत खदान-बंदी एवं खनन-उपरांत विकास के लिए एनईसी की हितधारक परामर्श बैठक आयोजित

संवाददाता



**मार्घेरिटा, 3 जून।** सहभागितापूर्ण एवं सतत खदान बंदी योजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कोल इंडिया लिमिटेड के नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एनईसी) ने आज माइन क्लोजर गाइडलाइंस, 2025 के तहत हितधारक परामर्श बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों का उद्देश्य मार्घेरिटा कोलफील्ड क्षेत्र स्थित लीडो ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (लीडो ओसीपी) के खनन-पश्चात पुनः उपयोग एवं सतत विकास के लिए स्थानीय समुदायों से सुझाव प्राप्त करना था।परामर्श बैठकें टिकक कोलियरी के ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित की गईं, जिसमें बरागोलाई और सामुकजान ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया। वहीं दूसरी बैठक लीडो स्थित इंडिया क्लब (पटकाई स्टेडियम) में आयोजित हुई, जिसमें लीडो कोलियरी एवं लीडो ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया। इन बैठकों ने स्थानीय समुदायों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों को पर्यावरणीय पुनर्स्थापन, आधारभूत संरचना विकास, आजीविका सृजन तथा खनन-पश्चात भूमि के सतत उपयोग संबंधी अपने विचार एवं सुझाव साझा करने का अवसर प्रदान किया। बैठक को संबोधित करते हुए मार्घेरिटा के सह-जिला आयुक्त (सीडीसी) एवं माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष श्री राहुल डोले, एसीएस ने कहा कि माइन क्लोजर प्लान एक वैधानिक एवं विशेष विकास ढांचा है, जो कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व () गतिविधियों से पूर्णतः अलग है तथा इसका उद्देश्य खनन कार्य समाप्त होने के बाद खनन प्रभावित क्षेत्रों में सतत परिवर्तन सुनिश्चित करना है।उन्होंने वर्ष 2009 में प्रारंभ की गई खदान बंदी रूपरेखा तथा माइन क्लोजर गाइडलाइंस, 2025 के अंतर्गत किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सलाहकार समिति पर्यावरणीय पुनर्जीवन एवं वनीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, आधारभूत संरचना विकास, कौशल विकास तथा आजीविका सृजन जैसे प्रमुख विषयों पर कार्य करेगी।सीडीसी ने जोर देकर कहा कि खदान बंदी की योजना स्थानीय आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं के व्यापक मूल्यांकन पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों से वार्ड स्तर पर विचार-विमर्श कर ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया, जिनमें कौशल विकास कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा सतत आजीविका योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान की जाए।उन्होंने पोल्ट्री पालन, सामुदायिक आधारित उद्यम, नवीकरणीय ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा परियोजनाओं जैसे वैकल्पिक आजीविका अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे स्थानीय लोगों के लिए दीर्घकालिक रोजगार एवं आय के अवसर सृजित किए जा सकें।उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा भविष्य की सभी विकासात्मक पहलों का मुख्य केंद्र होना चाहिए। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और खनन क्षेत्रों को नई तकनीकों एवं उभरते आर्थिक अवसरों के अनुरूप स्वयं को ढालना होगा। उन्होंने आगे कहा कि माइन क्लोजर फंड विशेष रूप से संबंधित खनन क्षेत्रों के लिए निर्धारित है और इसका उपयोग पारदर्शी, जवाबदेह एवं समुदाय-आधारित तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा दी जा सके और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। परामर्श सत्रों के दौरान समुदाय के सदस्यों ने शिक्षा, पेयजल, स्थानीय आधारभूत संरचना तथा आजीविका के अवसरों से संबंधित विभिन्न मुद्दे उठाए। प्राप्त सुझावों पर संबंधित खनन क्षेत्रों के लिए माइन क्लोजर प्लान तैयार करते समय विचार किया जाएगा।कार्यक्रम में नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स के महाप्रबंधक (ई एंड एम) श्री एम. पी. दत्ता, संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, सामुदायिक नेता, विभागीय अधिकारी तथा अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

# ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

खबर संवाददाता

**शिवसागर, 3 जून।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, असम प्रांत अंतर्गत शिवसागर मारवाड़ी महिला समिति द्वारा बाल विकास प्रकल्प के तहत नंबर वन फुलेश्वरी एल.पी. स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाल विकास प्रमुख रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एल.के.जी. वर्ग में अनुराग नायक प्रथम, अभिनव हजारिका द्वितीय एवं अनुपम बिस्वास तृतीय रहे। वहीं कक्षा-1 में नंदिनी सैकिया प्रथम, सृष्टि कुमारी द्वितीय तथा तन्मय सोनोवाल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंकी खेमानी, पूनम अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, मौसम खंडेलिया, सरोज चोखानी एवं संगीता झुरिया सहित अन्य सहयोगकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष सारिका देवड़ा, सचिव प्रीति केजरीवाल, रेणु अग्रवाल, पूनम अग्रवाल,कविता अग्रवाल, अरुणा खेमानी एवं शोभा जैन उपस्थित रहीं। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी पायल अग्रवाल द्वारा दी गई है ।

# चैम्बर आफ कॉमर्स, जोनाई के संस्थापक अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाला का निधन

संवाददाता

**जोनाई, 3 जून।** जोनाई बाजार के प्रसिद्ध व्यवसायी व चैम्बर आफ कॉमर्स जोनाई के संस्थापक अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल का कल लगभग शाम 7 बजे डिब्रुगढ में निधन हो गया , वे 77 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही जोनाई में शोक की लहर दौड़ गई। उनके सम्मान में आज जोनाई बाजार पुरी तरह बंद है। उनके निधन पर जोनाई के प्राय सभी संगठन के नेताओं ,लखीमपुर के सांसद प्रदान बरूवा , जोनाई के विधायक भुवन पेगु, धेमाजी के विधायक डॉ रनोज पेगू ने शोक



व्यक्त किया है। साथ ही पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की जोनाई ईकाई के अध्यक्ष बिमल बेंगानी, सचिव अशोक पारीक , सीलापथार के व्यवसायी प्रदीप राठी, नंदकिशोर बिहानी, ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। चैम्बर आफ कॉमर्स, जोनाई के गठन में अग्रवाल जी के योगदान को सदैव याद किया जायेगा। उन्होने बिखरे हुए व्यापारी समुदाय को एक कर चैम्बर की स्थापना की व कई सालों तक इसका नेतृत्व किया। वे अपने पिछे पत्नी, एक पुत्र और दो बेटियों सहित पुरा भरा पूरा परिवार छोड़कर गये हैं।



प्रातः खबर
गुरुवार, 4 जून 2026

# गोलाघाट के जामुगुड़ी नोगोरा गांव में सनसनीखेज वारदात

## परिवार के चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**खबर संवाददाता**

**गोलाघाट, 3 जून।** गोलाघाट जिले के जामुगुड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नोगोरा गांव में बीती रात हुई एक सनसनीखेज घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नामघर में आयोजित होने वाली भाओना को लेकर हुए विवाद के चलते एक व्यक्ति ने एक ही परिवार के चार सदस्यों पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋतुपर्ण हजारिका उर्फ धन का बितुल दत्त और बिजन कृष्ण दत्त के साथ नामघर में भाओना से जुड़े एक विषय को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते उसने परिवार पर हमला कर दिया। हमले में बितुल दत्त, बिजन कृष्ण दत्त, इलामणि सैकिया तथा कमलाक्षी सैकिया गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि जब इलामणि सैकिया और कमलाक्षी सैकिया अन्य घायलों को बचाने के लिए आगे आए, तब आरोपी ने उन पर भी धारदार हथियार से वार कर दिया। घटना के बाद चारों घायलों को तत्काल शहीद कुशल कोंवर सिविल अस्पताल, गोलाघाट में भर्ती कराया गया। बाद में उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही जामुगुड़ी और गोलाघाट पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ऋतुपर्ण हजारिका को गिरफ्तार कर लिया। घटना को लेकर नोगोरा क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने निर्दोष लोगों पर किए गए इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की है। इस बीच मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब आरोपी के पिता ने सार्वजनिक रूप से अपने पुत्र के कृत्य का विरोध किया। परिजनों के अनुसार, एक युवती के साथ कथित प्रेम संबंध के बाद से ऋतुपर्ण का व्यवहार आक्रामक और असामान्य हो गया था। आरोप है कि वह अपनी मां और पत्नी के साथ भी दुर्व्यवहार करता था। आरोपी की मां ने भी इस संबंध में खुलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# गोलाघाट एनएचआरसीसीबी ने मनाय अंतरराष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस

**खबर संवाददाता**

**गोलाघाट, 3 जून।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) की असम प्रदेश इकाई के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा बाल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। यह जागरूकता कार्यक्रम गोलाघाट स्थित श्री सत्य साईं विद्या विहार विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा पांचवीं एवं छठी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल संरक्षण अधिनियम, बच्चों के अधिकारों तथा गुड टच-बैड टच जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रदान की गई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं गोलाघाट जिला बाल कल्याण समिति की पूर्व अध्यक्षा डॉ. लुकुमोनी गोस्वामी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की असहज या संदिग्ध परिस्थिति में बच्चों को चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय अभिभावकों से खुलकर बात करनी चाहिए। उन्होंने बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभाशीष राजखोवा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में तिनसुकिया स्वास्थ्य विभाग की पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. ज्योति भूइयां बोरा, एनएचआरसीसीबी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव संतोष कुमार कानू, प्रदेश उपाध्यक्ष गुड्डू प्रसाद वर्मा, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता, मंडलीय उपाध्यक्ष अंबरिश सरमा, जिला अध्यक्ष गायत्री बरुआ, जिला महासचिव ज्योतिका दुवरा, जिला मीडिया प्रभारी प्रियम ज्योति दास तथा सक्रिय सदस्य भारती बरुआ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की ओर से विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय स्थानीय टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।



# भक्ति और संगीत की मधुर स्वर लहरियों से गूंज उठा नाट्य मंदिर, भजन जैमिंग का आयोजन

**खबर संवाददाता**

**शिवसागर, 3 जून।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, असम प्रांत अंतर्गत शिवसागर मारवाड़ी महिला समिति द्वारा आयोजित भजन जैमिंग कार्यक्रम सोमवार सायं नाट्य मंदिर, बोर्डिंग रोड में अत्यंत उत्साह एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भजन प्रेमियों एवं शहरवासियों ने भाग लेकर भक्ति एवं संगीत से सराबोर संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण युवा एवं प्रतिभाशाली कलाकार अश्विन एवं प्रकृति रहे, जिन्होंने अपने मधुर स्वर और मनमोहक भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे सभागार में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। श्रोताओं ने भजनों के साथ सहभागिता कर कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती सारिका देवड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भजन और संगीत मन को शांति प्रदान करने के साथ-साथ समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम की संयोजिकाएं रेखा बुखरेडिया एवं अंशु शर्मा थी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट मंच सज्जा, आकर्षक ध्वनि व्यवस्था एवं अनुशासित आयोजन की सभी ने सराहना की। भक्ति, संगीत और सामुदायिक सौहार्द से परिपूर्ण यह संध्या शिवसागरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई। कार्यक्रम के अंत में समिति की सचिव प्रीति केजरीवाल ने सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगकर्ताओं, प्रायोजकों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी समिति की जनसंपर्क अधिकारी पायल अग्रवाल द्वारा दी गई है।

# श्री मारवाड़ी पंचायत जन दातव्य समिति ने मेधावियों को किया सम्मानित

**खबर संवाददाता**

**शिवसागर, 3 जून।** श्री मारवाड़ी पंचायत जन दातव्य समिति द्वारा हाल ही में उतीर्ण हुवे छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। नगर के मिलन मंदिर प्रांगण में एक सभा का आयोजन कर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। यास्मी काबरा राठी और सुमित कोठीवाल के संयुक्त संयोजक में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच पर पंचायत अध्यक्ष पवन केजरीवाल, सचिव संजय चित्तवत, भूत पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल और पांच आत्माराम अग्रवाल को मंचासीन कराया गया। इस दौरान 10वीं के विद्यार्थी हर्षिता केड़िया, दिया अग्रवाल, लक्ष्य जिंदल, कपिश खंडेलिया, अरमान गोयल, ध्वज खंडेलवाल, हर्षिव सराफ, प्रज्ञान जाग्या, सान्वी अग्रवाल, मौलिक सिकतिया और 12वीं के चेतन गोयल, अच्युतम भोपाल, पीयूष बाहेती, तुषार अग्रवाल, अकुंश अग्रवाल, धैर्य अग्रवाल, अनुष्का चांडक, रिद्धि सोनी, मयूर पोद्दार, जयंतिका जोगानी को एक मेमेंटो ओर एक उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीपक खेमका, गोपाल कृष्ण चांडक, सीए सुशील अग्रवाल, विजय कुमार छावछरिया, सुनील छावछरिया, संजय केडी अग्रवाल, संजय पारीक, विजय कसेरा, उमेश बलदुवा, नंदकिशोर झंवर, राजेश गट्टाणी, करण खेमका, मनीष गट्टाणी, पवन अग्रवाल, हरिप्रसाद अग्रवाला सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। ये जानकारी समिति के जन संपर्क अधिकारी उमेश बलदुवा ने दी।

# शिवसागर में अवैध ईंधन गोदाम पर पुलिस का छापा, हजारों लीटर डीजल-मोबिल बरामद

**खबर संवाददाता**

**शिवसागर, 3 जून।** शिवसागर पुलिस ने शहर के नाजिरा आलि स्थित ओएनजीसी परिसर के समीप संचालित एक अवैध ईंधन गोदाम पर छापेमारी कर भारी मात्रा में डीजल, मोबिल तथा अन्य पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किए हैं। बांस और टिन से निर्मित दो अस्थायी गोदामों में लगभग 50 ड्रमों में ईंधन संग्रहित किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुस्ताक खान नामक एक वाहन चालक को उसके मालिक इशफाकुल अहमद ने उक्त गोदाम से चार ड्रम लेकर शहर के नेमचंद मानिक चंद पेट्रोल पंप से डीजल लाने के लिए भेजा था। चालक ने चार ड्रमों में लगभग 720 लीटर डीजल भरकर गोदाम में पहुंचाया था। इसी बीच पेट्रोल पंप प्रबंधन ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि दो वाहन लगभग 1800 लीटर डीजल लेकर भुगतान किए बिना चले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और मुस्ताक खान के वाहन को अपने कब्जे में लेने के बाद इस अवैध गोदाम का पता लगाया। जांच में सामने आया है कि इस अवैध कारोबार के पीछे सुभाष दास नामक व्यक्ति की भूमिका होने का संदेह है। बताया जाता है कि वह लंबे समय से पेट्रोलियम उत्पादों एवं कच्चे तेल के अवैध कारोबार से जुड़ा रहा है और पूर्व में भी ऐसे मामलों में आरोपित रह चुका है। पुलिस का अनुमान है कि गोदाम में हजारों लीटर डीजल और मोबिल का भंडारण किया गया था। हालांकि यह ईंधन चोरी का मामला है या फिर भविष्य में ऊंचे दामों पर बिक्री के उद्देश्य से किया गया अवैध भंडारण, इसकी जांच जारी है। विस्फोटक अधिनियम के तहत अवैध रूप से संग्रहित ईंधन को जब्त कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने सुभाष दास के आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया है। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# भाकपा की मोरिगांव जिला समिति का विरोध प्रदर्शन आज

**जागीरोड, 3 जून (खसं)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मोरिगांव जिला समिति के आह्वान पर 4 जून को जागी रोड इकाई समिति ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। सबेरे दस बजे से जागी रोड कला मंदिर में होने वाले विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मोरिगांव जिला समिति के साथ-साथ जागी रोड इकाई समिति के सभी सदस्य विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार से उन्हें विशेष मांगे हैं कि जागी रोड में प्रस्तावित सेटेलाइट टाउनशिप परियोजना को पूर्ण रूप से रद्द करना, जमीन अधिग्रहण के नाम पर किसानों और स्थानीय लोगों को बेदखल करने की योजना बंद करना तथा उनके जमीन की रक्षा करना आदि।

# यूसीसी से सभी नागरिकों को मिलेगा समान अधिकार : बिमल बोरा

**खबर संवददाता**

**शिवसागर, 3 जून।** शिवसागर जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में असम सरकार के पूर्व मंत्री एवं टिंगखांग विधायक बिमल बोरा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को समाज सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष वितुपन रायडोंगिया भी उपस्थित थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बिमल बोरा ने कहा कि विकास के साथ-साथ सामाजिक सुधार भी भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने असम सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में यूसीसी लागू करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे राज्य के लिए युगांतकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के प्रथम सत्र में यूसीसी को प्रस्तुत कर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बोरा ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों के कारण अधिकारों में असमानता बनी हुई थी। यूसीसी लागू होने के बाद सभी नागरिकों को समान कानूनी अधिकार प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि विवाह जैसी पवित्र सामाजिक संस्था को मजबूत बनाने के लिए भी समान नागरिक संहिता आवश्यक है। विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के कारण विवाह संबंधों में अस्थिरता पैदा होती रही है। यूसीसी लागू होने से महिलाओं के अधिकारों को अधिक सुरक्षा मिलेगी तथा समाज में स्थिरता और समानता का वातावरण बनेगा। बिमल बोरा ने प्रेस वार्ता के दौरान यूसीसी के विभिन्न प्रावधानों, उनके अनुपालन की प्रक्रिया तथा उल्लंघन की स्थिति में निर्धारित दंड संबंधी प्रावधानों की भी जानकारी दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समान नागरिक संहिता असम में एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु के तहत तराजान को कचरामुक्त करने का अभियान शुरू

**खबर संवाददाता**

**जोरहाट 3 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 5 जून तक जोरहाट जिले के तिताबर विकास खंड द्वारा 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' शीर्षक से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लंबे समय से कूड़े का ढेर बन चुके तराजान को पुनः स्वच्छ बनाने के लिए व्यापक सफाई अभियान शुरू किया गया है। कभी प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर तराजान आज अतिक्रमण, अव्यवस्था और अंधाधुंध कचरा फेंकने के कारण लगभग मृत अवस्था में पहुंच गया है। कुछ गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा मछली के कार्टून, प्लास्टिक सामग्री, घरेलू और बाजार का विभिन्न कचरा फेंके जाने से क्षेत्र का पर्यावरण भयावह रूप से प्रदूषित हो गया है। इस स्थिति को बदलने के लिए तिताबर की खंड विकास अधिकारी शिखामणि गोगोई के नेतृत्व में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कचरा उठाने के लिए कर्मचारियों को गाड़ियां भरकर कड़ी मेहनत करनी पड़ी। क्षेत्र में जमा कचरे की मात्रा देखकर स्थानीय लोग भी हैरान रह गए। अभियान के दौरान तराजान के विभिन्न स्थानों से भारी मात्रा में कचरा एकत्र कर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। साथ ही स्थानीय निवासियों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया गया। खंड विकास अधिकारी शिखामणि गोगोई ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल एक दिवसीय कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता पैदा करना है। उन्होंने तराजान को पूरी तरह कचरामुक्त और स्वस्थ पर्यावरण वाला क्षेत्र बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उल्लेखनीय है कि इस पहल में असम जातीयतावादी युवा-छात्र परिषद की दक्षिण आंचलिक समिति और स्थानीय लोगों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया है।



# पेनचक सिलाट में लखीमपुर का शानदार प्रदर्शन, 18 पदक जीतकर लखीमपुर के टीम ने किया जिले का नाम रौशन

**खबर संवाददाता**

**तिनसुकिया, 3 जून।** असम के लखीमपुर जिले के खिलाड़ियों ने पेनचक सिलाट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। शोणितपुर जिले के ढेकियाजुली इंडोर स्टेडियम में आयोजित 9वीं ऑल असम पेनचक सिलाट चैंपियनशिप में लखीमपुर टीम ने कुल 18 पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। 29 से 31 मई तक आयोजित 9वीं ऑल असम सिंगा, मेचान, सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर पेनचक सिलाट चैंपियनशिप 2026-27 में कड़े मुकाबलों के बीच लखीमपुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल से जिले को गौरवान्वित किया। जिला सचिव एवं टीम हेड रबिजीत राजकुमार के नेतृत्व में टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक रुही दत्ता, परिस्मिता बड़ो और मनोरंजन सैकिया के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने कुल 8 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक जीतने वालों में डेविड राजेन, लुपजॉय भूमिज, स्वर्णभ श्रेयम हजारिका, विश्वजीत रामचियारी, ओम बासफोर, नीलोत्पल निलय फुकन, रिया बड़ो और वार्षिता सैकिया शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में पियांश चौधरी, गौरव दास, लक्ष्मी रूपा बोरा, गायत्री देउरी और ध्रुवज्योति सैकिया शामिल हैं। जबकि कांस्य पदक आकाश कश्यप, मुत्कान बैलुंग, अंकुज राजुवार, इफ्तिहान इस्लाम, जिंटू दले और किरणज्योति बरुआ ने हासिल किया।सभी खिलाड़ी लखीमपुर मार्शल आर्ट अकादमी के नियमित प्रशिक्षार्थी हैं और सुवंशिरी सेवाश्रम परिसर में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर अकादमी के अध्यक्ष पूर्णानंद बोरा और पर्यवेक्षक राजू सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।लखीमपुर के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिले के खेल इतिहास में एक नई मिसाल बन गई है। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।,आपको बता दे कि पेंचक सिलाट दक्षिण-पूर्व एशिया (मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया और ब्रुनेई) की एक पारंपरिक और प्राचीन मार्शल आर्ट है, जिसे आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में खेला जाता है। यह एक पूर्ण-शारीरिक (-) युद्ध शैली है जिसमें प्रहार करने (), पकड़ने () और फेंकने () जैसी तकनीकें शामिल होती हैं।




# शहीद कैप्टन गौतम शर्मा की प्रतिमूर्ति का किया गया अनावरण

**विश्वनाथ, 3 जून (खसं)।** देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सेना अधिकारी कैप्टन गौतम शर्मा की स्मृति में स्थापित प्रतिमूर्ति का आज विश्वनाथ के बाघमारा में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। प्रतिमूर्ति का अनावरण सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने किया। प्रतिमूर्ति को प्रख्यात मूर्तिकार मंजीत हाजरिका (मूर्तिकार मंजित) ने खूबसूरती और पूर्णता से तराशा है।1982 में जन्मे कैप्टन गौतम शर्मा का बचपन से ही देश की सेवा करने का सपना था। उन्होंने 2004 में भारतीय सेना की 8वीं जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री में शामिल होकर स्वयं को देश की सुरक्षा और सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और शस्त्र संचालन में उत्कृष्ट दक्षता के लिए फोर्स कमांडर का प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। 3 जून 2007 को जम्मू और कश्मीर के आबाद गुटुर क्षेत्र में एक सैन्य अभियान चलाते समय बहादुर सेना अधिकारी रस्सी की मदद से एक पहाड़ी चट्टान को पार करने की कोशिश करते समय एक गहरी खाई में गिर गये।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार सरूपथार बजालबाड़ी का युवक

**खबर संवाददाता**

**सरूपथार 3 जून।** ऑनलाइन ठगी की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इसी बीच सरूपथार उप-जिला के उरियामघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दो नंबर राजापुखुरी के बजालबाड़ी निवासी एक युवक के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजालबाड़ी निवासी स्वर्गीय उमर अली के पुत्र मोहम्मद अरब अली के आईसीआईसीआई बैंक, सरूपथार शाखा में स्थित बैंक खाते से ऑनलाइन ठगों ने लगभग 5 लाख 15 हजार रुपये निकाल लिए। सूत्रों के अनुसार, अज्ञात साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन माध्यम से युवक के बैंक खाते तक पहुंच बनाकर बड़ी रकम की निकासी कर ली। घटना को लगभग दो सप्ताह बीतने को आया, लेकिन पीड़ित परिवार अब भी न्याय और अपनी राशि की वापसी की उम्मीद में संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में चिंता और सनसनी का माहौल है। इसके साथ ही यह मामला एक बार फिर ऑनलाइन लेनदेन के दौरान अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच कर दोषी साइबर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं आम बैंक ग्राहकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी अनजान फोन कॉल, लिंक, ओटीपी, बैंक विवरण या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

# जोरहाट में मना लोकनाथ ब्रह्मचारी बाबा का तिरोभाव दिवस

**खबर संवाददाता**

**जोरहाट 3 जून।** श्री श्री लोकनाथ ब्रह्मचारी बाबा के तिरोभाव दिवस के अवसर पर भारत के विभिन्न प्रांतों के साथ-साथ जोरहाट के दिगंबरचुक स्थित आश्रम में आज दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम में ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, बाल्य भोग, विशेष रूप से अक्षम व्यक्तियों के बीच फल वितरण, महाभोग, भोग आरती, भोग वितरण, भक्ति गीत एवं बाबा के नाम संकीर्तन जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए। इस आयोजन में जोरहाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी ने भी भाग लिया। आश्रम की तरफ से सपन पाल चौधरी ने इस आशय की जानकारी दी है।

# डीएचएसके कॉलेज परिसर में खुलेगा डाकघर, भारत सरकार के डाक विभाग के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

**कार्यालय संवाददाता**

**डिब्रूगढ़, 3 जून।** उच्च शिक्षा संस्थानों में सार्वजनिक सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डिब्रूगढ़ के प्रतिष्ठित डीएचएसके कॉलेज (स्वायत्त) ने भारत सरकार के डाक विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत कॉलेज परिसर में एक समर्पित डाकघर की स्थापना की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा आसपास के क्षेत्र के निवासियों को डाक एवं वित्तीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। यह एमओयू आज औपचारिक रूप से डीएचएसके कॉलेज (स्वायत्त) के प्राचार्य डॉ. शशिकांत सैकिया तथा डाक अधीक्षक हीरेन कुमार गोगोई द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इसे शिक्षा और जनसेवा के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में वर्णित किया। प्रस्तावित डाकघर डीएचएसके कॉलेज (स्वायत्त) पोस्ट ऑफिस के नाम से संचालित होगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों और आम नागरिकों को डाक सेवाओं के अतिरिक्त विभिन्न वित्तीय एवं नागरिक सेवाओं का लाभ मिलेगा। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि यह पहल न केवल परिसर में सार्वजनिक सेवा अवसंरचना का विस्तार करेगी, बल्कि एक अधिक समावेशी एवं सेवा-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होगी। कॉलेज अधिकारियों के अनुसार, यह सुविधा छात्रों और कर्मचारियों को डाक एवं वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करेगी तथा शैक्षणिक संस्थानों और आवश्यक सरकारी सेवाओं के बीच मौजूद दूरी को कम करेगी। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ नागरिक सेवाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध हो सकेगा। डाक विभाग की यह पहल उसके व्यापक आधुनिकीकरण अभियान का भी हिस्सा है। हाल के वर्षों में इंडिया पोस्ट पारंपरिक डाकघरों को आधुनिक डिजिटल सेवा केंद्रों में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इन केंद्रों में डिजिटल बैंकिंग, बचत योजनाएं, बीमा सेवाएं, आधार से जुड़ी सुविधाएं, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स तथा अन्य नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मानना है कि शैक्षणिक परिसरों में स्थापित होने वाले ऐसे आधुनिक डाकघर युवाओं के बीच वित्तीय साक्षरता, बचत की संस्कृति तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डाक विभाग की नई रणनीति के तहत देशभर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट कैंपस पोस्ट ऑफिस स्थापित करने की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत में यह पहल एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर सकती है। डीएचएसके कॉलेज परिसर में प्रस्तावित डाकघर छात्रों को उनके शैक्षणिक वातावरण के भीतर ही महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा और साथ ही भारत पोस्ट की उस ऐतिहासिक भूमिका को और मजबूत करेगा, जिसके माध्यम से दशकों से देश के विभिन्न समुदायों को जोड़ा जाता रहा है। शिक्षा जगत और स्थानीय नागरिकों ने इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे एक दूरदर्शी कदम बताया है। उनका कहना है कि शिक्षा और सार्वजनिक सेवा वितरण के इस समन्वय से भविष्य में अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के बीच भी इसी प्रकार की साझेदारियों का मार्ग प्रशस्त होगा। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के हित में है, बल्कि क्षेत्र में सुगम, सुलभ और आधुनिक सार्वजनिक सेवाओं के विस्तार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

